आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 3 | उज्जैन, शुक्रवार 16 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 13 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश


### एअर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकराया, इंजन को नुकसान

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एअर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस ए350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई। हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस ए350 की फ्लाइट एआई101 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। कहा कि दाहिने इंजन को नुकसान पहुंचा।

### ऑपरेशन सिंदूर में शहीद जवान की मां मेडल लेते बेहोश हुई

**जयपुर।** जयपुर की सड़कों पर ब्रह्मोस मिसाइल, भीष्म, अर्जुन टैंक, पिनाका लॉन्चर, रोबोटिक डॉग्स का प्रदर्शन किया गया। आसमान में अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे ने दुश्मनों के होश उड़ाने वाले करतब दिखाए। नाल (बीकानेर) एयरबेस से उड़ान भरकर आए जगुआर फाइटर जेट की खूबियों से भी आमलोग रू-ब-रू हुए। आर्मी एरिया से बाहर पहली बार आर्मी-डे परेड जयपुर में हुई। जगतपुरा के महल रोड पर हजारों लोग इस कार्यक्रम के साक्षी बने। उधर, ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 1 पैरा स्पेशल फोर्स के जवान लान्स नायक प्रदीप कुमार की मां सेना मेडल लेते हुए मंच पर बेहोश हो गईं। इन्हें सैन्य अधिकारियों ने संभाला। उन्हें तुरंत मंच से उतारकर एंबुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया।

### अल्लू अर्जुन-लोकेश की नई फिल्म अनाउंस




**मकर संक्रांति के मौके पर मेकर्स ने एए23 की घोषणा की, एक्टर की 23वीं फिल्म होगी**

**मुंबई।** कई महीनों की अटकलों के बाद आखिरकार पैन इंडिया सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर लोकेश कनगराज की नई फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई है। मकर संक्रांति के मौके पर प्रोड्यूसर मैत्री मूवी मेकर्स ने फिल्म की घोषणा की है, जिसे अभी एए23 नाम दिया गया है। यानी कि ये अल्लू अर्जुन की 23 वीं फिल्म होगी। मेकर्स ने अनाउंसमेंट के लिए एक स्पेशल वीडियो बनाया है, जिसमें सॉन्ग '23' बज रहा है। इस गाने को हाइजेनबर्ग ने लिखा है और हेक्टर सलामांका ने गाया है। वीडियो का टैगलाइन ह्यस्ट्राइव फॉर ग्रेटनेसह्न रखा गया है। जो कहीं ना कहीं फिल्म के थीम को दिखा रही है। इस फिल्म का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर देंगे और शूटिंग इसी साल शुरू होने वाली है। एक्स पर फिल्म की अनाउंसमेंट करते हुए मैत्री मूवी मेकर्स ने लिखा- भारतीय सिनेमा का एक ऐसा कोलेबरेशन, जो अमर रहेगा। आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर लोकेश कनगराज महानता के लिए कोशिश करते हैं। शूटिंग 2026 में शुरू होगी। अल्लू अर्जुन ने फिल्म के अनाउंसमेंट वीडियो को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा कि वो वेअवरीक और लोकेश गारु के साथ इस नई यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित हैं। साथ ही, वो इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### तेलंगाना में आवारा कुत्तों की सामूहिक हत्या से गांवों में दहशत का माहौल

**हैदराबाद/तेलंगाना।** तेलंगाना के कई जिलों में आवारा कुत्तों की सामूहिक हत्या ने ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच खलबली मचा दी है। कमारेड्डी और हनमकोंडा जिलों में दर्जनों, बल्कि सैकड़ों कुत्तों की मौत की खबरें सामने आई हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, केवल कमारेड्डी जिले में इस सप्ताह 100 से अधिक कुत्तों की हत्या की गई, जबकि हनमकोंडा जिले में यह संख्या 120 से ऊपर बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने नए साल के मौके पर अपने गांवों में कुत्तों की समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा था। भवानिपेट गांव के 37 वर्षीय एक दुकानदार ने बताया, हमारे गांव का नया साल का संकल्प यही था कि कुत्तों के उत्पीड़न से छुटकारा पाया जाए। इस समाधान के तहत, गांववासियों ने स्थानीय फिक्सर और पेशेवर पशु नियंत्रकों की मदद से आवारा कुत्तों को मारने की योजना बनाई।

### पाकिस्तान बोला-भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का दावा है कि भारत के साथ पिछले साल मई में हुए संघर्ष के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की डिमांड बढ़ गई है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने कहा कि कई देश पाकिस्तानी फाइटर जेट्स खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन फाइटर जेट्स की डिमांड बढ़ी है। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई देश पाकिस्तानी जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट्स खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इनमें बांग्लादेश, सूडान, लीबिया, सऊदी अरब, इराक और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं।

---

**आर्मी-डे पर शौर्य संध्या में पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जय हो से गूंज उठा स्टेडियम, जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में पैराट्रूपर्स से उतरे जवान**

## आसमान में अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे ने दुश्मनों के होश उड़ाने वाले करतब दिखाए

एजेंसी ▸▸ जयपुर

जयपुर के स्टर स्टेडियम में आर्मी-डे पर गुरुवार शाम शौर्य संध्या कार्यक्रम में पैराट्रूपर्स से सेना के जवान उतरे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में पूरा स्टेडियम जय हो के नारे से गूंज उठा। नेपाली सेना के बैंड को सम्मानित किया गया।

इससे पहले सुबह जयपुर की सड़कों पर ब्रह्मोस मिसाइल, भीष्म, अर्जुन टैंक, पिनाका लॉन्चर, रोबोटिक डॉग्स का प्रदर्शन किया गया। आसमान में अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे ने दुश्मनों के होश उड़ाने वाले करतब दिखाए। नाल (बीकानेर) एयरबेस से उड़ान भरकर आए जगुआर फाइटर जेट की खूबियों से भी आमलोग रू-ब-रू हुए। आर्मी एरिया से बाहर पहली बार आर्मी-डे परेड गुरुवार को जयपुर में हुई। जगतपुरा के महल रोड पर हजारों लोग इस कार्यक्रम के साक्षी बने।




**परेड को आर्मी ऑफिसर्स लीड कर रहे थे**

- उधर, ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 1 पैरा स्पेशल फोर्स के जवान लान्स नायक प्रदीप कुमार की मां सेना मेडल लेते हुए मंच पर बेहोश हो गईं। इन्हें सैन्य अधिकारियों ने संभाला। उन्हें तुरंत मंच से उतारकर एंबुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया।
- परेड की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित करने के साथ हुई थी। इसके बाद गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित आर्मी ऑफिसर्स ने परेड कमांडर को सलामी दी। अशोक चक्र, परमवीर चक्र और महावीर चक्र से सम्मानित आर्मी ऑफिसर्स परेड को लीड कर रहे थे।

---

**दिल्ली कोर्ट के आदेश पर इंदौर में बड़ी रेड**

## शक्ति पंप लिमिटेड के नकली ब्रांड का भांडाफोड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर

शक्ति पंप प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांड शक्ति की नकल कर बाजार में नकली पंप बेचने का एक बड़ा मामला सामने आया है।

इस मामले में एसके शक्ति नाम से पंप बनाकर बेचने वालों पर कानून का शिकंजा कस गया है। शक्ति पंप कंपनी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि इंदौर के सियागंज इलाके में स्थित मां वैष्णव पंप. द्वारा पंप बेची जा रही है, जिसकी पैकेजिंग, नाम, डिजाइन, शक्ति लिखने का तरीका और पूरी बनावट हूबहू शक्ति पंप लिमिटेड के पंजीकृत ब्रांड शक्ति जैसी है। इससे आम ग्राहक आसानी से धोखे में आ सकता है।



**जांच में बड़ा खुलासा**

प्रारंभिक जांच में साफ पाया गया कि यह पूरी गतिविधि ट्रेडमार्क एक्ट 1999 और कॉपीराइट एक्ट 1957 का खुला उल्लंघन है। यह मामला न सिर्फ ब्रांड की नकल का है, बल्कि उपभोक्ताओं को भ्रमित कर अवैध मुनाफा कमाने की कोशिश भी है।

**अब बिक्री पूरी तरह गैरकानूनी-** दिल्ली डिस्ट्रीक्ट कोर्ट के आदेश के बाद अब से एसके शक्ति नाम से पंप का निर्माण, भंडारण, बिक्री, वितरण, प्रचार या विज्ञापन नहीं कर सकती। ऐसा करना कोर्ट की अवमानना माना जाएगा।

**नकली ब्रांडिंग पर कड़ा संदेश-** यह कार्रवाई नकली ब्रांड, बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन और उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी करने वालों के लिए एक सख्त चेतावनी है कि कानून अब ऐसे मामलों में बिल्कुल भी नरमी नहीं बरतेगा।

**दिल्ली डिस्ट्रीक्ट कोर्ट की सख्त कार्रवाई**

शक्ति पंप लिमिटेड की ओर से नवकार एसोसिएट्स के अधिवक्ता नम्रता जैन, विजय सोनी और कृष्णा मणि तिवारी ने दिल्ली के वाणिज्यिक न्यायालय में मामला दायर किया। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया मामला मजबूत पाते हुए लोकल कमिश्नर नियुक्त किया और पुलिस की मदद से सर्च और सीजर की अनुमति दी।

**इंदौर में बड़ी रेड**

कोर्ट के आदेश पर 15 जनवरी (गुरुवार) को सियागंज, इंदौर स्थित दुकान परिसर पर लोकल कमिश्नर और स्थानीय पुलिस ने छापा मारा। छापे के दौरान बड़ी मात्रा में एसके शक्ति नाम के नकली पंप/पानी की मोटर बरामद की गई, जो शक्ति पंप लिमिटेड के शक्ति ब्रांड की सीधी नकल थी। सभी नकली माल को जब्त कर सील कर दिया गया है और अब यह कोर्ट की कस्टडी में है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किए बृहस्पति महादेव के दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान गोलामंडी स्थित प्राचीन बृहस्पति महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों के साथ चाय पी और निर्माणाधीन गीता भवन का अवलोकन भी किया। इससे पहले बुधवार को मुख्यमंत्री ने उज्जैन में पांच दिवसीय महाकाल उत्सव का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें पद्मश्री शंकर महादेवन ने शिवोहम की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। महाकाल उत्सव के बाद मुख्यमंत्री रात में उज्जैन में ही रुके थे।

## मकर संक्रांति- प्रयागराज में 91 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देशभर के कई हिस्सों में गुरुवार को भी मकर संक्रांति मनाई गई। संक्रांति को लेकर गंगा, यमुना और नर्मदा जैसी प्रमुख नदियों के तटों पर लाखों लोगों ने डुबकी लगाई। प्रयागराज माघ मेले में कल मकर संक्रांति का स्नान पर्व था। संगम में 91 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

**पतंगबाजी से 17 लोगों की मौत-** मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के दौरान लगातार हादसे भी सामने आ रहे हैं। बीते दो दिनों में गुजरात में में 9 और राजस्थान में 6, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में 1-1 लोगों की मौत हो चुकी है। यूपी के वाराणसी के गंगा घाट और पश्चिम बंगाल के गंगासागर में स्नान के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी है। पंजाब के अमृतसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री दरबार साहिब में पवित्र स्नान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति के अवसर पर अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया। उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल का तिल के तेल से अभिषेक हुआ। भस्म आरती में भी तिल चढ़ाया गया और तिल के लड्डुओं का भोग लगा।

## घर में लगी आग से परिवार के 6 लोगों की जलकर मौत

एजेंसी ▸▸ शिमला

हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के अर्की बाजार में हुए दर्दनाक हादसे के दो दिन बाद अब सिरमौर जिले से एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिला सिरमौर के नौहराधार क्षेत्र में बीती रात हुए भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के छह लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई है। मृतकों में तीन मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इस हृदयविदारक हादसे से पूरा इलाका सदमे में है।



यह दर्दनाक घटना रेणुका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संगड़ाह उपमंडल की नौहराधार तहसील की ग्राम पंचायत घंडूरी के तलागना गांव में हुई। बुधवार बीती रात पटवार वृत्त घंडूरी, तहसील नौहराधार के अंतर्गत मोहन सिंह पुत्र रामदयाल के रिहायशी मकान में अचानक भीषण आग लग गई। घटना के समय मकान के भीतर कुल सात लोग मौजूद थे। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल पाया। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल लिया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान 42 वर्षीय लोकेंद्र, निवासी ग्राम खुमड़ा, तहसील चौपाल (जिला शिमला) के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद लोकेंद्र को नौहराधार से सोलन अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## सिवनी जेल में बंद तीन कैदी भागे, मचा हड़कम्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सिवनी

प्रदेश के सिवनी जिला जेल में बंद तीन विचाराधीन कैदियों के बुधवार 14 जनवरी की शाम 20 फीट ऊंची दीवार फांदकर फरार होने के बाद जेल प्रशासन ने डूंडासिवनी थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कराई है। विचाराधीन कैदियों के फरार होने से हड़कंप मच गया। हालांकि फरार कैदियों को परिजनों ने आज गुरुवार 15 जनवरी की सुबह वापस जेल प्रशासन के सुपुर्द कर दिया है।

बताया जाता है कि जिला जेल में पाक्सो एक्ट के तीन विचाराधीन कैदी बंद थे। तीनों कैदी मौका देखकर जेल से फरार हो गए। फरार कैदियों में दो कैदी लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि एक कैदी गोंदिया जिले का बताया जा रहा है। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। फरार कैदियों की पहचान अंकित पुत्र श्रीवाल लखनवाड़ा, विशाल पुत्र ब्रह्मानंद लखनवाड़ा तथा विशाल पुत्र चिंदीलाल गोंदिया निवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपितों ने जेल परिसर की सुरक्षा के लिए बनी लगभग 20 फीट ऊंची दीवार पर एक दूसरे का सहारा लेकर फांद कर सुरक्षा घेरे से बाहर निकलकर बुधवार शाम लगभग 6 बजे फरार हो गए। जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी पूरा घटनाक्रम कैद होने की बात सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी घटना के दौरान जेल में तैनात सुरक्षा कर्मियों को कोई भनक तक नहीं लगी। गिनती के दौरान तीन कैदियों की अनुपस्थिति मिलने पर पूरे जेल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल प्रशासन ने डुंडासिवनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। सूत्रों के अनुसार जेल प्रशासन ने फरार आरोपितों के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें समझाइश दी गई।



## इंदौर पहुंचे टीम इंडिया-न्यूजीलैंड के खिलाड़ी, एयरपोर्ट पर दिखे रोहित-विराट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भारत और न्यूजीलैंड की टीमें गुरुवार को इंदौर पहुंच गई हैं। एयरपोर्ट पर सबसे पहले रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल, मो. सिराज, कोच गौतम गंभीर भी पहुंचे। टीम के सभी खिलाड़ी एयरपोर्ट से सीधे होटल के लिए रवाना हुए।

दोनों टीमों के लिए अलग-अलग बसों का इंतजाम किया गया। इस बीच एयरपोर्ट और होटल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की चेकिंग की जा रही है। इस मुकाबले के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा भी इंदौर पहुंचे। इसको लेकर दर्शकों में खासा उत्साह रहा। इंदौर में भारत और न्यूजीलैंड तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम मुकाबला खेलेंगी। दोनों टीमें 18 जनवरी को होलकर स्टेडियम में भिड़ेंगी।



---

**पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के ऑफिस और प्रतीक जैन के घर पर ईडी की छापेमारी पर विवाद**

## सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को लगाई फटकार, ईडी अफसरों पर दर्ज एफआईआर पर रोक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के ऑफिस और प्रतीक जैन के घर पर ईडी की छापेमारी विवाद की गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत ने इस मामले को गंभीर मानते हुए ममता सरकार को राहत नहीं दी।

मामले की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच में कहा कि, हम नोटिस जारी कर रहे हैं, यह गंभीर मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, हम इस मामले की सुनवाई करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि ये चिंता की बात है कि हाईकोर्ट को सुनवाई नहीं करने दी गई।

**ममता सरकार को नोटिस, कहा- एजेंसी के काम में रुकावट न डालें, यह गंभीर चिंता की बात**



**ईडी ने की प्रमुख पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग**

इसके साथ ही प्रदर्वतन निदेशालय ने इस मामले में सुनवाई से पहले सुप्रीम कोर्ट में एक और नई अर्जी दाखिल की। जिसमें जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को सस्पेंड करने की मांग की है। इसके साथ ही केंद्रीय एजेंसी ने अपनी अर्जी में पश्चिम बंगाल पुलिस के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी मांग की है। इस अर्जी में एजेंसी ने जांच के दौरान गलत व्यवहार और सहयोग न करने का भी आरोप लगाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और केंद्रीय गृह मंत्रालय से इस संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश देने की मांग की है।

**जानें क्या है पूरा मामला?**

दरअसल, 8 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता के साल्ट लेक में आई-पैक के दफ्तर और दक्षिण कोलकाता में लाउडन स्ट्रीट पर प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी की। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद मौके पर पहुंचीं। जहां से वे जरूरी फाइलें उठाकर अपने साथ ले गईं। इसके साथ ही जांच एजेंसी दावा किया कि इस दौरान सीएम ने जांच में रुकावट डाली, सबूत नष्ट किए और जरूरी डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों को छीन लिया। इसके साथ ही उन्होंने ईडी के अधिकारियों को धमकी भी दी।

बता दें कि केंद्रीय एजेंसी (ईडी) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, कोलकाता के पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा और दक्षिण कोलकाता के डिप्टी कमिश्नर प्रियबत्रा रॉय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की है। बता दें कि इससे पहले बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी की ओर से दायर मामले को खारिज कर दिया।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## स्थापना दिवस पर दी हार्दिक शुभकामनाएं



**उज्जैन।** दैनिक अवंतिका के स्थापना के 59वें वर्ष में प्रवेश के अवसर दैनिक अवंतिका के पितृ पुरुष स्वर्गीय गोवर्धन लाल मेहता (दासाब) का स्मरण किया गया। इस अवसर पर टेकरी शाखा के गणमन बंधु उपस्थित थे। उन्होंने प्रधान संपादक सुरेंद्र मेहता (सुमन दादा) को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सुरेश चौहान, अनिल पांचाल, अशोक सुमन, हरि नारायण चौहान, आशीष गर्ग, अशोक चौरसिया, हेमराज परमार आदि उपस्थित थे।

## हाईस्कूल दौलतगंज में छात्राओं को स्वेटर दिए

**उज्जैन।** विवेकानंदजी की जयंती, युवा दिवस पर भारत विकास परिषद सांदीपनि शाखा उज्जैन द्वारा शासकीय हाईस्कूल दौलतगंज में 75 गरीब वर्ग की छात्राओं को चयनित कर उन्हें उच्च क्वालिटी के स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में भाविप के रीजनल सचिव ओमप्रकाश गुप्ता ने विवेकानंदजी के विचारों से जीवन के विकास, नशा, मोबाइल एडिक्शन से मुक्ति एवं स्वच्छ पर्यावरण विषय पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर संरक्षक , कार्यकारिणी सदस्य एवं प्राचार्य अग्रवाल उपस्थित थे।

## स्वच्छता समारोह में 70 व्यापारी सम्मानित

**उज्जैन।** उज्जैन में स्वच्छता और स्वास्थ्य के संदेश के लिए आयोजित 'स्वस्थ पहल सम्मान समारोह' में सिंगल यूज और प्लास्टिक कोटेड गिलास का उपयोग बंद करने वाले लगभग 70 व्यापारियों को सम्मानित किया गया। उज्जैन नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियान के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था

## जरूरतमंदों को किया वस्त्रदान

**उज्जैन।** मकर संक्रांति पर जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए वस्त्रदान कार्यक्रम आयोजित किया। ग्रुप सदस्यों ने इसमें सहभागिता करते हुए जरूरतमंदों के लिए उपयोगी, स्वच्छ एवं अच्छी स्थिति में कपड़े दिए। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को सहायता प्रदान कर मानव सेवा को प्रोत्साहित करना था। संस्था अध्यक्ष नगीन नलवाया ने कहा मकर संक्रांति जैसे पर्व पर दान का विशेष महत्व है और वस्त्रदान से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना भी विकसित होती है।

## उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल वन मेला होगा

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश की धार्मिक राजधानी एवं महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार विंध्य हर्बल मेले का आयोजन महाशिवरात्रि पर्व की अवधि के दौरान 12 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक दशहरा मैदान उज्जैन में वन विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। वन मेला का शुभारम 12 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर कमलों दवारा किया जाना प्रस्तावित है। इस मेले का उद्देश्य आमजन को वन, पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण आयुर्वेद और पारंपरिक ज्ञान, वनोपज हर्बल उत्पादों, आयुष, स्वास्थ्य, जैव विविधता एवं जनजातीय संस्कृति से जोड़ना है। मेले में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के हर्बल उत्पाद, आयुर्वेदिक औषधियां, वनोपज पर आधारित हस्तशिल्प कला कृतियां आंचलिक व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे। इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ प्रदेश के जिलों में मिलने वाली जड़ी बूटिया और वनोपज लोगों को देखने व खरीदने को मिलेगी।इस संबंध में पिछले दिनों प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक म०प्र० राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा उज्जैन में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें दशहरा मैदान, सेठी नगर उज्जैन, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरुप उपयुक्त पाए जाने पर चयनित किया गया है। उज्जैन सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली राजधानी रही है। सदियों से कालगणना, ज्योतिष एवं सांस्कृतिक चेतना का वैश्विक केंद्र रहा है। इसी ऐतिहासिक विरासत के अनुरूप यह मेला जिले की पहचान और सांस्कृतिक गौरव को नई ऊँचाइयां प्रदान करेगा। इस मेले में संपूर्ण मध्य प्रदेश से हर्बल उत्पादक, प्रसंस्करणकर्ता, हर्बल उत्पादन के क्रेता-विक्रेताओं द्वारा आग लिया जाएगा। मेले में विंध्य हर्बल के 140 से अधिक उत्पाद रखे जाएंगे। इनमें महुए से बनी बॉडी लोशन, एंटी एजिंग क्रीम, बच्चों के लिए ग्रोविट, महुआ युक्त च्यवनप्राश, लैब टेस्टेड जंगल की शहद और शिलाजीत शामिल हैं। सरकारी ब्रांड होने, लैब टेस्ट रिपोर्ट और आयुर्वेदिक प्रोसेसिंग के कारण इन उत्पादों की विशेष पहचान रहेगी।

### महीनों बीते फूड जोन का काम जस का तस,आगे सरकने को तैयार नहीं, 60 लाख लगे 20 दुकानों का निर्माण अधुरा ,दुकानदार एवं कर्मचारी परेशान

# महापौर बोले एमआईसी में पूछा तो कोई बताने को तैयार नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नगर निगम ने 55 लाख की लागत से पुराने स्विमिंग पूल परिसर में पुराने फूड जोन की दुकानों को तोडकर नया निर्माण शुरू किया था। प्रारंभिक दौर के उपरांत निर्माण जस का तस है। निर्माण को निगम के जिम्मेदार आगे सरकाने को तैयार नहीं हैं। खास बात यह है कि नगर निगम ने पुराने किराएदारों से दुकानें खाली करवाते समय लिखकर दिया था कि इसी जगह पर नई दुकानें बनाकर दी जाएगी। ये दुकानें किसी समय में उच्चतम बोली दर पर ली गई थी। इसमें नगर निगम को ही राजस्व की हानि प्रतिमाह किराए की हो रही है।

नगर निगम ने डेढ दशक के दरमियान महापौर रामेश्वर अखंड के कार्यकाल में पुराने स्विमिंग पूल के पास खाली पडी जमीन के उद्यान को समाप्त कर वहां फूड जोन की योजना को साकार रूप दिया था। यहां उच्चतम दरों पर दुकानों का आवंटन हुआ था। 20 दुकानों के साथ यहां बच्चों के खेलने के लिए तमाम झूले चकरी भी लगाए गए थे। पुराने स्विमिंग पूल को नया इंटरनेशनल स्वरूप देकर बनाने के क्रम में फूड जोन की दुकानों को तोडकर देवास रोड की और खसकाकर बनाने के काम का भूमि पूजन 15 फरवरी 25 को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने किया था। उसके बाद तेज गति से काम चला और करीब 60-70 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया। पिछले कई माहों से यह काम यथा स्थिति में है। मामला एमआईसी में उठने पर जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी नहीं मिल पा रही है कि आखिर इसका काम क्यों रोका गया है और किसके आदेश पर यह काम रोका गया है।

### तमाम स्वीकृति के बाद भी काम रूका

वर्ष 2024 में निगम के पुराने स्विमिंग पूल को तोड़कर नया इंटरनेशनल स्तर का बनाने के लिए भूमि की आवश्यकता थी। इसके चलते यहां स्थित पुराने फूड जोन की 20 दुकानों को तोड़ कर उसी स्थल पर आगे दुकान बनाने का ठहराव 6मार्च2024 को निगम परिषद द्वारा किया गया था। इसके बाद नगर निगम ने मुख्यमंत्री से 15फरवरी 25 को इस कार्य का भूमि पूजन करवाया गया। कार्य एमआईसी और परिषद की स्वीकृति से शुरू हुआ और करीब 60-70 प्रतिशत काम ठेकेदार ने गति से पूर्ण किया। उसके बाद यह काम सिरे से बंद ही कर दिया गया।

### फिनिशिंग बाकी

नगर निगम के सूत्र एवं दुकानदारों का कहना है कि वर्तमान में उक्त वर्क ऑर्डर अंतर्गत 20 दुकानों का स्ट्रक्चर निर्माण कार्य होकर लगभग 60 लाख रुपए की लागत का कार्य स्थल पर हो चुका है। सिर्फ फिनिशिंग का कार्य बाकी है। पिछले 8 माह से अपरिहार्य कारणों से काम बंद पडा है।

### दुकानदार एवं कर्मचारी बेरोजगार

पूर्व से फूड जोन में 20 दुकानें उच्चदर एवं किराए पर लेने वाले दुकानदारों का कहना है कि दुकानें नहीं मिलने से उन्हें परेशानी हो रही है। उनके कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। खास यह है कि कर्मचारियों को काम बदले अमानत राशि दी गई थी वह भी उन्हें वापस नहीं मिल रही है। उन्हे दोहरा नुकसान उठाना पड रहा है। 20 दुकानदारों के परिवार एवं उनके कर्मचारी डेढ़ साल से बेरोजगार है।

### ठेले गुमटी वाले पनपे

दुकानदारों का कहना है कि फूड जोन की दुकानों के बनने में लगने वाली देरी की वजह से देवासरोड पृष्ठ भाग में तमाम तरह के ठेले,गुमटी एवं वाहनों में खाने-पीने की दुकानें लगती जा रही है। इससे आगामी समय में अगर उनको दुकानें बनाकर दे भी दी गई तो उनका व्यवसाय चलना मुश्किल होगा। धीरे-धीरे यहां ऐसी दुकानों की संख्या बढती चली जा रही है।यहां खान-पान का अवैध बाजार सज गया है। वैधानिक रूप से नगर निगम को लाखों रूपए अमानत राशि जमा करने वाले व्यवसायियों को दुकानें देने में देरी की जा रही है।

### नगर निगम को राजस्व हानि

नगर निगम ने डेढ दशक पूर्व बनाए इस फूड जोन को अमानत राशि के साथ मासिक किराया के आधार पर दुकानदारों को लीज पर दिया था। एक करोड से अधिक राशि इसमें अमानत के बतौर नगर निगम ने दुकानदारों से ली थी। तत्कालीन दौर में हुए टेंडरों में न्यूनतम बोली 6 लाख से अधिक की सामने आई थी। पिछले डेढ वर्ष से दुकानों को तोड दिया गया है। नगर निगम ने दुकान खाली करवाने से पहले इसी जगह पर दुकानें बनाने का उज्जैन नगर निगम ने लिख कर दिया है। इसके चलते पिछले 18 माह से नगर निगम को प्रति माह किराए की राशि भी नहीं मिल पा रही है।

### आयुक्त ने चालू करवाया फिर 2 दिन बाद बंद

मामले में सामने आ रहा है कि नवागत आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कुछ माह पूर्व मामला सामने आने पर काम शुरू करवाया था। उनके आदेश पर काम 2-3 दिन चला और गति से चला। उसके बाद एक बार फिर से काम रोक दिया गया जो रूका हुआ है।

### ये बोले जिम्मेदार

कार्य रोकने का कारण एमआईसी की बैठक में हमने अधिकारियों से पूछा था। इस पर जवाब मिला था कि जानकारी लेकर बताते हैं। काफी दिन बीतने पर भी यह नहीं बताया जा रहा है कि आखिर काम क्यों रोका गया है।

**-मुकेश टटवाल, महापौर, नगर पालिक निगम,उज्जैन**

मामला मेरे संज्ञान में आया है। ड्राइंग का ईशु संबंधित कार्य के इंजीनियर ने बताया था। पूरी जानकारी विषय की निर्माण विभाग से लेता हुं।

**-संतोष टैगोर, आयुक्त, नगर पालिक निगम, उज्जैन**

ठेकेदार ने 70 प्रतिशत काम कर दिया है।सभी स्वीकृति है उसके बाद काम क्यों रोका गया है ये कोई बताने को तैयार नहीं है। पैसा दुकानदारों का लग रहा है नगर निगम इसमें एक पैसा खर्च नहीं कर रहा है। मासिक किराया मिलता है इन दुकानों से।

**-शिवेन्द्र तिवारी,सभापति,लोक निर्माण समिति,नपानि,उज्जैन**

-मामले में मुझे जानकारी नहीं है। कार्यपालन यंत्री से जानकारी लेकर बता सकूंगा।

**-संतोष गुप्ता,अधीक्षण यंत्री,नगर पालिक निगम, उज्जैन**

### प्रार्थना सभा पर विवाद, धर्मांतरण का आरोप

# हिंदू संगठनों के विरोध के बाद चार शिक्षकों समेत पांच पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नागदा के सिगड़ी 95 स्थित एक होटल में रविवार को ईसाई समाज की प्रार्थना सभा के दौरान विवाद हो गया। स्थानीय हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने सभा के दौरान धर्मांतरण का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

### 70 लोग कर रहे थे प्रार्थना

जानकारी के अनुसार, सिगड़ी 95 होटल में पिछले एक वर्ष से हर सप्ताह यह प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। इसका संचालन नागदा के पाडल्या रोड क्षेत्र में संचालित एक कोचिंग संस्थान से जुड़े लोगों द्वारा किया जाता है। रविवार की सभा में लगभग 50 से 70 लोग शामिल थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी थे।

### हिंदू संगठनों ने लगाए धर्मांतरण के आरोप

हिंदू संगठनों ने सभा पर आपत्ति जताई और धर्मांतरण की गतिविधियों का आरोप लगाया। हालांकि, प्रार्थना सभा में मौजूद लोगों ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि वे अपनी इच्छा से सभा में आते हैं और किसी प्रकार का दबाव नहीं है। सभा में शामिल एक महिला ने बताया कि लंबे समय से बीमारी से परेशान होने के बाद प्रार्थना में शामिल होने से उसे राहत मिली है।

### पुलिस ने दी समझाइश

बिड़लाग्राम थाना एसआई संजय माथुर ने बताया कि प्रार्थना सभा में अधिकतर लोग हिंदू समुदाय से थे, जबकि एक सिख दंपती भी शामिल था। विवाद की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

### चार शिक्षकों समेत पांच पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

पुलिस ने प्रार्थना सभा का संचालन कर रहे चार शिक्षकों नवीन पीटर, पीवी जोश, अजय परमार, आशीष भवासार और होटल मैनेजर सोनू पिता भारत सिंह के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी विवादित गतिविधि पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शुक्र ने बदली चाल, इन राशियों को होगा आर्थिक लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



वैदिक ज्योतिष शास्त्र में कुल 27 नक्षत्र हैं। जिसमें से उत्तराषाढ़ा नक्षत्र को 21वां स्थान प्राप्त है। यह चार भागों में विभाजित होता है। 15 जनवरी को दैत्यों के गुरु शुक्र इस नक्षत्र के तृतीय चरण में प्रवेश करने वाले हैं, जिसका स्वामी शनिदेव को माना जाता है। यहां 18 जनवरी तक संचरण करते रहेंगे। सभी राशियों पर इसका असर देखने को मिलेगा। किसी के लिए यह समय सकारात्मक, तो किसी के लिए नकारात्मक साबित हो सकता है।

शुक्र को प्रेम, भौतिक सुख-सुविधा, सौंदर्य, धन-वैभव इत्यादि का प्रतीक माना जाता है। मान्यताएं हैं कि इस ग्रह कि स्थिति शुभ होने से कभी पैसों की तंगी नहीं सताती। न ही करियर-कारोबार में नुकसान का सामना करना पड़ता है। भाग्य का भी हमेशा साथ मिलता है। आइए जानें असुरों के गुरु के नक्षत्र पद गोचर से किन लोगों को लाभ होगा?

### कर्क राशि

शुक्र की यह चाल कर्क राशि के जातकों के लिए लाभकारी साबित होगी। अचानक धन की प्राप्ति हो सकती है। कर्ज से भी छुटकारा मिलेगा। इनकम में भी वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग भी बन रहे हैं। लाइफ पार्टनर या किसी प्रिय व्यक्ति के साथ यात्रा की योजना बन सकती है। करियर में नए मौके मिलेंगे। कार्य क्षेत्र में भी आपके काम की प्रशंसा होगी। हालांकि सेहत को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

### तुला राशि

तुला राशि के जातकों पर शुक्र की खास कृपा बरसने वाली है। भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी। भूमि, घर और वाहन से जुड़े सभी काम संपन्न होंगे। लव लाइफ इस दौरान अच्छी रहने वाली है। धन और समृद्धि में बढ़ोत्तरी हो सकती है। माता के साथ संबंध अच्छे होंगे। मानसिक तनाव दूर होगा। जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा। निवेश पर भी मुनाफा हो सकता है। नौकरी की तलाश भी पूरी होगी। बिजनेस में भी अच्छा मुनाफा होगा। अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

### मीन राशि

मीन राशि के जातकों के लिए भी यह समय शुभ रहेगा। निवेश पर अच्छा मुनाफा हो सकता है। बिजनेस में फायदा होगा। इनकम में वृद्धि होगी। कोई भी नया काम शुरू करने के लिए भी यह समय अनुकूल रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। ऊर्जा और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। हर काम में परिवार का सहयोग मिलेगा कोई। रुके हुए काम पूरे होंगे।

### तीर्थयात्री व पर्यटक होते रहते परेशान, आवागमन में आती है परेशानी

# रेलवे स्टेशन के सामने वाहनों का जमावड़ा, सवारी के लिए वाहनों की लंबी कतार

पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन







जब तीर्थयात्री व पर्यटक ट्रेन से शहर आते हैं तो उन्हे स्टेशन से बाहर निकलने मे भारी संघर्ष करना होता है। देवासगेट से लेकर इंदौरगेट तक ई- रिक्शा, मैजिक व बसों की लंबी कतार रहती है। न तो यातायात अमला इन बेतरतीब वाहनो पर कोई लगाम कस पा रहा है और न ही वाहन चालकों मे ट्रेफिक सैंस है। सवारी बैठाने की चाह मे पब्लिक वाहन रेल्वे स्टेशन गेट के बाहर देर,तक खडे रहते हैं जिससे आवागमन मे तो परेशानी आती ही है। स्टेशन से बाहर निकलने वालों को तो रास्ता ही नहीं मिल पाता ऐसे मे मंदिर व लॉज, होटल पहुंचने मे बाहर से आए तीर्थ यात्रियों को विलंब होता है साथ ही नौकरीपेशा लोग जो आसपास से अपने कर्तव्य स्थल समय पर पहुंचना चाहते हैं उन्हे भी भारी दिक्कत होती है। वे समय पर कार्यस्थल नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसी ही स्थिति रेलवे स्टेशन के इंदौरगेट वाले द्वार की है। रोड पर वाहनों के ठहरने से चक्काजाम लगना आम बात है।

### ट्रेन के शहर पहुंचने पर स्थिति बदतर

जब एक साथ दो तीन ट्रेन उज्जैन प्लेटफार्म पर आती हैं तो स्थिति बहुत ही पेचीदा हो जाती है। ई- रिक्शा व आटोरिक्शा स्टेशन के बाहर सवारी बैठाने की होड मे देर तक स्टेशन के गेट पर बीच सडक खडे रहते हैं और इन्हे रोकनेवाला कोई पुलिस जवान नजर नहीं आता।

### बस भी सवारी के लिए खडी

जब दैनिक अवंतिका के प्रतिनिधि दोपहर बारह बजे स्टेशन पहुंचा तो मुख्य सडक पर स्टेशन के सामने इंदौर जानेवाली बस भी सवारी बैठाने के लिए रूकी हुई दिखी और कंडक्टर सवारी बैठाने के लिए आवाज देता रहा। इस दौरान मुख्य सडक पर देर तक जाम लगा रहा।

### प्रीपेड बूथ बंद

जब यात्रियों की सुविधा हेतु प्रिपेड बूथ की सेवा शुरू हुई थी तो उसका प्रचार जोर शोर से हुआ था किन्तु ये बंद पडा हुआ है। स्टेशन के बाहर आटो रिक्शा व ई रिक्शा बाहर से आए पर्यटकों से मंदिर व रामघाट जाने के लिए मनमाना किराया वसूल रहे हैं और यात्री मजबूरी मे ज्यादा पैसा दे रहे हैं।

### स्थायी नियुक्ति की दरकार

चामुण्डा माता मंदिर से इंदौरगेट को जोडनेवाली मुख्य सडक पर सामान्यतः वैसे भी यातायात का सर्वाधिक दबाव होता है। स्टेशन पर ट्रेन आने व जाने के दौरान यात्रियों की भीड और बढ जाती है ऐसे मे स्टेशन से बाहर निकलना व स्टेशन के अंदर जाना मुसीबत का सबब है। पुलिस कप्तान को इस गंभीर समस्या का निदान करना चाहिए और यातायात पुलिस के जवानों व एक अधिकारी की स्थायी नियुक्ति करना चाहिए ताकि शहरवासियों और यात्रियों को परेशानी न हो।

### समस्या को हल करते हैं

इस समस्या की ओर आपने ध्यान आकृष्ट किया है ,शीघ्र ही इस समस्या का स्थाई निदान किया जाएगा। बीच मे सडक सुरक्षा पखवाड़ा चला इसमे सभी व्यस्त थे पर अब यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहेगा।

**-विक्रम कनपुरिया, यातायात डीएसपी**

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



# आस्था की डुबकी के साथ हुआ मकर संक्रांति का स्नान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मकर संक्रांति का पावन पर्व उज्जैन में आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कल के बाद आज भी शिप्रा नदी के घाटों पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही रामघाट, दत्त अखाड़ा घाट सहित अन्य स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने शिप्रा नदी में पवित्र स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दौरान रामघाट के पुजारी ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर शिप्रा स्नान का विशेष महत्व है, जिसे लेकर दूर-दराज से भी श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। पावन स्नान को लेकर प्रशासन और नगर निगम द्वारा घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस और होमगार्ड के जवान भी तैनात रहे, जिससे स्नान शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हुआ। घाट क्षेत्र में पूरे दिन भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। श्रद्धालु जयकारों के साथ पर्व की खुशियां मनाते नजर आए। वहीं दूसरी ओर शहर में पतंगबाजी का भी खास उत्साह देखने को मिला, जहां सुबह से ही पतंग प्रेमी छतों पर चढ़कर पतंग उड़ाते दिखाई दिए। मकर संक्रांति के इस पर्व ने शहर को धार्मिक आस्था और लोक उत्सव के रंग में रंग दिया।

### सर्वार्थ सिद्धि योग

इस वर्ष मकर संक्रांति पर सर्वार्थ सिद्धि योग है। साथ ही अश्विनी और अनुराधा नक्षत्र का प्रभाव है। विशेष बात यह है कि सूर्य के साथ-साथ मंगल, बुध और शुक्र का भी कुछ ही दिनों में राशि परिवर्तन होगा, जिससे यह संक्रांति और अधिक फलदायी मानी जा रही है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चावल को देव अन्न माना गया है, जबकि मूंग इस ऋतु की पहली फसल होती है। तिल दान को उन्नति, समृद्धि और सुख-शांति से जोड़ा गया है।ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, जिन लोगों पर शनि की साढ़ेसाती, ढैया या पितृ दोष का प्रभाव है, वे तांबे के कलश में काले तिल भरकर, उस पर स्वर्ण रखकर वैदिक ब्राह्मण को दान किया। इससे कार्यों में प्रगति और पारिवारिक संबंधों में सुधार होता है।

## ई-बस डिपो, 4 मार्गों के चौड़ीकरण सहित 7 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पीएम ई-बस योजना के तहत शहर में आने वाली 100 ई-बस के लिए आखिरकार डिपो के निर्माण की दर और स्थल को स्वीकृति मिल गई है, मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया। निर्माण कार्य को लेकर अन्य 6 प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। महापौर टटवाल ने कहा कार्य की प्रगति पर नियमित समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि असुविधा न्यूनतम हो और परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने बोले- भोपाल की तरह उज्जैन में भी लगेगा वन मेला

**उज्जैन।** संक्राति पर्व से श्री महाकाल लोक में पांच दिवसीय महाकाल महोत्सव की शुरूआत हुई। आयोजन 18 जनवरी तक महाकाल महालोक एवं त्रिवेणी संग्रहालय में किया जा रहा है। पहले दिन सीएम डॉ. मोहन यादव ने महाकाल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग हैं। यहां कई लोक बन रहे हैं। उज्जैन में अब तक श्रावण महोत्सव होता था। गुड़ी पड़वा से हमने तीन महीने चलने वाला उत्सव शुरू किया, जिसमें इस बार भी वाहनों पर ग्वालियर की मेले की तरह छूट मिलती रहेगी। भोपाल में लगने वाला वन सम्पदा का वन मेला की तरह अब उज्जैन में भी वन मेला लगेगा। अगली बार 25 जनवरी को आऊंगा, उस दिन हरिफाटक ब्रिज को सिक्स लेन करने, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, सिंहस्थ बायपास की रोड का भूमि पूजन सहित सुबह होने वाले राहगीरी कार्यक्रम में भी शामिल होऊंगा।

### वीर माताओं-वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

**इंदौर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी में वेटरंस दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर जिले की वीर माताओं, द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों की विधवाओं एवं वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा सशस्त्र सेना वेटेरन्स दिवस के बारे विस्तृत जानकारी दी एवं इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय ने बताया कि यह दिवस प्रथम कमांडर इन चीफ, फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा के सम्मान एवं उनकी यादगार सेवाओं की याद में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा ने वर्ष 1947 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना का कुशल नेतृत्व किया था एवं देश को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# पौराणिक महत्व के आधार पर होगा नए घाटों का नामकरण

### सिंहस्थ कुंभ के लिए बन रहे घाट के नाम धार्मिक व धर्मस्व विभाग तय करेगा



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

2028 सिंहस्थ कुंभ के लिए बनाए जा रहे नए घाट निर्माण के बाद उनका नामकरण किए जाने के निर्देश के बाद मंगलवार को हुई बैठक में किया जाएगा। सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने दिए हैं।

सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे विकास के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मेला अधिकारी सिंह ने सभी निमार्णाधीन कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट अपडेट रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




### नामकरण के लिए पौराणिक महत्व हो

जल संसाधन विभाग के सिंहस्थ डिवीजन ने जानकारी दी कि घाट निर्माण का कार्य लोअर और अपर स्टेज पर है। वहीं जानकारी दी गई कि श्री अंगारेश्वर मंदिर के सामने घाट निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। मेला अधिकारी सिंह ने निर्देश दिए कि जो भी नए घाट निर्माण हो रहे हैं उनके नाम रखने के लिए प्लानिंग की जाए। नए घाटों के नामकरण के लिए उनके पौराणिक महत्व के आधार पर हो। धार्मिक व धर्मस्व विभाग को सभी घाटों के महत्व और पौराणिक नामकरण करने के लिए निर्देशित किया है। सिंह ने कहा कि नए घाट पर प्रकाश व्यवस्था, चेंजिग रूम, वॉच टावर, घाट पर सूचना के लिए लाउडस्पीकर, आने-जाने के मार्ग का निर्धारण किया जाए।

मेला अधिकारी सिंह ने कहा कि जीआईएस के माध्यम से मेला क्षेत्र के सभी प्लाट की नंबरिंग की जाए, जिससे कहां कौन से अखाड़े का स्थान है और कहां क्या व्यवस्था रहेगी। इसका पूरे प्लान का ले आउट तैयार करने के निर्देश दिए।

### मेडिकल कॉलेज के लिए बनेगा अंडरपास

मेला अधिकारी सिंह ने मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल के बीच बनने वाले अंडरपास की जानकारी लेने पर बताया गया कि अंडरपास के लिए इस्टीमेट बनाया है। करीब 10 फीट चौड़े अंडरपास का निर्माण प्रस्तावित है। पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री महाकाल महालोक में थाना निर्माण का कार्य प्रगतिरत है।



# लापरवाही: पुरानी पाइप लाइन फूटी, तीन दिन से बह रहा हजारों गैलन पानी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

फ्रीगंज ब्रिज के पास बन रहे नए ओवरब्रिज के लिए पोल गाड़ने को खोदे गए गड्ढे ने निर्माण एजेंसी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गड्ढा खोदते समय पुरानी डायरेक्ट पाइपलाइन फूट गई। इससे तीन दिन से हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है।

सबसे बड़ी परेशानी यह है कि नगर निगम की पीएचई टीम और रेलवे अफसरों को जानकारी नहीं कि लाइन कहां से जुड़ी है और इसका वॉल कहां से बंद होगा। दोनों विभागों के कर्मचारी सुधार में जुटे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली। कर्मचारियों ने बताया कि यह पाइपलाइन करीब 60-70 साल पुरानी है। तब के कर्मचारी अब नहीं हैं। इस कारण इसकी कनेक्टिविटी की जानकारी किसी के पास नहीं है। लाइन करीब 7-8 फीट गहराई में है। पानी खाली करे बिना सुधार मुश्किल है।

### ट्रैक्टर का इंजन लगाया फिर भी पानी खत्म नहीं हुआ

मरम्मत के लिए पानी में उतरकर मशक्कत कर रहे निगम पीएचई के कर्मचारियों ने बताया इस गड्ढे से पानी ही खत्म नहीं हो रहा, क्योंकि जो लाइन फूटी है, वह बड़ी लाइन है और 24 घंटे चालू रहती है। ट्रैक्टर का इंजन चालू कर गड्ढे का पानी खत्म करने का भी प्रयास किया, लेकिन पाइपलाइन से इतना ज्यादा पानी बाहर निकल रहा है कि इंजन से खाली नहीं हो सका।

# जिला अस्पताल में परेशानी : जिला अस्पताल की 10 में से 6 लिफ्ट बंद

### टेंडर होने के बाद भी सुधार कार्य नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



उज्जैन संभाग के सबसे बड़े चरक भवन स्थित जिला अस्पताल में सभी लिफ्ट की खराब हालत मरीजों और परिजन के लिए बड़ी समस्या बन गई है। अस्पताल में कुल 10 लिफ्ट हैं, जिनमें से 4 ही चालू है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार लिफ्ट के सुधार के लिए सिविल और इलेक्ट्रिक दोनों कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। सिविल कार्य के लिए 11 लाख और इलेक्ट्रिक के लिए 84 लाख की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। हालांकि मरम्मत कार्य शुरू होने में देरी हो रही है।

# वाहन मेले में मोटरयान कर में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में आयोजित वाले उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला 2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर उपभोक्ता को मोटरयान कर में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। ये निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक लिया गया।

इसके अलावा इस बैठक में सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत उज्जैन शहर की जल आवर्धन योजना जिसकी लागत एक हजार 133 करोड़ 67 लाख रुपए है, की स्वीकृति भी प्रदान की गई हैं। गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से उज्जैन में भी ग्वालियर की तर्ज पर वाहन मेले का आयोजन हो रहा है। इस मेले को लेकर उपभोक्ताओं को खासी रूचि रहती है। उपभोक्ताओं को इसमें अपने मन पसंद वाहन खरीदने का अवसर तो मिलता ही ही है कर में छूट का लाभ भी। ऐसे में उपभोक्ता अब इस मेले के आयोजित होने का इंतजार तर करने लगे हैं। स्थानीय के अलावा विभिन्न शहरों से लोग इसमें खरीदी के लिए आते हैं। संभवतः इस बार भी वाहन मेला मार्च में आयोजित होगा।

# कार्तिक मेला ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस का आयोजन

### सीएम मोहन यादव करेंगे ध्वजारोहण, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



उज्जैन में पहली बार दशहरा मैदान की जगह कार्तिक मेला ग्राउंड पर होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन। रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही परेड भी मेला ग्राउंड में आयोजित होगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण कर सकते है। 11 दिन बाद राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। प्रति वर्ष दशहरा मैदान में मनाया जाने वाले कार्यक्रम के लिए तैयारी चल रही थी। जिसमे पुलिस स्काउट होमगार्ड और स्कूली बच्चे तैयारी में लगे थे। लेकिन गुरुवार को भोपाल जाते समय सीएम ने अपनी मंशा अनुसार इस बार कार्यक्रम कार्तिक मेला ग्राउंड में करने की योजना पर काम करने को कहा।

सीएम की मंशा के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। अब प्रशासनिक अधिकारी आयोजन स्थल का निरीक्षण कर रिहर्सल कार्तिक मेला ग्राउंड में करने की बात कह रहे हैं । उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया कि 26 जनवरी को होने वाला मुख्य आयोजन कार्तिक मेला ग्राउंड में होगा। जिसके लिए स्थल को देखा जा रहा है।

## भाजपा संगठन में केंद्र से लेकर प्रदेश तक व्यवस्था अब जिला स्तर पर अमल में आएगी

# जिला कार्यालयों पर विधायक सुनेंगे कार्यकर्ता और आमजन की बात

## जिला स्तर पर विधायकों की बैठक का मामला प्रक्रिया में,जल्द ही लागू होने की संभावना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आगामी दिनों में भाजपा के जिला कार्यालयों पर साप्ताहिक रूप से जिले के विधायकों की बैठक का क्रम शुरू हो सकता है। विधायक जिला भाजपा कार्यालयों में बैठकर कार्यकताओं की सुनवाई करते हुए सक्रियता के साथ मामलों के निराकरण में अपनी भूमिका अदा करेंगे। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजपालसिंह सिसौदिया बताते हैं कि अभी यह प्रक्रिया में है आगामी दिनों में यह जिला स्तर पर लागू होगा।



भाजपा संगठन ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और संगठन-सत्ता के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। अब जिस तरह प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रतिदिन मंत्रियों की ड्यूटी लगाकर कार्यकर्ताओं की सुनवाई की जा रही है, उसी तर्ज पर जिला स्तर पर भी व्यवस्था लागू की जा रही है। बकौल श्री सिसौदिया पार्टी में केंद्रीय स्तर से लेकर प्रदेश तक यह व्यवस्था लागू हैं। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कार्यकताओं के कामों की चिंता को लेते रहते हैं।

### प्रदेश स्तर तर्ज पर व्यवस्था

बताया जा रहा है कि सोमवार से शुक्रवार तक भाजपा प्रदेश कार्यालय में दो मंत्री प्रतिदिन दोपहर एक से तीन बजे तक कार्यकताओं से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। मंत्री एक-एक कर सभी की बातें सुनते हैं और समाधान का प्रयास करते हैं। अब तक 22 मंत्री इस व्यवस्था के तहत कार्यकताओं से संवाद कर चुके हैं।

### कार्यकर्ताओं की बात सीएम सूनेंगे

भाजपा संगठन के प्रक्रियाधीन इस कार्यक्रम की जानकारी लगने पर उज्जैन दक्षिण के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा से विधायक होकर मुख्यमंत्री हैं। यही नहीं भाजपा संभागीय कार्यालय लोक शक्ति भी उनकी विधानसभा क्षेत्र में है। ऐसे में कार्यकर्ताओं एवं आमजन के लिए मुख्यमंत्री डा.यादव भी भाजपा कार्यालय में अपने आम कार्यकर्ताओं से सीधे मुखातिब होंगे।

### जमीनी स्तर पर पकड़ अधिक मजबूत होगी

पार्टी सूत्रों के अनुसार पार्टी ने तय किया है कि जिला मुख्यालयों पर भाजपा विधायक नियमित रूप से पार्टी कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं की शिकायतें सुनेंगे और उनके निराकरण के लिए पहल करेंगे। इस व्यवस्था से कार्यकर्ताओं को सीधे जनप्रतिनिधियों तक पहुंच मिलेगी और संगठन की पकड़ जमीनी स्तर पर और मजबूत होगी। भाजपा ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे सप्ताह में अवकाश के दिनों को छोड़कर शेष दिनों के लिए जिले के विधायकों का पार्टी जिला कार्यालय में बैठने का कार्यक्रम तय करें। किस दिन और किस समय कौन विधायक कार्यकर्ताओं से मिलेंगे, इसकी जानकारी पहले से सार्वजनिक की जाएगी। इस कार्यक्रम का मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किये विभिन्न आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला इंदौर अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान समस्त विकासखंड एवं संकुल मुख्यालय पर लखपति दीदी संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में आए परिवर्तन व आजीविका में आयी वृद्धि के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी समूह सदस्यों, जनप्रतिनिधियों को अपने हौसलों की उड़ान के बारे में अवगत कराया।

## न्यूज-कॉलम



## संकल्प से समाधान अभियान के तहत डोर टू डोर सर्वे सतत जारी

**आलीराजपुर** । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में संकल्प से समाधान अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से प्रारंभ हो गया है,जिसमें 15 फरवरी तक डोर-टू-डोर हितग्राही मूलक योजनाओं में सैचुरेशन के लिए सर्वे किया जाएगा। इसी के परिपालन में जिले के समस्त ग्राम पंचायत महेंद्रा( जनपद पंचायत चंद्र शेखर आजाद नगर), बेसवानी, देवली, अंबी, नगर पालिका आलीराजपुर, जनपद पंचायत आलीराजपुर सहित जिले के समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में अभियान का नोडल अधिकारियों द्वारा खाटला बैठक आयोजित कर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के माध्यम से शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है,तथा वंचितों को चिन्हांकित किया जा रहा है। विदित हो कि इसका द्वितीय चरण में 16 फरवरी से कलस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किये जाएंगे। तृतीय चरण में 16 मार्च से ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन होगा तथा चतुर्थ चरण में 26 मार्च से जिला स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि सभी नोडल अधिकारी शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें लाभान्वित करें। सभी इस अभियान को गंभीरता से ले एवं पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करे।

## ग्राम पंचायत मांजरोद खुर्द में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बुरहानपुर।** खकनार बुरहानपुर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा 15 जनवरी गुरुवार को ग्राम पंचायत मांजरोद खुर्द में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में, एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## एसआईआर के द्वितीय चरण की प्रगति की समीक्षा, सीईओ ने दिए निर्देश



**आलीराजपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) मध्य प्रदेश श्री संजीव झा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण के द्वितीय चरण में हो रही प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मतदाता सूची के अद्यतन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी, नई मतदाताओं को जोड़ने विशेष शिविरों के आयोजन तथा नो-मैपिंग प्रकरणों में नोटिस जारी कर तामिली सुनिश्चित करने जैसे बिंदुओं पर चर्चा की जी। श्री झा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं समय-सीमा के भीतर पारदर्शी और प्रभावी रूप से पूर्ण की जाएं। इसका उद्देश्य कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र इसमें शामिल ना हो। इस वर्चुअल बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गरवाल, दोनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल एवं श्री तपीस पांडे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## मकर सक्रांति पर सहेली ग्रुप ने मनाया हल्दी कुम कुम



**मंडलेश्वर** । नगर की महिलाओं के सहेली ग्रुप द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में हल्दी कुम कुम का आयोजन किया गया इस ग्रुप की 70 महिलाएं महाराष्ट्रीयन परिधान पहनकर आयोजन में शामिल हुई ।सहेलियों ने चेयर रेस के साथ अंताक्षरी और नृत्य कर मनोरंजन किया इस अवसर पर चेयर रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें साधना जैन प्रथम एवं डॉ निधि पाटीदार द्वितीय स्थान पर रही ।इस आयोजन में महाराष्ट्रीयन क्वीन का खिताब श्रीमती हिमांशी गोयल को दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन सीमा जोशी ने किया ।मकर सक्रांति पर पतंग उड़ाने की परम्परा का निर्वाह करते हुए महिलाओं ने हाथ में पतंग लेकर मंगल गीत गाए और एक दूसरे को मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 7771090777, 7773077762

# मकर संक्राति के उपलक्ष मे आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहो द्वारा लखपति दीदी संवाद एवं तिल गुड संग पतंग उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

राज्य शासन के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय, जिला पंचायत धार के मार्गदर्शन में म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड बाग के अन्तर्गत नई चेतना अभियान 4.0 के तहत विकास खंड बाग मे संकुल स्तरीय संगठन कार्यालयो मे लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम व तिल गुड पतंग महोत्सव एवं स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया।



राज्य कार्यालय भोपाल द्वारा च्न्नई चेतना अभियान 4.0 अन्तर्गत हौंसलों की उडान ज्ञ अन्तर्गत प्रदाय कार्यक्रम कैलेंडर अनुसार विकासखंड बाग में 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें दिनांक 13 जनवरी 2026 को आजीविका भवनो एवं संकुल स्तरीय कार्यालयों मे लखपति दीदी संवाद एवं शपथ कार्यक्रम व दिनांक 14 जनवरी 2026 को सार्वजनिक स्थलो पर तिल गुड संग पतंग महोत्सव का आयोजन एवं 15 जनवरी 2026 को विकासखंड बाग में ग्राम टांडा एवं बाग में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया।

लखपति संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संघर्ष के बाबजूद आत्मनिर्भर बनी समूह सदस्यों की पहचान, लखपति पहल में छूटी समूह सदस्यों को योजना से जोडना,जेण्डर आधारित हिंसा से प्रभावित व एकल महिलाओं को आजीविका में प्राथमिकता दिलाना, समाज में जेंडर समानता, जागरूकता एवं महिलाओं की भागीदारी बढाते हुए आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोडना है । विकासखंड बाग के ३ संकुल स्तरीय संगठन अंतर्गत स्व सहायता समूह समूहो के लगभग 200 से अधिक लखपति दिदियो द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें संकुल अंतर्गत सबसे अधिक आय अर्जन करने वाली लखपति दिदियो को संकुल पदाधिकारीयो द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के दौरान लखपति दीदियों द्वारा अपने-अपने अनुभव, विषय से जुडी चुनौतियों तथा संघर्ष को सांझा किया गया एवं लखपति सीआरपी को विकासखंड में शेष संभावित लखपति दीदीयों की आ?जीविका/बिजनेस कार्ययोजना बनाई जाने एवं कम से कम २ आजीविका गतिविधियों से जोडने हेतु लक्ष्य दिया गया,जिसे वे माह मार्च-2026 तक में पूर्ण करेंगी साथ ही रूरल कंसल्टेंसी सेंटर/आजीविका भवन में बैंक सखी, कृषि, फॉर्म, नॉन फॉर्म आदि सीआरपी को भी शामिल किया जायेगा, जिससे कि संभावित लखपति दिदियों का आजीविका संबंधित परामर्श प्राप्त हो सके और आजीविका प्लान आसानी से बन सके। 14 जनवरी को विकासखंड के समस्त संकुल स्तरीय संगठनों एवं ग्राम संगठन स्तर पर विशेष पतंग महोत्सव, गुड तिल बैठक का आयोजन किया जाकर समूह सदस्यों द्वारा पतंगबाजी का आंनद उठाया और स्व-सहायता समूहों की दीदीयों के द्वारा हौसलों की उड़ान विशेष कार्यक्रम पर पतंग महोत्सव पर लखपति दीदियों से मिलकर समता समन्वयक एवं समता सखी द्वारा समूह की दीदियों के साथ होसलो की उड़ान के अंतर्गत पतंग महोत्सव मनाया गया जिसमे सावित्री बाई फुले की कहानी के माध्यम से तिल गुड बाट कर समानता एवं एकता का परिचय दिया।

# पुलिस ने चोरी, लुट, डकैती व हत्या का प्रयास ईनामी डकैत को गिरफ्तार किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा



पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी के मार्गदर्शन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन मे, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी श्री सुनिल कुमार गुप्ता के निर्देशन मे चोर/डकैतो को पकडने के लिए व बदमाशो के विरुध्द सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गए थे।

इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी व टांडा पुलिस ने आरोपीयो की धरपकड हेतु लगातार दबिश दी जा रही थी, की ग्राम गुड़ा का डकैत करमु पिता रतन भील ग्राम गुड़ा का लगातार चोरी, लुट, डकैती, व हत्या का प्रयास में गम्भीर अपराध मे फरार था ।करमु पिता रतन भील निवासी गुडा की मुखबिर से सूचना पर थाना टांडा पुलिस द्वारा अलग अलग टीम बनाकर आरोपी को धर दबोचा,आरोपी से पूछताछ मे राजगढ़ के 6 मामले में चोरी, लुट, डकैती में साथियों के साथ करना कबूला आरोपी से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया व शातिर बदमाश से अन्य अपराध मे पुछताछ की जा रही है।आरोपी के विरुध्द थाना टाण्डा में हत्या के प्रयास एक अपराध एंव थाना राजगढ मे चोरी, लुट एंव डकैती के कुल 6 अपराध मे फरार था। आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए द्वारा कुल 35 हजार रुपये का इनाम घोषित था ।

आरोपी को गिरफ्तार करने मे थाना टाण्डा प्रभारी संजय कुमार रावत,उप निरीक्षक भूपेन्द्र खरतिया, आर. 1136 निलेश सापले, आर. 593 विनोद, आर. 1068 सुनिल पंवार व प्रशांत सायबर पुलिस धार की मुख्य भुमिका रही। श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक अधीक्षक धार द्वारा उक्त सराहनिय कार्य करने वाले पुलिस स्टाफ को पृथक से नगद ईनाम देने की घोषणा की गई।

# टंट्या मामा मूर्ति घोटाले में जांच के नाम पर हो रही लीपापोती के खिलाफ कांग्रेस 17 जनवरी करेगी धरना प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

खरगोन नगर पालिका परिषद द्वारा टंट्या मामा की मूर्ति लगाने में हुए भारी भ्रष्टाचार पर आधीअधूरी कार्यवाही करते हुए मात्र दो इंजीनियरों को नोटिस थमाकर और फर्म को ब्लैक लिस्टेड कर इस मामले में बड़े लोगों को बचाया जा रहा है । जबकि इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ की भूमिका भी संदिग्ध है।

अजीब बात यह है कि जिस नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार हुआ उसी नगर पालिका की सीएमओ को जांच अधिकारी बना दिया गया। और इसके बाद सारे मामले की लीपापोती कर कर दी गई ।इसके विरोध में तथा मणिकर्णिका घाट वाराणसी में मां अहिल्या देवी की मूर्ति तोड़ेजाने के खिलाफ एवं इंदौर में दूषित पानी पीने से लगातार हो रही मौतों के विरोध में दिनांक 17 जनवरी को दोपहर 12 बजे से टंट्या मामा की प्रतिमा के सामने बिष्टान रोड खरगोन में कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी खरगोन के प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने प्रेस विज्ञप्ति देते हुए बताया कि भाजपा की नगर पालिका परिषद महापुरुषों को भी भ्रष्टाचार में नहीं छोड़ रही है और ये सिर्फ भ्रष्टाचार का ही मामला नहीं है बल्कि आदिवासी समाज के साथ साथ जननायक क्रांतिकारी टंट्या मामा का भी अपमान है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और टंट्या मामा को मानने वाले आमजन से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

# बड़वानी पुलिस की अवैध चायनीज मांजा विक्रय पर प्रभावी कार्यवाही

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर द्वारा जिले में चायनीज मांजा से होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए इसके निर्माण, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए थे, जिनके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी बड़वानी श्री दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली बड़वानी प्रभारी निरीक्षक श्री दिनेश सिंह कुशवाह द्वारा टीम गठित कर कस्बा बड़वानी क्षेत्र में दुकानों की सघन चेकिंग की गई। इसी क्रम में मुखबिर सूचना के आधार पर मायरा चौक स्थित कमल पतंग भंडार पर दबिश दी गई, जहाँ दुकानदार चमन पिता भगवान गोले उम्र 28 वर्ष निवासी रैदास मार्ग मायरा चौक बड़वानी को प्रतिबंधित चायनीज मांजा (धागा) का विक्रय करते हुए पाया गया। आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित चायनीज मांजा की कुल 7 नग गिर्री (गट्ठे), अनुमानित कीमत 5 हजार रुपये को विधिवत पंचनामा बनाकर जप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला दण्डाधिकारी बड़वानी द्वारा मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर चायनीज मांजा के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए थे, जिनका आरोपी द्वारा पूर्णतः उल्लंघन किया गया। चायनीज मांजा मानव, पशु-पक्षियों के संपर्क में आने पर गंभीर चोट एवं मृत्यु का कारण बन सकता है तथा यह पर्यावरण के लिए भी अत्यंत घातक है। आरोपी चमन गोले के विरुद्ध थाना कोतवाली बड़वानी पर अप.क्र. 28/25 धारा 223, 125 बीएनएस एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986की धारा 15 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली बड़वानी श्री दिनेश सिंह कुशवाह, उप निरीक्षक रवि ठाकुर,प्रधान आरक्षक दीपक डोडियार, आरक्षक आत्माराम, आरक्षक पुरुषोत्तम की सराहनीय भूमिका रही।

# आदिवासी महासम्मेलन में आये नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, आदिवासी कोड की उठाई आवाज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



नेपानगर के ग्राम चेनपुरा में आयोजित 33 वां आदिवासी महासम्मेलन में दूसरे दिन कांग्रेस नेता और मध्यप्रदेश शासन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने शिरकत की इस दौरान उन्होंने आमसभा को भी संबोधित किया जिसमें उन्होंने आदिवासी कोड की मांग उठाई उमंग सिंगार ने मंच से ही कहा कि आदिवासी समाज के प्राचीन एवं परंपरागत धर्म को भारत की 16वी जनगणना में एक पृथक आदिवासी कोड के रूप में शामिल किया जाए। जिसके लिए सम्मेलन में बड़े पैमाने पर जनसमर्थन के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें झाबुआ के पूर्व विधायक जेवियर मेडा, बापूसिंग बिलवाल, और डॉ कनिया मेडा ने अहम भूमिका निभाई झाबुआ पूर्व विधायक जेवियर मेडा ने बताया कि आदिवासी कोड आज के समय की मांग है इसके लिए माननीय नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार जी ने सम्मेलन में पहुंच कर सबसे पहले आदिवासी कोड की मांग करने वाले समर्थनपत्र को भर कर समाज के अन्य नागरिकों से भी आदिवासी कोड को भारत की 16वी जनगणना में शामिल करने की मांग उठाई है। जेवियर मेडा ने यह भी बताया कि मांग के समर्थन में महत्व पूर्ण बिंदुओं में शामिल आस्था और परंपरा में भिन्नता, प्रकृति पूजन पर आधारित जीवन दर्शन, ऐतिहासिक और संवैधानिक अधिकार, कानूनी भिन्नता और धार्मिक कानूनों का अप्रयोजन, अंतर्राष्ट्रीय दायित्व, सांख्यिकीय एवं नीतिगत महत्व जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल है। 33वां आदिवासी महासम्मेलन में हमारे द्वारा चलाए जा रहे सामूहिक हस्ताक्षर अभियान इस बात प्रमाण है कि भारत का आदिवासी समाज अपनी प्राचीन परंपरागत और स्वदेशी रूढ़िवादी धर्म परम्परा को ही मानता है।

## 16 जनवरी को कृषि वर्ष के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जायेंगे कृषि रथ

**बड़वानी** । प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। इसके अंतर्गत जिले के 7 विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में रूट चार्ट अनुसार कृषि रथ भ्रमण करेगा। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधिकरण, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, विभागीय योजनाएं, ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा पराली प्रबंधन से संबधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 16 जनवरी को कृषि रथ विकासखण्ड बड़वानी की ग्राम पंचायत तलुनखुर्द, पिपरी एवं बोरलाय में, विकासखण्ड निवाली की ग्राम पंचायत पुरूषखेड़ा, मोगरीखेड़ा एवं कन्नड़गांव में, विकासखण्ड पानसेमल की ग्राम पंचायत नांदियाबड़, ओसवाड़ा एवं मतराला में, विकासखण्ड पाटी की ग्राम पंचायत लिम्बी, गुड़ी एवं रोसर में, विकासखण्ड राजपुर की ग्राम पंचायत खड़की, बिलवानी एवं दानोद में, विकासखण्ड सेन्धवा की ग्राम पंचायत झापड़ीपाडला, जामन्या एवं राजगड में तथा विकासखण्ड ठीकरी की ग्राम पंचायत ब्राहम्णगांव, रणगांव एवं चिचली में भ्रमण करेगा।

## एकता महासम्मेलन में आदिवासी नेताओं का जमावड़ा

**नेपानगर।** चेनपुरा क्षेत्र में आयोजित 33वें आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन के दूसरे दिन आदिवासी नेताओं का जमावड़ा लगा। प्रदेश के लगभग एक दर्जन आदिवासी विधायकों के अलावा गुजरात, राजस्थान समेत देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी विधायक और सांसदों ने सम्मेलन में शिरकत की।नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 2027 में होने वाली 16वीं जनगणना में आदिवासी कोड बनाने की मांग उठाई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद धार जिला धार (म.प्र.)**

Email-cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक/315/स्टोर शाखा/2026 — धार, दिनांक 13.01.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद धार निम्न कार्य करवाये जाने हेतु ई-निविदा सूचना शासन के www.GeM.Gov.in पर आमंत्रित की गई है ।निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट पर ही उपलब्ध रहेगा।

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रं. | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | GEM/2026/B/7088201 | Hiring Of prefabricated Toilet |
| 2. | GEM/2026/B/7094524 | 6-Seater Modular Toilet |
| 3. | GEM/2026/B/7095386 | Swing/gym equipment |
| 4. | GEM/2026/B/7103534 | Portable Toilet Two Seater |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धार

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- विकासकर्ता तर्फे एंजीस कंसलेंट एंड कंस्ट्रक्शन क्रेता- मेसर्स विकास डेवलपर्स तर्फे अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री मनीष गंगवाल पिता तुलसीराम गंगवाल पता- भूखंड क्रमांक 156 रास ग्रीन कालोनी इन्दौर पिन- 1004454812 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मेसर्स एक्सीलेंट इन्फ्राबिल क्रेता- मनीष जैन पिता सुरेशचंद्र जैन पता- भूखंड क्रमांक 60 एक्सोटिका वुड्स इन्दौर पिन- 2000121602 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नरेशचंद्र पिता मेवाराम गुप्ता क्रेता- शैलेष पिता श्यामलाल जायसवाल वार्ड क्रं. 29 पता- 50 सीएफ रजत जयंती इन्दौर पिन- 1000419517 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- जयश्री पति तोलाराम क्रेता- लवकेश पिता विष्णुप्रसाद वार्ड क्रं. 34 पता- 1718 स्कीम नं.114 प्रथम इन्दौर पिन- 1000991697 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- नवीन कुमार पिता शारदा पांडेय क्रेता- धनसिंह पिता जयराम साहू, रानी पति धनसिंह वार्ड क्रं. 34 पता- 239 फेस-2 पिंकी सिटी स्कीम नं. 78 प्रथम इन्दौर पिन- 1000988304 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

खास न्यूज

## गरोठ ब्रिज के नीचे बस ने मारी बाइक सवार को टक्कर




**उज्जैन।** आगर-उज्जैन मार्ग पर चिमनगंज थाना क्षेत्र स्थित गरोठ ब्रिज के नीचे गुरूवार दोपहर इंदौर-नलखेड़ा के बीच चलने वाली गोल्डन सर्विस की यात्री बस ने बाइक सवार राजेश पिता ग्यारसीलाल केवट 45 साल निवासी गढ़ कालिका रोड को टक्कर मार दी। राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक पैर टूट गया। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला था। रास्ते से गुजर रहे करण माली निवासी वृद्धावनपुरा ने घायल को देखा तो पहचानते हुए अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। चिमनगंज थाना एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। बस को जप्त कर लिया गया है। करण की शिकायत पर दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## लापता हुई बालिका को पुलिस ने 4 घंटे में तलाशा

**उज्जैन।** घर से शाम 6.30 बजे पशुपतिनाथ मंदिर जाने का बोलकर निकली 14 साल की बालिका काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, नहीं मिलने पर देवासगेट थाना पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बालिका की तलाश के लिये तत्काल प्रधान आरक्षक नागेन्द्र सिंह और आरक्षक तरुण दादोरिया को अलर्ट कर रवाना किया। दोनों ने हीरामिल की चाल, मायापुरी, सुदामानगर क्षेत्र में तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला 4 घंटे बाद जानकारी सामने आई कि बालिका कोढ़िया बस्ती क्षेत्र में दिखाई दी है। दोनों पुलिसकर्मी कोढ़िया बस्ती पहुंचे और कुछ देर की सर्चिंग के बाद बालिका को खोज निकाला। थाने लाने पर सामने आया कि घर से नाराज होकर चली गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द किया गया है।

## उन्हेल तिराहा मार्ट के सामने 2 पक्षों के बीच विवाद

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के उन्हेल तिराहा पर डी मार्ट के सामने बुधवार-गुरूवार रात भरत उर्फ भोला पिता गोविंदनाथ योगी निवासी एमआर-5 मार्ग बाबा ढाबा के पास और रोहित पिता भारत परिहार निवासी आगर नाका के बीच विवाद हो गया। दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक-दूसरे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर रिक्शा में तोड़फोड़ की। मामला थाने पहुंचने पर भरत उर्फ भोला आरोप लगाया कि टल्ला लगने की बात पर रोहित , छगन, क्रिश, मोंटी, अनमोल और बिट्टा ने मारपीट की। घटना में उसे और साथी शंकर, सलमान घायल हुए है। वहीं रोहित ने आरोप लगाया कि वह रिक्शा चलाता है। आरोपियों ने रिक्शा से छोड़ने की बात कहीं थी, मना करने पर रिक्शा में तोड़फोड़ कर नुकसान किया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उसे और दोस्त अनमोल घायल हुए है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## लापता पति नहीं मिला, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**उज्जैन।** चरक अस्पताल में 13 जनवरी की देर शाम लीलाबाई 40 साल को कालू भील निवासी ग्राम मोरवानी रतलाम लेकर पहुंचा था। उसने खुद को लीलाबाई का पति बताते हुए जानकारी दी कि देवास में हुई दुर्घटना में घायल हुई है। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस अस्पताल पहुंची लेकिन लीलाबाई बोल पाने की हालत में नहीं थी। पति कालू ने बताया कि रेलवे स्टेशन देवास में कार चालक ने टक्कर मारी थी। वह ट्रेन से पत्नी को उज्जैन लेकर आया है। पुलिस लीलाबाई की हालत में सुधार का इंतजार कर रही थी। लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस दोबारा अस्पताल पहुंची तो पति कालू भी लापता हो गया था। पुलिस ने कालू भील द्वारा लिखाये गये पते पर संपर्क कर सूचना दी लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई। बुधवार दिनभर लापता पति को तलाशने के प्रयास किये गये, गुरूवार दोपहर तक कुछ पता नहीं चला। एसआई हर्षिता सावरियां ने बताया कि परिजनों और पति की जानकारी नहीं मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराकर लाश को दफनाने की प्रक्रिया पूरी की गई है। मृतक महिला को दुर्घटना में मामूली चोंट थी, लेकिन पता चला है कि वह पूर्व से किसी गंभीर बीमारी से भी ग्रस्त थी।

### देशभर में लोगों के साथ की धोखाधड़ी, साथी हरियाणा पुलिस की हिरासत में

# गिरफ्त में पार्टनरशीप के नाम पर 1.85 करोड़ ठगने वाला आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप का झांसा देकर महिला के साथ 1.85 करोड़ का ठगी करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। आरोपी का एक साथी हरियाणा पुलिस की गिरफ्त में है। दोनों ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर देश के कई राज्यों में लोगों को ठगा है।

केशवनगर में रहने वाली विजया पति प्रदीप हरेल ने नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि सिंगरौली में रहने वाले संजीव कुमार सिंह और भोपाल निवासी निशीकांत मिश्रा ने मेक रेकॉन फर्म में पार्टनरशीप के नाम पर 1 करोड़ 85 लाख 50 हजार 500 रूपये की धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शिकायत की



जांच के बाद मामले में 24 दिंसबर 2025 को दोनों के खिलाफ धारा 318 (4), 316 (2), 316 (5), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। दोनों की तलाश के लिये एसआई यादवेन्द्र परिहार, भूपेन्द्र चौहान, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, पियूष मिश्रा, आरक्षक पुष्पराज की टीम गठित की गई थी।

21 दिन बाद गुरूवार को मामले में शामिल आरोपी संजीव कुमार पिता रामजन्म सिंह 50 साल निवासी हरयपुर थाना बेढन जिला सिंगरौली को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद सामने आया कि उसके साथी निशीकांत मिश्रा मिसरोद भोपाल को साइबर और वित्तिय धोखाधड़ी के मामले में हरियाणा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल संजीव कुमार सिंह से पूछताछ जारी है। शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

### नहीं खोली फर्म, राशि लौटाने से किया मना

बताया जा रहा है कि दोनों आरोपियों ने शिकायतकर्ता विजया हरेल को वर्ष 2022-23 में मेक रेकॉन फर्म खोलने का झांसा देते हुए बताया था कि वह पुरानी बड़ी मशीनों को खरीदकर उन्हे नई बनायेगें और कंपनियों को बेचेंगे। फर्म में विजया हरेल पार्टनर बनाने की बात कहीं गई थी और अलग-अलग समय में करोड़ों की राशि लेकर परिचितों और तीसरे पक्ष की कंपनी के खाते ट्रांजेक्शन कर दिया। दोनों ने कोई फर्म नहीं खोली। विजया हरेल को दोनों की करतूत का पता चला तो राशि लौटाने की बात कहीं लेकिन उन्होने राशि लौटाने से साफ इंकार कर दिया।

### कई राज्यों में दोनों ने की धोखाधड़ी

नीलगंगा थाना एसआई यादवेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि दोनों आरोपियों ने देश में मध्यप्रदेश के साथ हरियाणा, तेलंगाना सहित कई राज्यों में लोगों को निवेश, व्यवसाय और पार्टनरशीप का झांसा देकर ठगी को अंजाम दिया है। दोनों अंतरराज्यीय स्तर पर ठगी को अंजाम दे चुके है। उनके खातों की जांच शुरू की गई है। जिसमें अनाधिकृत तरीके से करोड़ों का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी सामने आई है। वह कई राज्यों में वांटेड है।

**शिकायतकर्ता का पति बड़ी कंपनी में मैनेजर-** पुलिस के अनुसार करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपियों की शिकायत करने वाले केशव नगर निवासी विजया हरेल के पति डीबीएल कंपनी में मैनेजर है। दोनों ने इसी बात का फायदा उठाकर परिचय किया था और विजया हरेल को पार्टनरशीप का झांसा दिया। 2023 से वह फर्म खोलने के नाम पर राशि प्राप्त करते रहे। लेकिन 2 साल बाद भी फर्म नहीं खोली।

## मकान का ताला तोड़ बदमाशों ने दिया चोरी को अंजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाना खाने के बाद परिवार नये मकान में सोने चला गया, रात में बदमाशों ने पुराने मकान पर लगा ताला तोड़ा और नगद राशि के साथ सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। सुबह परिवार के जागने पर वारदात का पता चला तो पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई।

महाकाल थाना क्षेत्र के लालपुल स्थित पीर जंगली दरगाह के पास प्रदीप पिता भैरूलाल माली का मकान बना हुआ है। मंगलवार-बुधवार रात उसके मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने अलमारी में रखे डेढ़ लाख रूपये नगद, सोने की अंगूठी, पैंडल, चांदी के आंवले, कंदौरा, बिछिया, 2 जोड़ पायजेब और बच्चों के कड़े चोरी कर लिये। सुबह परिवार जागा तो मकान का ताला टूटा मिला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। एएसआई लाखनसिंह जांच के लिये मौके पर पहुंचे। इस दौरान प्रदीप माली ने बताया कि जिस मकान में चोरी हुई है वह पुराना मकान है। खाना वहीं बनाते है, रात में खाना खाने के बाद कुछ दूरी पर बने नये मकान में सोने चले गये थे। पुराने मकान पर ताला लगा हुआ था। एएसआई ने जांच के बाद मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि पीर जंगली दरगाह के आसपास कैमरे नहीं लगे है। क्षेत्र में माली और मुस्लिम समुदाय के परिवार निवास करते है। आशंका जताई जा रही है चोरी को नशा करने वाले बदमाशों ने अंजाम दिया होगा। जिनका पता लगाने के लिये लालपुल क्षेत्र के मार्गो पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जायेगें।

### 2 साल पहले उपचार के चलते युवक की मौत

# हाईकोर्ट के आदेश पर सील हुआ नवजीवन दवाखाना





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गुरुवार को मक्सी रोड पर संचालित होने वाले नवजीवन दवाखाने को हाईकोर्ट के आदेश पर सील कर दिया। २ साल पहले उपचार के दौरान युवक की मौत होने का मामला सामने आया था।

हरदेनिया काम्पलेक्स गणेशपुरा मक्सी रोड नगर निगम झोन क्रमांक 5 के सामने डॉ रंजन त्रिवेदी द्वारा सालों से नवजीवन दवाखाना संचालित किया जा रहा था। २ साल पहले क्षेत्र का ही रहने वाला सागर गुप्ता उपचार के लिए दवाखाने पर होता था। डॉ त्रिवेदी द्वारा उपचार किया गया था, जिसके दौरान युवक की हालत बिगड़ गई थी उसे निजी अस्पताल ले जाया गया था जहां उसकी मौत होना सामने आया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। युवक की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टर को नोटिस जारी किया गया था और अस्पताल बंद करने की कार्रवाई की थी। लेकिन मृतक युवक के परिजनों ने उच्च न्यायालय इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। जिस पर सुनवाई पूरी होने के बाद उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए नवजीवन दवाखाने को बंद करने के आदेश जारी कर दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक पटेल के पास दवाखाने को बंद करने का आदेश पहुंचने के बाद गुरुवार को डॉ. विक्रम रघुवंशी, प्रभारी मेडिकल ऑफिसर माधवनगर, डॉ. प्रदीप सोमेश चिकित्सा अधिकारी माधवनगर, आर.के. वाडिया, आर्टिस्ट फोटोग्राफर, जीवन कुमावत सहायक ग्रेड-3 और विकास राजपूत संगणक की टीम को मक्सी रोड रवाना किया। टीम ने हाई कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए नवजीवन दवाखाने को सील कर दिया।

# यातायात नियमों से विद्यार्थियों को कराया अवगत

### विद्यार्थियों के लिये क्वीज प्रतियोगिता भी रखी गई थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा,जीवन रक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। गुरूवार को यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को नियमों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों के लिये क्वीज प्रतियोगिता भी रखी गई थी।

वर्ष 2026 का प्रथम माह जनवरी सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा माह के रूप में पुलिस द्वारा मनाया जा रहा है। प्रतिदिन यातायात नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को पुलिस कंट्रोल रूम पर विद्यार्थियों के लिये कार्यशाला और क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यशाला में एएसपी आलोक शर्मा, यातायात डीएसपी विक्रमसिंह कनपुरिया, दिलीपसिंह परिहार उपस्थित रहे। जिन्होने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी, सड़क सुरक्षा के महत्व, हेलमेट की उपयोगिता, सीट बेल्ट की जानकारी के साथ नियमों से अवगत कराया गया। कार्यशाला को जागरूक और रोचक बनाने के उद्देश्य से ट्रेफिक क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लेकर यातायात नियमों से संबंधित अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। यातायात पुलिस नियमों को लेकर शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन भी कर रही है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**वाणिज्य शाखा**
**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है । केटलॉग को (www.ireps.gov.in) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं. :** MSS-INDB-26-1. **अनुबंध का प्रकार:** MSS. **लॉट नं. :** MSS-RTM-INDB-PrKiosk-76-26-1 (Misc.-Static-Services-Promotional Kiosk). **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष. **ई-नीलामी की तिथि:** 28.01.2026. **समय:** प्रातः 11:00 बजे. प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है । IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

DE/4/1/415

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

## गांजा तस्करी में शामिल आरोपी को 2 साल की सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पांच साल पहले गांजा तस्करी में गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय ने 2 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया है। फैसला आते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेज दिया। महाकाल थाना पुलिस ने 16 जुलाई 2020 को मुखबीर से सूचना मिलने के बाद कार्तिक मेला ग्राउंड से भूखी माता मंदिर की ओर आ रहे बाइक सवार मानसिंह पिता नाथूसिंह सिसौदिया गाम खड़लिया मानपुर थाना झारड़ा को हिरासत में लिया था। उसके पास से एक बेग में भरा 6 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। जिसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि पांच साल चली सुनवाई के बाद एनडीपीएस एक्ट न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पवन कुमार पटेल ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को 2 साल की सजा और 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा जप्तीकर्ता एसआई ओमप्रकाश जोशी को अनुसंधान में विधिक परामर्श और साक्ष्य संकलन में मागदर्शन प्रदान किया।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा क्रमांक: EL/TRD/ 58/2x25/EPC-PSI/01, दिनांक: 12.01.2026. कार्य का नाम:** Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132/55KV Scott Connected Traction Substation and Switching Posts for 2x25KV feeding system between Godhra-Ratlam section of Ratlam Division of Western Railway. **अनुमानित लागत:** ₹ 146,06,00,000/-. **बयाना राशि:** ₹. 74,53,000/-. **समापन अवधि:** 24 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 30.01.2026 up to 15.00 hrs की जगह 16.02.2026 up to 15.00 hrs. **तकनीकी बोलीयां खोलने की दिनांक एवं समय:** 13.02.2026 up to 15.30 hrs की जगह 27.02.206 up to 15.30 hrs. **ऑफर की वैधता:** 180 days from the date of opening. **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in **नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने।

DE/13/1/413

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

हर आम एवं खास को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ईश्वरसिंह पिता नाथुसिहजी राजपुत एवं श्रीमती आनंदकुवरबाई पति ईश्वरसिहजी राजपुत निवासीगण ग्राम रूनीजा तहसील बडनगर के होकर उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम गजनीखेडी तहसील बडनगर मे भूमि सर्वे नम्बर 684 रकबा 0.13 सर्वे नम्बर 685 रकबा 0.08 सर्वे नम्बर 694/1 रकबा 0.09 सर्वे नम्बर 694/2 रकबा 0.08 सर्वे नम्बर 695, 696/1 रकबा 0.69 सर्वे नम्बर 669/1 रकबा 0.04 सर्वे नम्बर 697 रकबा 0.18 सर्वे नम्बर 698 रकबा 0.20 सर्वे नम्बर 696/2 रकबा 0.05 आरे सर्वे नम्बर 699/2 रकबा 0.20 कुल किता 10 कुल रकबा 1.74 हे. ग्राम रूनीजा बडनगर मुख्यमार्ग पर स्थित है। उपरोक्त भुमि को जगदीशगली बडनगर निवासी फिरोज उद्दीन पिता हाजी लियाकत खॉन ने कतई बिक्री करने का सोदा वर्ष 2024 में किया था तथा बयाना राशि भी मेरे पक्षकार को अदा कर दी थी तथा शेष बिकी सम्पूर्ण राशि विक्रयपत्र सम्पादन इकरार दिनांक 05/10/2025 तक मेरे पक्षकार को अदा कर विकय पत्र सम्पादन करना था किन्तु उक्त अवधि गुजरने के पश्चात भी आज दिनांक तक फिरोज उद्दिन पिता हाजी लियाकत खॉन ने उपरोक्त भूमि की शेष सम्पूर्ण राशि मेरे पक्षकार को अदा नही की और न ही इंकरार का पालन किया इसलिए उपरोक्त भूमि का किया गया सोदा स्वमेव निरस्त हो चुका है तथा दी गई बयाना राशि आयी गयी मानी जावे अब मेरा पक्षकार उक्त भूमि को अन्यत्र (कही भी) अन्तरण हस्तान्तरण करने हेतु स्वतंत्र है सूचित हो ।

दिनांक-15/01/2026

**मुकेश अग्रवाल एडव्होकेट**
**कोर्ट परिसर बडनगर**
**निवास - रूनिजा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन**
**मो.न. - 7987272223**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 22/6 जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 2254/3 का भाग होकर कोट मोहल्ला महाकाल मार्ग गली न. 06 उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 74.25 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- गली, पश्चिम मे- भूमि रास्ता, उत्तर मे- कालीदास की भूमि, दक्षिण मे- हरिजन क्वार्टर न. 18 स्थित है। उक्त सम्पत्ति मोहनलाल पिता छोटु ने नोटराइज्ड वसीयत पत्र दिनांक 13/09/2005 को सोना बाई पति घासीराम के हित में निष्पादित किया । तथा मोहनलाल का स्वर्गवास दिनांक 22/10/2007 को हो जाने के पश्चात सोना बाई ने उक्त संपत्ति पर अपने नाम का नामातंरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 347/2015/7पीटी जावक न. 31 दिनांक 01/02/2016 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा सोना बाई ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022017A1331451 दिनांक 19/06/2017 को बबलु सांगते पिता घासीराम सांगते को विक्रय कि। एवं बबलु सांगते ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी. लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस. एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमाक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352**

## अपने उत्थान का पर्व



भीष्म पितामह ने बाणों की शय्या पर लेटे-लेटे उत्तरायण के इसी दिन की प्रतीक्षा की थी, क्योंकि उत्तरायण को श्रेष्ठ माना गया है। इसे देवत्व प्राप्ति कराने वाला सात्विक काल माना गया है। इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त भीष्म चाहते थे कि उनकी अंतिम श्वास तभी निकले, जब सूर्य उत्तरायण हो, इसलिए हम इस दिन को तपस्या का चिह्न मानते हैं। रोज सुबह चाहे उठो या न उठो, पर ऐसे विशेष पर्व पर ब्रह्ममुहूर्त में अवश्य जागना चाहिए। मकर संक्रांति का जो आध्यात्मिक पक्ष है, उसे अब हम समाज और शरीर से जोड़कर देखते हैं। अगर आप इस दिन सूर्य की साधना करेंगे, दान करेंगे, तो ऐसा माना जाता है कि आप अपने तन के साथ-साथ आध्यात्मिक उपलब्धि और सामाजिक क्षेत्र को बलवान करने का उपाय करते हैं। मकर शनि की राशि है। अगर हम इसे अध्यात्म की दृष्टि से देखें, तो शनि नाम है तपस्या का, त्याग का, खोज का, संन्यास का और वीतराग का। जिनको इनकी समझ नहीं है, उनको शनि खराब लगते हैं, लेकिन धर्म और अध्यात्म की दृष्टि से शनि बहुत उत्तम हैं। तुम्हारे द्वारा किए गए कर्म के कारण शनि तुम्हें दंड देते हैं और तुम्हारे द्वारा किए गए पुण्य-कर्म शनि देवता की शक्ति बनकर तुम्हें सुदृढ़ कर देते हैं। पौराणिक उदाहरणों के मुताबिक, शनि देव भगवान शिव और श्रीकृष्ण के भक्त हैं। इसका मतलब शिव और श्रीकृष्ण दोनों के ही भक्त शनि से सुरक्षित हो जाते हैं। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करता है, तो उस प्रवेश से वातावरण में जो तरंगें उत्पन्न होती हैं, वे सृष्टि में जहां-जहां भी जल है, उस जलराशि में अपना काम करती हैं। मनुष्य के शरीर में 70 प्रतिशत जल है। शरीर जब तक सजीव है, तब तक उसमें 70 प्रतिशत जल रहता है। इसलिए देव नदियों में तुम्हें स्नान करना चाहिए। अगर तुम कहते हो कि सूर्य का हमसे कोई लेना-देना नहीं है, तो तुम भूल में हो। विश्व की तमाम पुरानी संस्कृतियों में सूर्य को उपासना का केंद्र बनाया गया है। रोम, मेक्सिको और भारत से जुड़े हुए पड़ोसी देशों में भी सूर्य की पूजा होती है। वहां सूर्य की मूर्तियां चिह्न रूप में पूजी जाती हैं। अंतर बस इतना है कि भारत के मनीषियों ने सूर्य को खोज का विषय बनाया। सूर्य की हर गति का प्रभाव सीधे तौर पर धरती के सभी जीवों पर पड़ता है। पुराण और ज्योतिष की दृष्टि से मकर संक्रांति का बहुत महत्व है। संक्रांति मतलब क्रांति, यानी बदलाव। आप अपने मन को संक्रांत करिए, मतलब स्वयं को बदलिए। शरीर रोगी है, तो उसे रोग से मुक्त करने का संकल्प करें। अपने उत्थान के लिए अपने आपको श्रेष्ठ बनाने के लिए प्रयत्न करना आवश्यक है। इसके लिए मकर संक्रांति से उत्तम अवसर और कोई दूसरा हो ही नहीं सकता।

**सम्पादकीय**

## चढ़ते सोना-चांदी

स्वर्ण और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी थमने का नाम नहीं ले रही है। दो साल पहले जनवरी में ही स्वर्ण की कीमत 64 हजार रुपये तोला थी, आज यह एक लाख चालीस हजार रुपये के पार चढ़ती चली जा रही है। चांदी की कीमत भी दो साल के समय में 77 हजार रुपये से दो लाख नब्बे हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। वैसे, तो सोने और चांदी के भाव का बढ़ना कोई अचंभा नहीं है, पर जितनी तेजी से दाम बढ़ रहे हैं, उससे चिंता वाजिब है। पहली नजर में, सोना और चांदी को निवेश के लिए स्वर्ग माना जाता है। पिछले सप्ताह भारत में सोने की कीमत में तेजी से वृद्धि हुई और यह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। सिर्फ पांच दिन में 24 कैरेट सोने की कीमत लगभग 51,500 रुपये प्रति 100 ग्राम बढ़ गई है। मकर संक्रांति के अवसर पर आभूषणों की मांग ने भारत में सोने की कीमतों को सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा दिया है। वैश्विक स्तर पर अगर देखें, तो डॉलर की मजबूती और जगह-जगह युद्ध के हालात से भी सोने की मांग को मजबूती मिल रही है।

चांदी की कीमत बढ़ने के पीछे के कारण कुछ अलग भी हैं। यह सर्वविदित है कि उसका औद्योगिक इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। उसकी मांग ज्यादा है और आपूर्ति कम, अतः उसकी कीमतों में इन दिनों हम ज्यादा तेज बढ़ोतरी देख रहे हैं। चांदी की कीमत तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच रही है। चांदी को पहले आम लोगों के लिए उपयोगी धातु के रूप में माना जाता था, लेकिन उसकी कीमतों का बढ़ना पूरे समाज के लिए चिंता की बात है। कोई संदेह नहीं है कि चांदी की कीमतों को महंगाई से जोड़कर देखा जाएगा। व्रतों-उत्सवों पर चांदी के जेवरों का आदान-प्रदान सबसे सहज ढंग से होता है, लेकिन अगर चांदी की कीमतों में यही तेजी बनी रही, तो इससे ज्यादातर लोगों की सामाजिकता भी प्रभावित होगी। शादी व अन्य संस्कारों का खर्च बहुत बढ़ जाएगा। पचास ग्राम वजन की एक जोड़ी पायल भी अब 15 हजार रुपये से कम में नहीं मिलेगी। क्या सरकार इस मोर्चे पर कुछ कर सकती है? क्या आज के दौर में धातु के भाव को नियंत्रित किया जा सकता है? अगर भाव को नियम बनाकर तय करने की कोशिश नहीं होगी, तो सोने-चांदी की जमाखोरी और कालाबाजारी को बढ़ने से कैसे रोका जाएगा? एक उदारीकृत अर्थव्यवस्था में फिलहाल यही कहा जा सकता है कि सोने और चांदी को बाजार भरोसे ही छोड़ दिया जाए।

**ममता की राजनीति**

# अमित शाह पर आरोप लगाकर बचने की कोशिश में दीदी ?

सच्चाई तो यह है की वोटों की राजनीति आज की बहुत बड़ी हकीकत है। देश का हर एक राजनीतिक दल सत्ता के ख्वाब देख रहा है लेकिन स्थिति 10 साल पहले जैसी नहीं है। वोटरों की सोच बदल रही है। समुदायों का नजरिया बदल रहा है। राष्ट्रवाद बढ़ रहा है। धर्म आधारित राजनीति लोकतंत्र की पटरी पर दौड़ रही है। राजनीतिक दलों की सोच बदल रही है, नीतियां बदल रही हैं, लक्ष्य बदल रहे हैं और जो नहीं बदल रहे वे वैसाखियों पर घिसट रहे हैं। जब देश के बहुसंख्यक हिंदुओं में आत्म गौरव का संचार हो रहा है तब विपक्षी दलों का मुस्लिम तुष्टिकरण करना अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही है। एक तरफ देश में हिंदुओं का भाजपा के पक्ष में ध्रुवीकरण हो रहा है तो दूसरी तरफ मुस्लिम तबका भी एकजुट होता दिखाई दे रहा है। हिंदुओं का ध्रुवीकरण और एकीकरण जहां एक ओर भाजपा और हिंदूवादी सांस्कृतिक संगठन आरएसएस कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर एआईएमआईएम के असुद्दीन ओवेशी अपनी धारदार तकरीरों से मुसलमानों को राजनीतिक शक्ति बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपने पक्ष में ध्रुवीकरण करने के लिए प्रयत्नशील हैं। भारतीय राजनीति में सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की स्थिति बहुत दयनीय होती जा रही है। आज की स्थिति में उसे ना तो हिंदुओं का साथ मिल रहा है और ना ही मुसलमानों का। यदि ऐसा नहीं होता तो बिहार में 61 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद 6 से अधिक सीटों पर जीत मिलती। निश्चित ही यह स्थिति स्पष्ट करती है कि कांग्रेस के हाथ से जहां हिंदुओं का साथ छूट रहा है वहीं मुसलमानों का भी छूट रहा है। हिंदू जहां एक ओर भाजपा के पक्ष में एकजुट हो रहा है वहीं देश भर में मुसलमान ओवैसी और बंगाल में हुमायूं कबीर के पक्ष में एकजुट हो रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इतनी विकट स्थिति के बाद भी कांग्रेस मुसलमानों को अपने पक्ष में ही मानकर चल रही है। यही कारण है कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि कांग्रेस मुसलमानों की पार्टी है। मुसलमानों की इज्जत कांग्रेस की वजह से है। कांग्रेस का मतलब मुसलमान और मुसलमान का मतलब कांग्रेस है। इस सबके बावजूद मुसलमान कांग्रेस से दूरी बनाता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसने अपने विभाजन से कई कांग्रेस बनाई हैं। उनमें से एक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी की तृणमूल कांग्रेस है। पिछले तीन लगातार विधानसभा कार्यकालों से दीदी राज्य की मुख्यमंत्री हैं। वे एक चतुर राजनेता हैं इसमें कोई शक नहीं। यदि ऐसा नहीं होता तो उनका राजनीतिक जीवन इतना प्रभावशाली नहीं होता कि वह सात बार देश की सांसद रहतीं। 2011 में जब उन्होंने पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा में मां मानुस माटी का नारा देकर 34 साल के वामपंथी राज को उखाड़ फेंका था तब किसी ने नहीं सोचा था कि दीदी न केवल बंगाल के मुसलमानों की हद दर्जे की रहनुमा बन जाएंगी बल्कि मुसलमानों को दूसरे देशों से आयात कर पश्चिम बंगाल की डेमोग्राफी को बदल देंगी। आज उन पर जो आरोप लग रहे हैं वे स्पष्ट करते हैं कि दीदी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को अपना वोट बैंक बनाने के लिए राष्ट्र विरोधी काम किया। यही कारण है कि ममता बनर्जी की जो लोकप्रियता 2011 में रही उसमें 2016 में भले ही ज्यादा कमी नहीं आई लेकिन 2021 आते-आते उसमें उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। यदि ऐसा ना होता तो भाजपा 2019 में 18 लोकसभा सीटें नहीं जीत पाती तो वहीं विधानसभा में 2016 में उसकी तीन सीटों से वह 2021 में 77 का आंकड़ा पार नहीं कर पाती। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन 2019 जैसा नहीं रहा और उसे लोकसभा की मात्र 12 सीटों पर संतोष करना पड़ा किंतु इसमें कोई दो राय नहीं कि 2019 के लोकसभा और 2021 के विधानसभा चुनावों में उसने अपने पैर राज्य में मजबूती से जमाए। यह एक स्थापित तथ्य है कि दीदी रक्त रंजित राजनीति से परहेज नहीं करतीं। जिस पैटर्न पर वामपंथियों ने 34 साल राज्य पर शासन किया कमोबेश उसी पैटर्न पर ममता ने अब तक 15 साल राज्य पर शासन किया। यदि ऐसा नहीं होता तो राज्य में हर छोटे बड़े चुनाव में राजनीतिक हत्याओं का ग्राफ ऊपर की ओर नहीं होता। ममता आज भी इससे परहेज नहीं करेंगी क्योंकि राज्य की राजनीति बांग्लादेश की घटनाओं से प्रभावित होती देखी जा रही है। इस वर्ष मार्च-अप्रैल में होने वाले चुनाव ममता बनर्जी के लिए पिछले तीन चुनावों से ज्यादा कठिन और जीत की दृष्टि से संदेहास्पद दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि ममता बनर्जी का व्यवहार बहुत असंतुलित और सामान्य आक्रामकता से गंभीर आक्रमकता की ओर बढ़ता जा रहा है। ममता बनर्जी डरी हुई दिखाई दे रही हैं। बांग्लादेश में जिस तरह हिंदुओं का नरसंहार हुआ है उससे राज्य में हिंदुओं के बीच एकजुटता बढ़ी है। राज्य में बांग्लादेशी हिंदुओं के पक्ष में होने वाले प्रोटेस्ट इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि यदि खून खराब ना हुआ तो ममता बनर्जी का चुनाव जीतना मुश्किल है। दूसरी ओर चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही मतदाता सूची की स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन (एसआईआर) ने भी ममता को चिंता ग्रस्त किया है। जिसका वे निरंतर विरोध कर रही हैं। लगातार जारी इस प्रक्रिया का असर यह स्पष्ट कर रहा है कि पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठियों की संख्या बहुत अधिक है और कानूनी कार्रवाई के डर से वे स्वतः ही राज्य की सीमा से बाहर जाते देखे जा रहे हैं। ममता बनर्जी वर्तमान में इस कदर बौखलाई हुई हैं कि संवैधानिक पद पर होते हुए भी असंवैधानिक कृत्य करने से नहीं चूक रहीं। 8 जनवरी को प्राइवेट संस्था क्ढअउ पर ईडी की छापेमारी की कार्रवाई में जिस तरह उन्होंने रुकावट डाली वह उनकी हताशा और चुनाव में हारने के डर को व्यक्त कर रहा है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने ना तो तृणमूल के कार्यालय और ना ममता के निजी ठिकानों पर ही कार्रवाई की थी। उसने प्राइवेट पॉलिटिकल कंसल्टेंसी आईपैक के ऑफिस और उसके निदेशक प्रतीक जैन के ठिकानों पर कार्रवाई की किंतु ममता बनर्जी को पता नहीं कौन सा डर था कि वह हवाई चप्पल में बदहवास होकर दौड़ती हुई छापा स्थल गई और वहां से एक आईफोन और हरे रंग की फाइल कब्जे में लेकर बाहर आईं। एक मुख्यमंत्री का यह कृत्य किसी भी दशा में न केवल शासकीय जांच एजेंसी की कार्रवाई में बाधा है बल्कि आपराधिक कृत्य है।



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया
(दैनिक अवन्तिका)

## पहियों पर सवार

शहर के मुख्य चौराहे पर नैतिकता उस समय 'ट्रैफि क जाम' में फँसकर दम तोड़ने लगी, जब 'विराज खन्ना' की महँगी काली एसयूवी ने नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए गलत दिशा से प्रवेश किया। विराज उस 'ईगो-सवारी' प्रजाति का सिरमौर था, जिसके लिए सड़क के नियम केवल उन 'बेवकूफों' के लिए बने थे जिनके पास पहुँच और रसूख की कमी थी। जैसे ही ट्रैफि क लाइट लाल हुई, विराज की नैतिकता का पारा गिर गया और उसके पैर ने एक्सीलरेटर को कस दिया। उसके लिए लाल बत्ती रुकने का इशारा नहीं, बल्कि उसकी 'स्पीड' को रोकने की एक सरकारी साज़िश थी। 'अंधेर नगरी चौपट राजा' वाली लोकोक्ति यहाँ चरितार्थ हो रही थी, जहाँ विराज खुद को सड़क का अघोषित सुल्तान समझ रहा था। महँगी गाड़ी के काले शीशों के पीछे बैठा वह व्यक्ति समाज से इतना कट चुका था कि उसे बाहर खड़ी आम जनता केवल 'कीड़े-मकौड़े' नजर आ रही थी। पतन का सबसे वीभत्स बिंब तब उभरा जब पीछे से एक एम्बुलेंस के सायरन की चीख सुनाई दी। उस सायरन की आवाज में एक मरते हुए इंसान की आखिरी उम्मीद थी, जो ज़िंदगी और मौत के बीच झूल रहा था। मगर विराज खन्ना के कानों पर उसके 'ईगो' का ऐसा हैडफोन लगा था कि उसे केवल अपनी गाड़ी का महँगा म्यूज़िक सिस्टम सुनाई दे रहा था। 'अपनी गली में कुत्ता भी शेर होता है' वाली कहावत को उसने हाईवे पर चरितार्थ कर दिया था। उसने एम्बुलेंस को रास्ता देने के बजाय अपनी गाड़ी को और बीच में अड़ा दिया, ताकि कोई उसे 'ओवरटेक' करने की जुर्रत न कर सके। उसके लिए एक मिनट का समय बचाना उस अनजान मरीज की पूरी ज़िंदगी से ज्यादा कीमती था। नैतिकता यहाँ उस मरीज की साँसों की तरह उखड़ रही थी, जिसे एक अहंकारी चक्के ने कुचल दिया था। यह रुला देने वाला दृश्य था कि एक तरफ मौत का सायरन बज रहा था और दूसरी तरफ विराज अपनी 'ताकत' का प्रदर्शन कर रहा था।

जब एक दुबले-पतले ट्रैफि क सिपाही ने हिम्मत जुटाकर उसे रोकने की कोशिश की, तो विराज का अहंकार ज्वालामुखी की तरह फट पड़ा। जानते हो मेरा बाप कौन है?-यह वह अमोघ अस्त्र था जिसे उसने सभ्यता के सीने पर दे मारा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 जनवरी 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 17:59
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - त्रयोदशी 22:22 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - मूल दिन पूर्ण उपरांत मूल
योग - ध्रुव 21:06 उपरांत व्याघ्र
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 26 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन-** आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह-** चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**तुला-** किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु-** पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें।

**मकर-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**कुंभ-** कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**लघु कथा**

## हिंदी साहित्य को विद्रोही स्वर प्रदान करने वाले कथाकार : ज्ञानरंजन

ज्ञानरंजन हिंदी साहित्य की दुनिया में एक ऐसा नाम है जो कहानी विधा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले रचनाकारों में शुमार रहे वे न केवल एक उत्कृष्ट कहानीकार थे, बल्कि 'पहल' जैसी प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका के संपादक के रूप में भी जाने जाते हैं। उनकी रचनाएं मानव संबंधों की जटिलताओं, सामाजिक विडंबनाओं और व्यक्तिगत संघर्षों को इतनी गहराई से उकेरती हैं कि पाठक खुद को उनमें झांकता हुआ पाता है। साठोत्तरी पीढ़ी के प्रमुख लेखकों में से एक ज्ञानरंजन का योगदान हिंदी साहित्य को आधुनिकता और विद्रोही स्वर प्रदान करने में अहम रहा है।

ज्ञानरंजन का जन्म 21 नवंबर 1936 को महाराष्ट्र के अकोला जिले में हुआ था। उनका बचपन और किशोरावस्था विभिन्न शहरों में बीती, जिसमें अजमेर, दिल्ली और बनारस शामिल हैं। उच्च शिक्षा उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की, जहां डॉ. धीरेंद्र वर्मा से लेकर धर्मवीर भारती तक जैसे विद्वान उनके शिक्षक रहे। इलाहाबाद उनके लिए प्रिय शहर रहा, जहां उन्होंने साहित्यिक माहौल में खुद को तराशा। बाद में वे जबलपुर में स्थायी रूप से बस गए, जहां से उन्होंने अपनी साहित्यिक गतिविधियां संचालित की, यहीं जबलपुर विश्वविद्यालय से उन्हें मानद डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की उपाधि भी मिली।

उनका पारिवारिक पृष्ठभूमि साधारण थी, लेकिन साहित्य के प्रति उनकी रुचि बचपन से ही थी। साठ के दशक में वे 'चार यार' मंडली के सदस्य बने, जिसमें दूधनाथ सिंह, काशीनाथ सिंह और रवींद्र कालिया जैसे लेखक शामिल थे। यह मंडली हिंदी साहित्य में एक नई लहर लेकर आई, जो परंपरागत साहित्य से विद्रोह करती हुई आधुनिक मुद्दों पर केंद्रित थी। ज्ञानरंजन की सोच में विद्रोह का तत्व प्रमुख था झ्र चाहे वह सामाजिक मानदंडों के खिलाफ हो या अंतरंग रिश्तों के प्रति। उन्होंने कभी भी साहित्य को मात्र मनोरंजन का माध्यम नहीं माना, बल्कि इसे समाज की आलोचना और आत्म-निरीक्षण का उपकरण बनाया। उनकी जीवनशैली सादगीपूर्ण रही। वे लेखन में गुणवत्ता पर जोर देते थे, यही कारण है कि उन्होंने मात्र 25 कहानियां लिखीं और फिर लेखन बंद कर दिया। उनका मानना था कि केवल सर्वोत्तम रचनाएं ही दुनिया के सामने आनी चाहिए। उनके साक्षात्कार अक्सर विवादास्पद होते थे, जैसे नामवर सिंह के लेखन पर उनकी टिप्पणियां, जो साहित्यिक जगत में बहस छेड़ देती थीं।

ज्ञानरंजन का साहित्यिक योगदान मुख्य रूप से कहानी विधा में है, लेकिन उन्होंने संस्मरण, निबंध, संपादकीय और साक्षात्कार भी लिखे। वे साठोत्तरी कहानी आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे, जहां कहानियां यथार्थवाद से आगे बढ़कर व्यक्तिवाद और सामाजिक विडंबनाओं को छूती हैं। उनकी रचनाएं मानव मन की गहराइयों को खंगालती हैं, जहां संबंधों की जटिलता, अलगाव और अस्तित्व की व्यर्थता प्रमुख थीम हैं। उनकी कहानियां सामान्य जीवन की असामान्य घटनाओं को केंद्र में रखती हैं। उदाहरणस्वरूप, उनकी रचनाएं पिता-पुत्र संबंध, प्रेम की विफलताएं और सामाजिक बंधनों को तोड़ने की कोशिशों को दशार्ती हैं। ज्ञानरंजन ने साहित्य को एक संग्रहालय की तरह देखा, जहां हर विभाग को भरा-पूरा होना चाहिए। उनका लेखन विद्रोही है, लेकिन सूक्ष्म और संवेदनशील। उन्होंने हिंदी साहित्य को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया, क्योंकि उनकी कहानियां रूसी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में अनूदित हुईं। लंदन पेंग्विन की भारतीय साहित्य एंथोलॉजी में उनकी कहानी शामिल होना इसका प्रमाण है।



संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

# यदि कॉलेस्ट्रॉल बढ़ गया है तो पैरों में ये होगा परिवर्तन

बहुत अधिक कॉलेस्ट्रॉल ना सिर्फ सेहत के लिए कई समस्याएं बढ़ा सकता है बल्कि दिल के रोगों के बढ़ने से लेकर दिल का दौरा पड़ने, स्ट्रोक होने तक का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कॉलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करें। लेकिन क्या आप जानते हैं बिना टेस्ट करवाए बढ़े हुए कॉलेस्ट्रॉल के बारे में आप अपने पैरों से जान सकते हैं। आइए जानें, वो कौन से संकेत हैं जो पैरों में दिख जाते हैं जब हाई हो जाता है कॉलेस्ट्रॉल।



### हाई कॉलेस्ट्रॉरल के लक्षण पैरों में कैसे दिखाई देते हैं

कोलेस्ट्रॉल जब बढ़ता है तो सबसे खतरनाक बात ये है कि इसका कोई लक्षण तब तक नहीं दिखता जब तक कि यह खतरनाक स्तर तक नहीं पहुंच जाता। साथ ही डेली लाइफ को प्रभावित करना शुरू ना कर दे। इसको डायग्नोज और रोकथाम करने का एकमात्र तरीका नियमित ब्लड टेस्ट करवाना है। जब ब्लड में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ जाता है, तो यह आपके पैरों के एच्लीस टेंडन को प्रभावित करना शुरू कर देता है। इस कारण पैरों में स्टीफनेस आनी शुरू हो जाती है।

### पैरों में दर्द

जब आपके पैरों की आर्टरीज बंद हो जाती हैं, तो आपके निचले हिस्से में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन युक्त ब्लड नहीं पहुंच पाता। यह आपके पैर को भारी और थका हुआ महसूस करा सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल के स्तर वाले अधिकांश लोग निचले अंगों में जलन दर्द की शिकायत करते हैं। पैर के किसी भी हिस्से जैसे जांघों या पिंडलियों में दर्द महसूस हो सकता है। दर्द मुख्य रूप से तब महसूस होता है जब व्यक्ति थोड़ी दूरी तक भी चलता है।

### पैर में ऐंठन

सोते समय तेज पैर में ऐंठन, हाई कोलेस्ट्रॉल के स्तर का एक और सामान्य लक्षण है जो निचले अंगों की आर्टरीज को नुकसान पहुंचाता है। अकड़न या ऐंठन ज्यादातर एड़ी, पैर के आगे के हिस्सेक या पैर की उंगलियों में महसूस होती है। रात में सोते समय हालत और खराब हो जाती है। ऐसी स्थिति में पैरों को बिस्तर से नीचे की ओर लटका दें, इससे राहत मिल सकती है।

### स्किन और नाखूनों को बदल जाता है रंग

ब्लड के प्रवाह में कमी से पैरों के नाखूनों और त्वचा का रंग भी बदल सकता है। यह मुख्य रूप से इसलिए है क्योंकि ब्लड ले जाने वाले पोषक तत्वों और ऑक्सीजन के प्रवाह में कमी के कारण कोशिकाओं को उचित पोषण नहीं मिलता। ऐसी स्थिति में त्वचा सफेद और टाइट हो सकती है और पैर का नाखून मोटा हो सकता है और धीरे-धीरे बढ़ सकता है।

### ठंडे पैर

हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर आपके पैरों को ठंडा कर सकता है। इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें और अपने डॉक्टर से बात करें।

**धर्म-आस्था**

# क्या भगवान को भी कर्मों का फल भोगना पड़ता है?



कर्म से मनुष्य इस तरह बंधा है कि उसके आत्मा की यात्रा ही इसी आधार पर तय की जाती है। मनुष्य चाहकर भी ना तो कर्म से बच सकता है और ना ही कर्म का फल पाने से, लेकिन कुछ लोगों के मन में ये जिज्ञासा होती है क्या ईश्वर भी कर्मफल से बंधे हैं? क्या उन्हें भी कर्म का भुगतान करना पड़ता है?

कर्म का सिद्धांत है कि मनुष्य जो भी करता है, एक दिन उसे उसका फल जरूर भोगना पड़ता है, चाहे वो अच्छा हो या बुरा। गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति कुछ नहीं भी कर रहा होता है, तो भी वो मानसिक या किसी न किसी अन्य रूप में कर्म कर रहा होता है। इसलिए, ये तो तय है कि मनुष्य कर्मों से नहीं बच सकता और ना ही उसके परिणामों से। मनुष्य की आत्मा का विश्लेषण ही कर्मों के आधार पर होता है। लेकिन कई जिज्ञासुओं के मन में ये भी सवाल आता है कि क्या भगवान को भी कर्मों का फल भोगना होता है? क्या वो भी कर्मों के नियम से बंधे हैं? तो, चलिए शास्त्रों के नजरिये से समझते हैं इसका जवाब...

### क्या भगवान पर कर्म का नियम लागू होता है?

गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं - न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा। अर्थात मुझे कर्म बाँधते नहीं हैं क्योंकि मुझे कर्मफल की इच्छा नहीं है। कर्म का नियम उनपर लागू होता है, जो कर्मफल की इच्छा रखते हैं। ईश्वर ना तो कर्ता हैं और ना ही कर्मफल की उन्हें आवश्यकता है। वे अकर्ता हैं, इसलिए भोक्ता नहीं हैं। भगवान जीवों के कर्मों के साक्षी जरूर हैं, लेकिन वे स्वयं कर्म के बंधन में नहीं बंधते। जीव इच्छा से कर्म करता है और कर्मफल की अपेक्षा रखता है। जब तक जीव इस भौतिक संसार में है, खुद को जीवित रखने के लिए किसी न किसी रूप में कर्म करने के लिए बाध्य है और उसका फल भोगने के लिए भी। कर्म का नियम जीवों को संतुलन और न्याय देने के लिए है। इसलिए तो, गीता में यह भी कहा गया है कि कर्म करो लेकिन फल की चिंता मत करो। आप खुद को कर्म करने से नहीं रोक सकते लेकिन आप खुद को निष्काम कर्म करने के लिए जरूर तैयार कर सकते हैं, ताकि एक दिन आपको भी मोक्ष मिल जाए और इस कर्म के चक्र से मुक्ति भी।

क्या भगवान के अवतार भी कर्मों के नियम में नहीं बंधे हैं? जब भगवान राम और कृष्ण के रूप में अवतार लेते हैं, तो वे मानव रूप में कर्म करते दिखते हैं। वे मानव रूप में वो सारे दुःख और सुख उठाते हैं, जो एक जीव को कर्म के परिणाम के रूप में भुगतना पड़ता है। उनका ये अवतार असाधारण होते हुए भी मानव जाति को कर्म का महत्व सिखाने के लिए कर्मों का परिणाम भुगतता है। वे भले ही ईश्वर हैं और लीलाएं कर सकते हैं लेकिन फिर भी कर्म के नियम के अनुसार आचरण करते हैं। जैसे भगवान् श्रीराम ने राजधर्म के लिए वनवास स्वीकार किया, वहीं श्रीकृष्ण ने युद्ध में कर्मयोग सिखाया। कर्म का नियम भले ईश्वर ने बनाया है लेकिन ईश्वर स्वयं उसका बंधन नहीं हैं। ये अलग बात है कि जब ईश्वर मानव रूप में आते हैं, तो वे भी कर्म का नियम नहीं तोड़ते बल्कि उसका सम्मान करते हैं। ईश्वर कर्म के नियम से ऊपर हैं, पर कर्म के नियम के विरुद्ध नहीं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2960 चना काबली- 2800-8560, चना बड़ा- 5341-6029, बटला- 1500-3840 बटला- 1500-3840, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 1800-6161, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,44,500, रवा- 1,44,400 चांदी- टंच- 2,68,700 पाट- 2,68,600।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## अभाविप ने युवा दिवस पर महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता आयोजित की

**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शासकीय महाविद्यालय इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमे नगर के कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाविप जिला महाविद्यालय संयोजक जीत शिवहरे तथा विशेष अतिथि महाविद्यालय खेल अधिकारी राकेश सिंह रहे, शिवहरे ने खिलाड़ियों को स्वामी विवेकानंद के विचारो को आत्मसात कर निरंतर परिश्रम करने और अपने लक्ष्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहें को कहा साथ ही बताया स्वस्थ युवा राष्ट्र की रीड है जो देश का भविष्य भी है। युवा दिवस पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में कबड्डी एवं वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं रही महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल दांगी द्वारा खिलाड़ियों तथा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया इस दौरान महाविद्यालय मंत्री सुहानी प्रजापति, उपाध्यक्ष हरिओम सोंधिया, भविष्य त्रिवेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेलो एमपी युथ वालीबॉल प्रतियोगिता में शाउमा विद्यालय करनवास रहा विजेता



**ब्यावरा।** खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बालक और बालिका दोनों वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनवास के प्रांगण में आयोजित हुआ जिसके अंतर्गत बालक और बालिका दोनों ही वर्ग में करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय के बच्चे विजेता रहे इस अवसर पर अनेक टीमों ने भाग लिया जिसमें फाइनल मैच करनवास विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के बीच में आयोजित हुआ जो की बहुत ही रोमांचक मैच रहा तथा इसमें करनवास के बच्चों ने दो एक से जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों को हराया और विजेता बने साथ ही बालिकाओं वर्ग में भी करनवास हायर सेकेंडरी की बेटियों ने विजेता रहकर प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर संयोजक फिरोज लोधी विद्यालय के रविंद्र सिंह तोमर, खबीर मोहम्मद गौरी उपस्थित रहे इस विषय पर प्राचार्य महेश कुमार यादव एवं जन शिक्षक लाड सिंह चौहान और अशोक शर्मा ने सभी को बधाइयां प्रेषित की और कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन और जीत की भावना पैदा होती है जीवन में खेल का उतना ही महत्व है जितना की पढ़ाई का।

## राजगढ़ पहुंचे गुरसिमरन सिंह मंड, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



**राजगढ़-ब्यावरा।** मध्यप्रदेश के दौरे पर आए गुरसिमरन सिंह मंड ने राजगढ़ पहुंचे गुरसिमरन सिंह मंड को शासन द्वारा व्हाय श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। जिले में उनके प्रथम आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु व समर्थक ने स्वागत करने पहुंच गए। निरंजन पीठाधीश्वर श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरिजी महाराज, निरंजनी अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं अंतरराष्ट्रीय एंटी खालिस्तानी टेररिस्ट फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरसिमरन सिंह मंड के राजगढ़ जिले में आगमन पर विभिन्न स्थानों पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। तलेन में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत वे राजगढ़ स्थित मां जालपा मंदिर पहुंचे, जहां माता जालपा के दर्शन किए। इसके बाद देवनारायण मंदिर में उनका भव्य स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए गुरसिमरन सिंह मंड ने हिंदू समाज की एकजुटता, गौ-संरक्षण, लव जिहाद, धर्म-परिवर्तन तथा आतंकवाद के समूल नाश जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए और समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। राजगढ़ में रात्रि विश्राम के बाद वे अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत उज्जैन के लिए प्रस्थान किया। जहाँ बागेश्वर धाम में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## श्रीमती चौधरी का निधन

**सुसनेर।** दिगंबर जैन समाजजन एवं रिटायर्ड शिक्षक कोमलचंद जैन चौधरी की पत्नि श्रीमती मोराबाई चौधरी का मंगलवार को अचानक निधन हो गया। निधन के पश्चात दोपहर 2 बजे डॉक बंगला स्थित उनके निवास से शवयात्रा निकाली गई जो कंठाल नदी स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। उनके पूत्र सुनिल,अजित एवं विजय चौधरी ने अपनी माता को मुखाग्नि दी। बाद में दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मोराबाई अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती थीं।




### जाहिर सूचना

सूचित किया जाता है कि, MALEKA BAI के पासपोर्ट नंबर N2800166 में नाम के साथ SHABBIR HUSAIN लिखा हुआ है, जबकि सही नाम MALEKA BAI है एवं समस्त दस्तावेजों में नाम MALEKA BAI अंकित है एवं इसी नाम से जाना जाता है। MALEKA BAI ही सही नाम होने बाबत यह जाहिर सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। दिनांक 15.01.2026

**निलेश भंडारी एडवोकेट**
**81, भगतसिंह मार्ग खाचरौद जिला उज्जैन मो.नं. 9826561498**
**NILESH BHANDARI ADVOCATE (Khachrod)**


देवास में हिन्द रक्षक संगठन का महोत्सव

# मकर संक्रांति पर 7 हजार पतंगों से रंगा आसमान बच्चों को पतंग, चकरी और तिलगुड़ का वितरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में हिन्द रक्षक संगठन द्वारा मकर संक्रांति का पर्व इस वर्ष भी हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। संगठन ने अपना 21वां मकर संक्रांति पर्व नावेल्टी चौराहा पर भव्य पतंग महोत्सव के रूप में आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन पार्षद एवं नगर निगम में नेता सत्तापक्ष मनीष सेन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गायत्रीराजे पवार रहीं। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल और सभापति रवि जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच पर पहुंचे सभी अतिथियों का संगठन के सदस्यों ने भगवा गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया।

### वंदेमातरम और सुंदरकांड से शुभारंभ

पतंगोत्सव का शुभारंभ संगीतमय वंदेमातरम गीत और सुंदरकांड पाठ के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारों के साथ पतंगें उड़ाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

विधायक गायत्रीराजे पवार ने अपने संबोधन में कहा कि मकर संक्रांति हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है और पार्षद मनीष सेन पिछले 21 वर्षों से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए हुए हैं। उन्होंने आयोजन समिति और हिन्द रक्षक संगठन को इस निरंतर आयोजन के लिए बधाई दी।

### सेवा और प्रतिभा का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवा और कला के क्षेत्र में योगदान देने वालों का सम्मान भी किया गया। वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा करने वाले दिनेश चौधरी को सम्मानित किया गया। वहीं आदियोगी की आकर्षक पेंटिंग बनाने वाली सभापति रवि जैन की बेटी मोक्षा जैन को भी विशेष रूप से सम्मान मिला। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव को उनके सफल एक वर्षीय कार्यकाल के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों को अल्पाहार कराया गया और उन्हें पतंग, चकरी व तिलगुड़ वितरित किए गए। आयोजन के समापन पर करीब 7 हजार पतंगों, आलू बड़े, चकरी और तिलगुड़ का निःशुल्क वितरण किया गया। पतंग महोत्सव के दौरान पूरा क्षेत्र रंग-बिरंगी पतंगों से सजा नजर आया। आयोजन ने न केवल मकर संक्रांति की पारंपरिक खुशियों को साझा किया, बल्कि सेवा, संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया।

ब्यावरा नपा.की पेयजल व्यवस्था ने तोड़ा दम

# भाई-भतीजावाद के चलते तोड़ा अतिक्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल की घटना से सबक लेने की बजाय ब्यावरा नगर पालिका अभी भी कुंभकर्णीय नींद में सोई हुई है। नगर पालिका शहर की पेयजल व्यवस्था को सुधारने में असफल हो रही है। आक्रमण्य अधिकारी एवं कर्मचारियों के लापरवाही के कारण गांधी चौक से पुराना सुठालिया रोड, मैन बाजार में गत दस दिनों से पेयजल सप्लाई व्यवस्था बाधित हो रही है लोग पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे है।

घटिया पाइप लाइन जगह-जगह टूटी हुई है जिसके कारण नालियों का गंदा पानी पाइपों के माध्यम से घरों में पहुंच रहा है। नगर पालिका द्वारा जब भी पेयजल सप्लाई की जाती है नलों में सबसे पहले नालियों का गंदा पानी आता है बार-बार काम के चलते गंदा पानी टूटे हुए पाइपों के माध्यम से सप्लाई लाइन तक जाता है और सप्लाई के दौरान वही गंदा पानी नलों में आ रहा है। नागरिकों ने बताया कि गंदे पानी का इस तरह से लाइन में मिलना खतरनाक साबित हो सकता है इसके साथ ही मलेरिया तथा बुखार जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ सकता हैं।

### अतिक्रमण के नाम पर चलाई जेसीबी

शहर में अजनार नदी के किनारे गंगा मंदिर के समीप अस्पताल रोड पर भाई भतीजावाद के चलते शासकीय भूमि पर रखी तीन अस्थाई दुकाने जो आवागमन को किसी भी प्रकार से बाधित नहीं कर रही थी नगर पालिका ने अतिक्रमण के नाम पर जेसीबी मशीन से उक्त गरीबों की दुकानों का चकनाचूर कर दिया वही ट्रांसफार्मर के समीप खतरनाक जगह पर रखी दुकाने अधिकारियों की मेहरबानी का लुफ्त उठा रही अधिकारियों का अतिक्रमण हटाने का यह रवैया शहर में जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

## देवास में आज होगा किसान न्याय सम्मेलन

**देवास।** देवास में शुक्रवार को किसान न्याय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन जिला कांग्रेस कमेटी देवास और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्षिप्रा द्वारा ग्राम क्षिप्रा, विधानसभा हाटपीपल्या में आयोजित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की फसलों के दाम और लैंड पूलिंग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।




इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इनमें मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सह प्रभारी संजय दत्त, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, देवास जिला कांग्रेस प्रभारी सदाशिव यादव और हाटपीपल्या विधानसभा प्रभारी मनोज आर्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने सभी किसान साथियों और कांग्रेस कार्यकताओं से इस सम्मेलन में उपस्थित होकर किसानों की आवाज को मजबूत करने की अपील की है।

## बस ने स्कूटी को टक्कर मारी, मां की मौत: बेटा गंभीर घायल

### संक्रांति मनाकर इंदौर लौट रहे थे

**देवास।** देवास-इंदौर मार्ग पर रसूलपुर बायपास के पास बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मां-बेटे संक्रांति पर्व मनाकर देवास से इंदौर स्थित अपने घर लौट रहे थे। मृतक महिला की पहचान सपना दीक्षित (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है। वह अपने 23 वर्षीय बेटे आर्यन दीक्षित के साथ स्कूटी से यात्रा कर रही थीं। रसूलपुर बायपास चौराहे के समीप तेज रफ्तार बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सपना दीक्षित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल आर्यन दीक्षित को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से देवास के एमजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। एमजी अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. आसिफ शेख ने बताया कि दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका। जानकारी के अनुसार, मृतका सपना दीक्षित देवास जिले की हाटपीपल्या विधानसभा से विधायक मनोज चौधरी के करीबी अमर अवस्थी की बहन थीं। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में शोक की लहर फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मृतका का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया जाएगा।



## सारंगपुर में सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, छाया कोहरा, फसलों पर ओस की बूंदें जमीं

### अस्पतालों में बढ़े सर्दी-खांसी के मरीज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर शहर और अंचल में पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। तेज धूप के बाद अचानक बढी ठंड ने आमजन और किसानों की चिंता बढा दी है। सुबह और रात के समय तापमान में उतार-चढाव का असर अधिक महसूस हो रहा है।

मौसम विभाग के आंकडों के अनुसार, गुरुवार को का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड बढने के साथ सुबह सर्द हवाएं चलीं, जिससे लोगों को गर्म कपडों का सहारा लेना पडा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक मौसम में इसी तरह के बदलाव बने रहने की संभावना जताई है। बदलते मौसम का असर कृषि फसलों पर भी दिखाई दे रहा है। किसानों के मुताबिक, फिलहाल गेहूं की फसल को ठंड से कोई खास नुकसान नहीं हुआ है। किसान कमल सिंह ने बताया कि गेहूं की फसल अच्छी स्थिति में है और यदि मौसम सामान्य बना रहा तो बेहतर पैदावार की उम्मीद है।

मौसम में इस बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड रहा है। सिविल अस्पताल और निजी क्लीनिकों में सर्दी, खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। डॉक्टरों ने बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने किसानों और आमजन से अपील की है कि वे मौसम के उतार-चढाव को देखते हुए सतर्क रहें। ठंड से बचाव के उपाय अपनाएं और अपनी फसलों की नियमित निगरानी करते रहें। सारंगपुर क्षेत्र में गुरुवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 10 मीटर तक कम हो गई, जिसके चलते वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पडा।

मनरेगा से जी राम जी बनी योजना में अब मजदूरों की फेस अटेंडस होगी

# जी राम जी योजना के पंचायतों के बिल दूसरे जिले की ट्रेजरी में होंगे पास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना में व्यापक बदलाव करते हुए इसका नाम जी राम जी योजना कर दिया है। साथ ही पंचायतों में हो रही वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए भुगतान व्यवस्था में नई प्रणाली लागू की गई है। नई व्यवस्था के तहत अब पंचायतों द्वारा खरीदी जाने वाली सामग्री और किए गए कार्यों के बिल स्थानीय जिले की बजाय दूसरे जिले की ट्रेजरी से पास किए जाएंगे। इतना ही नहीं, हर माह ट्रेजरी बदली जाएगी। जिससे किसी एक जिले में लंबे समय तक बिल पास होने की व्यवस्था नहीं रहेगी। बताया जा रहा है की मजदूरी 60 प्रतिशत और समाग्री 40 प्रतिशत बीजी राम जी योजना के तहत खर्च होगी। यदि हितग्राही स्वयं सामग्री लगाता है तो उसका अलग बिल बनेगा, जिसमें जीएसटी लागू नहीं होगी। वहीं सामग्री आपूर्ति करने वाले वेंडर के लिए जीएसटी पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून में संशोधन के बाद यह आदेश सभी राज्यों को जारी किया गया है।

### सारंगपुर के बिल श्योपुर भेजे

नए नियमों के अनुसार इस माह सारंगपुर सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के बिल श्योपुर ट्रेजरी भेजे गए हैं। जबकि राजगढ ट्रेजरी में वर्तमान में दमोह जिले के बिलों की जांच और भुगतान किया जा रहा है। आगामी महीनों में यह व्यवस्था रेंडम तरीके से बदली जाएगी।

### ट्रेजरी स्तर पर होगी सख्त जांच

जानकारी अनुसार अब तक मनरेगा के तहत मजदूरी और सामग्री भुगतान के बिल जनपद या जिला पंचायत स्तर पर ही स्वीकृत हो जाते थे। लेकिन नई प्रणाली में कार्य पूर्ण होने के बाद पंचायत द्वारा बिल तैयार किया जाएगा। तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृति वैसी ही रहेगी। इसके बाद बिल ट्रेजरी को भेजा जाएगा। ट्रेजरी द्वारा सभी दस्तावेजों, डीडीओ के डिजिटल हस्ताक्षर, तकनीकी स्वीकृति और जीएसटी की जांच के बाद ही भुगतान किया जाएगा।

### महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा

सरपंच संघ अध्यक्ष महेश गुर्जर एवं मऊ सरपंच रईस मंसूरी ने बताया कि विकसित भारत जी राम जी योजना को आधुनिक ऐ तकनीक से जोडा गया है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी और भुगतान प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। जिससे हर लाभार्थी तक सीधा लाभ पहुंचेगा। केंद्र सरकार ने जोर दिया कि गांव तभी मजबूत होंगे, जब योजनाएं ईमानदारी और पारदर्शिता से लागू हों। मंसूरी ने कहा इस योजना से करोडों लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। स्वयं सहायता समूहों से जुडी महिलाओं को भी इस योजना से जोडा जाएगा, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

## बाबूलाल यादव अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष मनोनीत

**सुसनेर।** जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष बाबुलाल यादव को अखिल भारतीय महासभा अहीर संगठन का आगर जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अशोक यादव ने समाज को अग्रसर करने की दिशा में यह कदम उठाते हुए जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी बाबुलाल यादव को दी है। इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रो व समाजजनों के द्वारा बाबुलाल को बधाई प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की जा रही है।



## ग्राम पंचायत किलोली में फील्ड टेस्ट कीट से जल परीक्षण




**इंगोरिया।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के टेक्नीशियनों ने ग्राम पंचायत किलोली में फील्ड टेस्ट कीट द्वारा जल परीक्षण किया। इस अवसर पर नल जल स्त्रोत एवं हैंडपंपों का रख रखाव का प्रशिक्षण भी दिया। एवं नल जल स्त्रोत का जल परीक्षण किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बहादुरसिंह, सचिव रूपसिंह गोहिल, सहायक सचिव विनोद कुमारिया ,पूर्व सरपंच भेरू चौधरी , नलजल संचालक आनंद डोडिया उपस्थित रहे। जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण में विकासखंड समन्वयक सीताराम मुवेल, टेक्नीशियन योगेशभारती और राजेंद्र सिंह का सहयोग रहा।

## बालिकाओं को ठंड में कम्बल दाल चावल और गजक पापड़ी का वितरण



**महिदपुर।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी से प्रेरणा लेकर गोद ली हुई बालिकाओं को ठंड में कम्बल दाल चावल और गजक पापड़ी का वितरण किया गया। महिदपुर संस्था प्रमुख श्रीमती रोहिणी मेहता ने बताया कि संस्था समय-समय पर गोद ली बालिकाओं की मदद करती है एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करती है। संस्था ने संकल्प किया है की समय-समय पर बालिकाओं की मदद की जावेगी। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रोहिणी मेहता, आशा राठौर, नीतू जैन, लवलीन कालरा, सरिता कालरा, प्रभा शर्मा, सरिता उथरा, मंजू बाला शर्मा, सरोज पोरवाल, सपना वैष्णव, राधा मेहता, अनीता राठी, रेखा व्यास, सारिका जोशी, सरिता कालरा, कुसुम दशोरा, कविता जलान्द्रा एवं कविता माहेश्वरी उपस्थित रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रजनी गुलाटी द्वारा दी गई।

## शहर की यातायात व्यवस्था चौपट, नो इंट्री में घुस रहे ट्राले-डंपर



**गुना।** शहर के गहमा गहमी वाले इलाके में नो इंट्री के बावजूद भी ट्राले-डंपर घुस रहे हैं इसके चलते लोग जाम का सामना कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। दरअसल आए दिन हो रही घटनाओं से पुलिस प्रशासन सबक लेने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में लोग घटना दुर्घटनाओं से भयभीत हैं और थाना प्रभारी अजयप्रताप सिंह कुशवाह रील बनाने में व्यस्त हैं। रोज की तरह बुधवार भी बीच बाजार से नौ इंट्री में निकाले जा रहे ट्राले के चलते त्यौहार में लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि यातायात प्रभारी सिर्फ रील बनाने तक सीमित। ऐसे उदाहरण शहर में कई बार बनते हैं, किंतु उनके द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही। आज मकर संक्रांति के खास मौके पर भी एसबीआई बैंक के सामने नो इंट्री में निकाले जा रहे ट्राले के चलते लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा।

## इंगोरिया में विशाल हिन्दू सम्मेलन 18 जनवरी को

**इंगोरिया।** हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 जनवरी को इंगोरिया में विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। समय प्रात 11 बजे से स्थान इंगोरिया फोर लेन नागदा रोड ओवर ब्रिज के समीप आम का बगीचा। इस हिन्दू सम्मेलन में समीप के गांव बलेडी, कुला वदा, सुराखेड़ी , मनियावदा, पा त्याखेड़ी, करणपुरा के समस्त ग्रामवासियों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। आयोजक सकल हिंदू समाज ने आव्हान किया कि आपकी उपस्थिति आयोजन की गरिमा में वृद्धि करेगी। और समाज में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम पश्चात समरसता सह भोज रहेगा।

न्यूज-कॉलम

## 10 दिवसीय एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**मन्दसौर।** स्थानीय निजी स्कूल में 5 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, मंदसौर के तत्वावधान में सत्र 2025-26 के तीसरे और अंतिम 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। 14 से 23 जनवरी तक चलने वाले इस शिविर में नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, इंदौर और खंडवा जिलों के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के लगभग 450 चयनित कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया है, जहाँ अनुशासन, नेतृत्व, शारीरिक दक्षता एवं व्यक्तित्व विकास, जिसमें छात्र अपने सोचने, बोलने, व्यवहार, और खुद को प्रस्तुत करने के तरीके में सुधार करेंगे। शिविर के दौरान कैडेट्स को फौजी जीवनशैली से प्रत्यक्ष परिचय कराया जाएगा। उन्हें ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, हथियारों को खोलने-जोड़ना और चलाना,मानचित्र पठन, एआई का उपयोग, फील्ड क्राफ्ट एवं अवरोधक अभ्यास जैसी गतिविधियों के माध्यम से सैन्य विषयों की प्रारंभिक एवं व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी।

## आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वरजी का मंगल प्रवेश आज

**मन्दसौर।** आचार्य देव श्री नवरत्नसागर सूरीश्वरजी के शिष्य महा मांगलिक प्रदाता प.पू. आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वरजी महा राज का अपने



शिष्य मंडलों के साथ आज 16 जनवरी को मंदसौर में मंगल प्रवेश हो रहा है। आचार्य श्री का मंगल प्रवेश श्रेयांसनाथ मंदिर से होगा जहां से समैया के साथ आचार्य श्री आराधना भवन जैन मंदिर पहुंचेंगे। आचार्य श्री मंदसौर में आयोजित भगवान नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ का नया मंदिर का भूमि पूजन के कार्यक्रम में अपनी पावन निश्रा देंगे। भूमि पूजन के साथ में 19 जनवरी को गुरू नवरत्न द्वारा साधित आधी व्याधि उपाधि निवारक महाचमत्कारी महाप्रभावशाली महा मांगलिक का आयोजन होगा।

## ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**मन्दसौर।** दलौदा थाना क्षेत्र के बाबरेचा मगरा आम रोड़ पर ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग की जांच पर आरोपी ट्रैक्टर नं. आरजे 35 आरबी 5961 के अज्ञात चालक पर प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार यह हादसा विगत ११ जनवरी की शाम का है। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि आरोपी उक्त ट्रेक्टर के अज्ञात चालक ने ट्रैक्टर तेज व लापरवाही पूर्व चलाकर विकास की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में विकास व पीछे बैठा विकास घायल हो गया। उपचार के दौरान विकास की मौत हो गई।

## जिला पंचायत साधारण सभा 27 जनवरी को

**मन्दसौर।** जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार की अध्यक्षता में 27 जनवरी को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।

## सर्किल जेल में मनाया मकर संक्रान्ति का पर्व

**रतलाम।** वाघेला गौ सेवा जीव दया समिति प्रति वषार्नुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर गौ रोटी वाहन से जुड़े गौ भक्तों के सहयोग से सामाजिक समरसता भाव लिए सर्किल जेल में पुरुष व महिला बंदियों को आवश्यक दैनिक श्रृंगार सामग्रियों कपडों का वितरण कराया द्य बंदियों के कल्याण हेतु सुंदरकांड पाठ कराया तथा तिल गुड़ लड्डू आदि का प्रसाद वितरण समस्त बंदियों को समिति प्रमुख दिनेश वाघेला के मार्ग दर्शन देखरेख में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा आदि उपस्थित थे।

पश्चिम रेलवे
सिग्नलिंग कार्य
सीनियर डीएसटीई/एस/एमएमसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008, ई-टेंडर नोटिस संख्याः एसजी 217 2 308 डब्ल्यूए आर1, दिनांकः-13.1.2026, कार्य और स्थानः अंधेरी यार्ड, मुंबई डिवीजन, पश्चिमी रेलवे में प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ मौजूदा परिचालन बाधाओं को दूर करने के लिए नियंत्रण टावर को नए स्थान पर स्थानांतरित करने के बाद यार्ड के पुनर्निर्माण से संबंधित सिग्नलिंग कार्य। कार्य की अनुमानित लागतः 2,27,04,456.36/ ईएमडीः 2,63,500/-। जमा करने की तिथि एवं समयः 05.02.2026, 15.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 05.02.2026 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1005
facebook.com/WesternRly

# व्यापारी-हम्माल विवाद में पिसा किसान, आक्रोशित किसानों ने किया चक्काजाम, मंडी में क्रय विक्रय बंद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय कृषि उपज मंडी इन दिनों अव्यवस्थाओं और आपसी विवादों का केंद्र बनी हुई है। व्यापारियों और हमालों के बीच शुरू हुआ एक मामूली विवाद अब इतना बढ़ गया है कि इसका खामियाजा निर्दोष किसानों को भुगतना पड़ रहा है। गुरुवार को मंडी में नीलामी कार्य पूरी तरह ठप रहने से नाराज किसानों ने मंडी के बाहर सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। दूसरी और मंडी सचिव में आगामी सूचना तक मंडी में क्रय विक्रय बन्द करने की सूचना जारी कर दी।



जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले 13 जनवरी को मंडी परिसर में व्यापारियों और हमालों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई और मामला पुलिस तक पहुँच गया। इस गतिरोध के चलते व्यापारियों ने नीलामी में भाग नहीं लिया और हम्मालों ने भी काम नहीं किया। जिससे मंडी की गतिविधियाँ रुक गईं।

बताया गया है कि मकर संक्रांति जैसे बड़े त्यौहार के समय दूर-दराज से अपनी उपज लेकर आए सैकड़ों किसान पिछले तीन दिनों से मंडी में फंसे हुए हैं। किसानों का कहना है कि मंडी बंद होने के कारण किसानों को दो से चार दिनों तक यहीं डेरा डालना पड़ रहा है, जिससे उनका रहने-खाने का खर्च बढ़ रहा है। प्याज और लहसुन जैसी फसलें रखे-रखे खराब हो रही हैं।

गुरुवार दोपहर तक जब नीलामी शुरू नहीं हुई, तो किसानों के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने मंडी के मुख्य गेट के बाहर रास्ता जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि व्यापारियों और हम्मालों की व्यक्तिगत लड़ाई के कारण किसानों को परेशान करना गलत है। किसानों ने मांग की कि कम से कम जो माल मंडी के अंदर आ चुका है, उसकी नीलामी तुरंत कराई जाए।

चक्काजाम और बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। व्यापारियों और हम्मालों के बीच लंबी चर्चा के बाद सहमति बनी। प्रशासन ने किसानों को आश्वासन दिया कि दोप. सवा तीन बजे से मंडी चालू कर दी जाएगी लेकिन शाम तक मंडी चालू नहीं हो पाई।

मंडी सचिव पर्वत सिंह ने सूचना जारी कर कहा कि व्यापारी एवं ल हम्माल के मध्य विवाद से उत्पन्न स्थिति के कारण दशपुर मण्डी व्यापारी संघ मंदसौर एवं दशपुर मण्डी हम्माल संघ मंदसौर के बीच आपसी सामंजस्य नहीं होने से मण्डी प्रांगण में आई कृषि उपज का विक्रय नहीं हो पाया हैं। मण्डी समिति तथा पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास करने के बाद भी उभय पक्षों के मध्य सहमति नहीं बन पाई हैं।अतः कानून व्यवस्था एवं लोक हित को ध्यान में रखते हुये समस्त कृत्यकारियों को एत्द द्वारा सूचित किया जाता हैं कि आगामी आदेश (सूचना प्रसारित होने) तक मण्डी प्रांगण में क्रय-विक्रय का कार्य बंद रहेगा। कोई भी कृषक बंधु अपनी कृषि उपज मण्डी प्रांगण मंदसौर में विक्रय हेतु नहीं लावें।

# समाज की प्रतिभाओं को संवारना हम सभी का दायित्व- उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा

## जीनगर समाज के महासंगम में 161 रिश्तों की उम्मीद और 111 प्रतिभाओं में भरा जोश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जीनगर शिक्षा जागृति मंच एवं समाज उत्थान समिति द्वारा स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में निःशुल्क विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा थे।



श्री देवड़ा ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग्य जीवनसाथी की तलाश एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में परिचय सम्मेलन समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गए हैं। उन्होंने कहा, जब हम नेक कार्य करते हैं, तो ईश्वरीय शक्तियां भी सहायता करती हैं। समाज को कुरीतियों का त्याग कर शिक्षा और विकास की नई इबारत लिखनी होगी।

मंच के अध्यक्ष अनिल सांखला ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर के 53 शहरों से समाजजन एकत्रित हुए। 161 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। समाज के कुल 111 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिनमें ७ सेवानिवृत्त अधिकारी, 12 नवनियुक्त शासकीय कर्मचारी और शैक्षणिक क्षेत्र (10वीं, 12वीं, स्नातक, मेडिकल, इंजीनियरिंग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं शामिल थे। गणेश सोनगरा परिवार की ओर से विगत तीन वर्षों के टॉपर्स को 1100-1100 रुपये की नगद राशि और शील्ड प्रदान की गई।

मंच संयोजक गणेश सोनगरा ने कहा कि विगत वर्षों में जिन बच्चों का इस मंच से सम्मान हुआ था वह प्रतिभाएं आज विभिन्न शासकीय पदों पर नियुक्त हुई है, उन्हरअपनी मेहनत लगन से अपने मुकाम को पाया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती रेणु देवड़ा के आह्वान पर उन बच्चों के माता-पिता ने भी मंच पर आकर परिचय दिया, जो स्वयं उपस्थित नहीं हो पाए थे। महिला जागृति पर श्रीमती किरण सोनगरा ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और कु. गुंजन सांखला के नृत्य के साथ हुआ। मंच पर बाबूलाल सोनगरा, गोपाल पंवार, हुकुमचंद आसेरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का साफा, पगड़ी और प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मंच के सचिव राजकुमार पंवार आभार व्यक्त किया।

## पंजाबी समाज द्वारा लोहड़ी पर्व उत्साह के साथ मनाया

**समाजसेवी अरुण अरोरा ने समाज मांगलिक भवन के लिए भूमि दान किया**

**नीमच।** नीमच पंजाबी समाज द्वारा लोहड़ी पर्व का आयोजन रोटरी हॉल में पारंपरिक उास और सामाजिक एकजुटता के साथ किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक जिनके मार्गदर्शन और योगदान से समाज को एक नई ऊर्जा मिली। लोहडी पर्व की शुरूआत विधिवत पूजा. अर्चना के साथ अशोक अरोरा गंगानगर ने की। अग्नि प्रज्वलन के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान अरुल अरोरा ने अपने पूज्य दादाजी स्व. कश्मीरीलाल अरोरा की स्मृति में पंजाबी समाज नीमच को मांगलिक भवन हेतु भूमि दान किए जाने पर समाज ने कृतज्ञता व्यक्त की। इस अनुकरणीय सामाजिक योगदान को समाज की भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया ! कार्यक्रम के दौरान पंजाबी समाज नीमच की ओर से श्री अशोक अरोरा गंगानगर को अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष संतोष पंजाबी, सचिव दिनेश गुलाटी सहित पदाधिकारियों ने उनके इस पुण्य कार्य को समाज के लिए ऐतिहासिक बताया। मंच पर संतोष पंजाबी एवं रोचिराम छाबड़ा ने उन्हें अभिनंदन पत्र सौंपा। इससे पूर्व आयोजित सांस्कृतिक कार्यक मों में बच्चों से लेकर वरिष्ठ समाजजनों तक ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सभी प्रतिभागियों को समाज की ओर से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके पश्चात सहभोज का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हरीश छाबड़ा, नितिन हसीजा, मोहन दुआ, हरीश दुआ, दर्शनसिंह गांधी, मुकेश कालरा, सतीश पंजाबी, सुरेश गुलाटी, जयकुमार ढींगरा, रवि दुआ, अरुण ढींगराएअनिल गुलाटी सहित बड़ी सं'या में सभी समाजजन उपस्थित रहे।

# मौसम अनुकूल नही होने से अफीम सहित अन्य फसल हो रही रोगग्रस्त

## कांग्रेस नेताओ ने खेत पर जाकर किसानों से की चर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़

मौसम की अनुकूलता के अभाव में अफीम सहित अन्य फसलें रोगग्रस्त होरही है।गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता अनिल मुलासिया ने ग्रामीण क्षेत्रो में खेतों में जाकर किसानों से चर्चा की।किसान रामप्रसाद धनगर, महिपाल सिंह शक्तावत, मिथलेश बैरागी,लालसिंह भाटी आदि ने बताया कि वर्तमान में फसलों को जो वातावरण मिलना चाहिए वह नही मिलने से अफीम,लहसुन सहित अन्य फसलों का जिस गति से विकास होना चाहिए वह नही होपारहा है इससे किसानों की चिंताये बढ़ गई है।खासकर अफीम उत्पादक किसानों की चिंता लगातार ओस गिरने से अफीम के तने के नीचे पत्ते सूखने लगे है जिसे खाखरिया रोग भी कहते है वह भी कहीं न कही उत्पादन को प्रभावित करेगा।साथ ही लहसुन व चने की फसलें भी रोगग्रस्त होरही है।किसानों ने बताया कि पहले ही हमे उपज के वाजिब दाम नही मिल रहे है प्याज ओने पौने दामो में बिक रहे है हालत यह है कि खेत से प्याज निकलवाई व कटाई के पैसे भी नही निकल रहे है खेती किसानी में लागत मूल्य नही निकल रहे है यह धंधा घाटे का सौदा ही साबित होरहा है।किसान प्याज खेत पर ही फेक रहे है और कई किसान प्याज को मंडी में बेचे बिना ही युही छोड़ कर आरहे है।

कांग्रेसनेता अनिल शर्मा ने केंद्रीय वित्तमंत्री को पत्र लिखकर अफीम मियमो में संशोधन की मांग की है।शर्मा ने लिखा कि प्राकृतिक आपदा से अफीम की फसल नष्ट होने पर भी किसी प्रकार की कोई मदद या सहायता अफीम उत्पादक किसानों को नही मिलती है जबकि नुकसान सामने दिखता है।

# श्री तीन छत्री बालाजी धाम में सम्पन्न हुआ तुलसी-शालिग्राम का दिव्य विवाह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय खानपुरा स्थित श्री तीन छत्री बालाजी धाम में पांच दिवसीय भव्य च्तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सवज्ञ श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।



विवाह की रस्में पूर्णतः वैदिक परंपराओं के अनुसार निभाई गईं। भगवान शालिग्राम की बारात ग्राम बर्डिया (जिला प्रतापगढ़) से महंत प्रयागदास जी महाराज के सानिध्य में प्रस्थान कर मंदसौर के पुराने बस स्टैंड स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुँची। इसके पश्चात बड़े बालाजी मंदिर से महंत 108 श्री रामकिशोर दास जी महाराज के नेतृत्व में भव्य वरनिकासी (बारात) निकाली गई। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया गया। वरनिकासी के तीन छत्री बालाजी धाम पहुँचने पर भगवान ने तोरण मारने की रस्म अदा की। इसके बाद तिलक, चिढ़ी, मामेरा और सगाई की रस्में उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं। डॉ. कपिलेश दवे व नागेश्वर सोनी ने कन्यादान किया। किन्नर गुरु अनिता दीदी, अंकित नंदकिशोर माहेश्वरी परिवार द्वारा मामेरा की रस्म पूर्ण की गई। भक्तजनों ने भी बढ़चढ़ कर कन्यादान मे सामग्री दी। अग्नि के फेरों के पश्चात भगवान का विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ और अंत में विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। इस आयोजन में मुख्य रूप से पं. दशरथभाई जी, पं. विष्णु शर्मा, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्षगण विनोद डगवार, अरविंद सारस्वत, शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत, सोमिल नाहटा सहित बड़ी संख्या में भक्त सम्मिलित हुए।

# लायंस नेत्र चिकित्सालय सेवा, समर्पण और सद्भाव का जीवंत तीर्थ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस नेत्र चिकित्सालय सेवा, समर्पण और सद्भाव का ऐसा प्रेरणादायी केंद्र है,। जो निस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर वर्गों की सेवा कर व्यक्तिगत शांति, सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल ने लायंस क्लब की पारिवारिक सभा एवं आधिकारिक यात्रा के अवसर पर व्यक्त किए।



उन्होंने कहा कि सेवा बिना स्वार्थ के दूसरों की सहायता कर मन को विनम्र बनाती है।, समर्पण जीवन में स्थिरता व संतोष देता है और सद्भाव समाज में प्रेम, एकता व शांति का वातावरण निर्मित करता है।

लायनेड दीपिका यश जैन द्वारा राष्ट्रगान, ध्वज वंदना एवं विश्व शांति हेतु मौन रखा गया। संस्था पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन लायंस क्लब अध्यक्ष एमजेएफ यश जैन, अधिवक्ता ने स्वागत भाषण दिया । सचिव संदीप रांका ने सचिवीय प्रतिवेदन में कि विगत छह माह में क्लब द्वारा 115 से अधिक सेवा गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाना डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा संस्था में 6 नवीन सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। नेत्र चिकित्सालय हेतु नई फेको मशीन का लोकार्पण अरुणा ओसवाल द्वारा प्रदत्त मोबाइल मेडिकल वैन हेतु आवश्यक चलित चिकित्सालय उपकरण इलेक्ट्रॉनिक बीपी मशीन, वॉकी-टॉकी एवं अन्य उपकरण नेत्र चिकित्सालय प्रबंधन को अतिथियों के करकमलों से भेंट किए गए।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने अध्यक्षीय पिन यश जैन, सचिवीय संदीप रांका, कोषाध्यक्षीय राकेश पी कोचट्टा पिन पहनाकर सम्मानित किया गया, । कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश मेहता एवं डॉ. शशि मेहता द्वारा किया गया।आभार राजकुमार मारवाड़ी ने माना।



## बोल बम सेवा समिति ने गौशाला में भेंट की कुर्सियां

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय महावीर गौशाला गुड़भेली बड़ी में बोलबम सेवा समिति द्वारा आमजन के बैठने हेतु कुसीर्यां की घोषणा करी थी, इसी के मुताबिक ठीक दुसरे दिन ही बोलबम सेवा समिति प्रमुख किशोर रोचानी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज,पूर्व पार्षद मन्नालाल राठौर, मांगीलाल राठौर, गुड्डा बापू ने गौशाला में कुसीर्यां भेंट कर दी। गौशाला समिति ने बोलबम सेवा समिति को धन्यवाद ज्ञापित कर हार्दिक आभार माना।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में दरिद्र नारायण को करवाया भोज

**नीमच।** बुधवार को मकर संक्रान्ति पर्व पर नीमच मित्र मंडल ने फोर जीरो चौराहे के सामने गोविंदम वस्त्रालय, पीपल के पेड़ के नीचे समिति के अध्यक्ष विमल सरावगी के निर्देशन मे सभी सदस्यों ने दरिद्र नारायण को अपने हाथो से देशी घी से बना हुआ स्वादिष्ट भोजन करवाया। वही इस अवसर पर नीमच के लोकप्रिय विधायक दिलीपसिंह परिहार ने सहभागिता कर सेवा कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, एवं नीमच नगरपालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चौपडा का समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। संघ के प्रमुख प्रहलाद राय गर्ग दडोली वाले, सतीष खंडेलवाल, अनील जैन इसअवसर पर समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर ने भी सहभागिता कर सेवा कार्य कियाद्य उनके साथ बार एसोशिएशन के अध्यक्ष मनीष जोशी एवं विक्रम जी पंडित मौजूद थे। भोजन प्रातः 11 बजे से शुरू होकर दोपहर ४ बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर मित्र मण्डल के सदस्य सुरेंद्र सेठी, ओमप्रकाश मंत्री, राजेंद्र अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी लोगों ने दरिद्र नारायण को भोज में सहयोग किया।

## दूषित जल से हुई मौतों के विरोध में कांग्रेसी 17 जन. को बैठेंगे उपवास पर

**नीमच।** विगत दिनों इन्दौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों और पानी की गुणवत्ता को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय उपवास 17 जनवरी को प्रातः 22 बजे से 4 बजे तक टॉवर चौक स्थित बाबा साहेब अंबेडकरजी की प्रतिमा के समक्ष किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान पीड़ितों से मिलने इन्दौर पहुचेंगे। इसी विषय को लेकर राहुल गांधी का संबोधन का सीधा प्रसारण भी उपवास स्थल पर होगा। जिलाध्यक्ष महेश परमार ने शहर एवं जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युथ कांग्रेस, एन एस यू आई, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, आई टी सेल, सभी पार्षद गण, सभी प्रकोष्ठ, मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष, सहित समस्त उजार्वान कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## मनरेगा में बदलाव व दूषित जल त्रासदी के खिलाफ कांग्रेस का 17 को मौन उपवास

**मन्दसौर।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के स्वरूप में किए जा रहे बदलावों और इंदौर में हुई दूषित पानी त्रासदी के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कल 17 जनवरी को मंदसौर में उपवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन प्रातः 11 बजे स्थानीय गांधी चौराहा स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष होगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने और काम के अधिकार को कमजोर करने के प्रयासों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। वहीं इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई जनहानि और सैकड़ों लोगों के बीमार होने की घटना पर कांग्रेस आक्रोश व्यक्त करेगी। साथ ही, मंदसौर शहर में भी पानी की गिरती गुणवत्ता और प्रशासन की कथित लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक 545/री-1/2026 उज्जैन दिनांक 12/01/26
प्रकरण क्रमांक 003// अपील/2025-26

**अपील सूचना समंस आदेश नियम १ और सीपीसी ::**

1. मुकेश पिता स्व. रामसिंह माता स्व रामकली बाई 2. सुनिल पिता स्व. रामसिंह माता स्व. रामकलीबाई 3. संजय पिता स्व. रामसिंह माता स्व. रामकलीबाई 4. अजय पिता स्व. रामसिंह माता स्व. रामकलीबाई निवासी इंदिरा नगर रेलवे स्टेशन रोड मांगलिया तसहील सांवेर जिला इन्दौर -अपीलार्थी

1. चरणसिंह पिता स्व. मांगीलाल जी निवासी सेंगर चौराहा नंदा नगर 26 कारस देव नगर सेंगर स्कूल के पास इन्दौर म.प्र. 2. राजेन्द्रसिंह पिता स्व. मांगीलाल जी निवासी स्वर्ण बाग कॉलोनी इन्दौर म.प्र. 3. श्रीमती लक्ष्मी पिता स्व. घनश्यामसिंह 4. दीपक पिता स्व. घनश्यामसिंह 5. पप्पु उर्फ लोकेन्द्र पिता स्व. घनश्यामसिंह 6. ललिता पिता स्व. घनश्यामसिंह पति शरदसिंह ठाकुर निवासीगण डमरू उस्ताद चौराहा के पास परदेशीपुरा इन्दौर म.प्र. 7. मदनसिंह पिता स्व. मांगीलाल जी निवासी 57 स्लाईर 1 सेक्टर बी स्कीम नंबर 78 इन्दौर म.प्र. 8. प्रेमबाई पिता स्व. मांगीलाल जी पति छोटेलाल निवासी गंगाबाई की गुवाडी बुधवारिया फाजलपुरा उज्जैन 9. शीलाबाई पिता सुरेश पति उमेश माता शारदाबाई निवासी नंदबाग स्कीम नंबर 51 नीला आकाश स्कूल के सामने इन्दौर म.प्र. 10. म्नोहरसिंह पिता स्व. मांगीलाल जी निवासी 843 ए 1 स्कीम नंबर 114 विजय नगर इन्दौर म.प्र. 11. म.प्र शासन विरुद्ध

आप अनावेदक के विरूद्ध आवेदकों के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 1562/अ-6/2023-24 आदेश दिनांक 04.04.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 0031/अपील/2025-26 है।

उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनाक 20.01.2026 नियत की गई है। इसलिए आप अनावेदक उक्त आवेदन के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियम दिनांक 21.01.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपका पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदक की अनुपस्थिति में आवेदक की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा। किसी कारण से उक्त दिनांक का अवकाश होने की दशा में प्रकरण आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा। सूचित हो।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुविभाग उज्जैन**



## संकुल पीएम श्री में 11 सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सक्सेना के आतिथ्य में किया सम्मान

**तराना।** संकुल केंद्र, पीएम श्री शासकीय कन्या उ मा विद्यालय के विगत वर्ष सेवानिवृत 11 शिक्षकों का सम्मान समारोह एसडीएम बृजेश सक्सेना के मुख्य आतिथ्य, सीएमओ वीरेंद्र मेहता, नांदेड़ संकुल प्राचार्य श्रीधर करमरकर, कनार्दी संकुल प्राचार्य रामवीर सिंह सिकरवार कड़ोदिया संकुल प्राचार्य जगदीश कारपेंटर, कचनारिया संकुल प्राचार्य प्रेमनारायण कटारिया, हाईस्कूल तराना प्राचार्य बृजेश शर्मा व शेख नियाज मोहम्मद के विशिष्ट आतिथ्य एवं संकुल प्राचार्य अशोक कुमार गहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वश्री विनोद कुमार जोशी, श्रीकृष्ण चौहान अब्दुल रजाक खान, शोभा शर्मा, दशरथ भारती, पुरुषोत्तम चांडक, जेहरा बानो, शेख रईस, एनसीसी अधिकारी विक्रम सिंह परमार और मोहम्मद रफी खान का प्रशस्ति पत्र व शाल,श्रीफल प्रदान कर अभिनंदन कर भावभीनी बिदाई दी गई।इस अवसर पर सेवानिवृत्ति के पश्चात भी विभाग को दी गई अमूल्य सेवाओं के लिए विनोद कुमार जोशी का एवं रचनाधर्मिता के लिए शिक्षक एवं कवि डॉ.विक्रम विवेक का विशिष्ट अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में संकुल के कार्य तत्परता से संपन्न करने के लिए संकुल प्राचार्य अशोक गहलोत का अध्यापक संघ के शेख हनीफ, महेश गोस्वामी, पुरुषोत्तम शर्मा, ओमप्रकाश खरेटिया, प्रहलादसिंह मंडोर, दिनेश गोयल एवं साथियों द्वारा अभिनंदन किया गया ।

## समाजजनों की उपस्थिति में लोहड़ी पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया



**महिदपुर।** स्वर्गीय पंडित मदनलाल शर्मा के निवास पर लोहड़ी पर्व समाजजनों की उपस्थिति में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। लोहरी के अवसर पर अग्नि प्रज्वलित कर विधिवत पूजन किया गया। पूजन के दौरान तिल-गुड़, रेवड़ी, मक्का व ज्वार की धानी अग्नि में अर्पित की गई। पर्व के विशेष अवसर पर नवविवाहिता, यश एवं ट्विंकल मल्होत्रा तथा प्रेम जी मल्होत्रा परिवार द्वारा लोहरी पूजन कर परिक्रमा की गई। पूजन उपरांत प्रेम मल्होत्रा परिवार द्वारा स्व-रुचि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित समाजजनों ने सहभागिता की। वहीं, युवा पुजारी नरेंद्र के भांजे विक्रांत पंड्या के रुक्का (सगाई) के उपलक्ष्य में विशेष पूजन कर जलेबी-पोहे का स्वल्पाहार भी कराया गया।

## उपखण्ड स्तरीय राहत समिति की बैठक आयोजित की



**महिदपुर।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महिदपुर में उपखण्ड स्तरीय राहत समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महिदपुर समिति अध्यक्ष अजय हिंगे एवं अन्य सदस्यगण जेंडेन लिंगजेरप्पा, तहसीलदार संतुष्टि पाल समिति के अशासकीय सदस्य अरुण बुरड़, बाबुलाल थावलिया, कैलाश वर्मा सहित सदस्यगण, विभागीय मण्डल संयोजक बी.एल. परमार उपस्थित थे। बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा शासन के नियमानुसार विधायक दिनेश जैन बोस की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति एवं जन जातियों वर्ग के व्यक्तियों को राहत राशि स्वीकृत की गई है। विगत माह में महिदपुर क्षेत्र के 5 व्यक्तियों को राशि रुपए 4 लाख 20 हजार स्वीकृत कर संबंधित के खातों में आर टी जी एस की गई। उक्त जानकारी बी.एल. परमार मण्डल संयोजक ने दी।

## आबकारी विभाग राजगढ़ की कार्रवाई भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त



**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में विशेष अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी रीतेश लाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी शैलेंद्र वर्मा एवं दिलीप कुमार भादे के नेतृत्व में जिले मे अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध मदिरा बरामद कर कार्यवाही की गई। ब्यावरा वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत द्वारा वृत्त ब्यावरा क्षेत्र के ग्राम मानकी, नापानेरा कंजर अड्डा, नेताहाड़ी, सुठालिया, तोड़ी, गंगाहोने, भावास, तलावली, पहाड़गढ रोड, मऊ पठार एवं अन्य संदिग्ध स्थलो पर दबिश देकर 4 ड्रम 5 टंकी और अवैध मदिरा निर्माण के लोहे के 2 ड्रम भी जब्त किए।

### मकर संक्रान्ति पर पतंगबाजी के रंग में डूबा रहा अंचल

# युवक युवतियों ने छत पर डीजे लगा कर की जमकर पतंगबाजी, गूंजा काटा है





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़**

बुधवार को मकर संक्रांति की सर्द सुबह का सूरज देशभर में मिठास घोलने का पैगाम लेकर आया। सूर्यदेवता के उत्तरायण होने के साथ ही ठंड को बे असर करती हुई सूर्य की किरणें प्रखर हुई।सूर्य के उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति पर्व लोगों में नई ऊर्जा का संचार लेकर आता है। मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी के शौकीनों ने छत पर डीजे लगा कर फिल्मी गाने और भजन का आनंद लेते हुए पुरे दिन आसमान में पतंग उड़ाकर संक्रांति मनाई। मंगलवार को दिनभर आसमान में पतंगों के पेंच लड़ते रहे। नगर की हर छत से कट्टा हे की आवाज सुनाई दे रही थी। पूरा आसमान रंग बिरंगी पतंगो से भरा रहा।युवक युवतियों के साथ बच्चों ने भी लिए पतंगबाजी के आनंद।

**सुसनेर**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर परंपरा, उल्लास और लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पर्व के अवसर पर नगरभर में दिनभर पतंगबाजी का जुनून युवाओं के सिर चढ़कर बोला। सुबह से ही नगर की छतों पर रंग-बिरंगी पतंगें उड़ती नजर आईं और गली-मोहल्लों में ये काटाझवो काटा की गूंज सुनाई देती रही। आसमान मानो पतंगों के रंगों से सजा हुआ दिखाई दिया। संक्रांति पर युवाओं के साथ-साथ बच्चों, महिलाओं और युवतियों में भी खासा उत्साह देखा गया। कई स्थानों पर युवक-युवतियां सामूहिक रूप से पतंग उड़ाते नजर आए। डीजे की धुनों पर देशभक्ति व फिल्मी गीतों के बीच पतंगबाजी का दौर चलता रहा। पतंग कटते ही खुशियों का इजहार तालियों और शोरगुल के रूप में देखने को मिला, वहीं अपनी पतंग कटने पर मायूसी भी साफ झलकती रही। कटी पतंगों को लूटने वालों में भी जबरदस्त उत्साह देखा गया। नगर में तिल-गुड़ की मिठाइयों की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। श्री राम मंदिर धर्मशाला में सामूहिक पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विकास कुमावत, शुभम विश्वकर्मा, नैतिक टेलर, नरेंद्र सिंह, एलकार सिंह, अनिल सिलोरिया आदि उपस्थित रहे। इस बीच मकर संक्रांति के अवसर पर कांग्रेस विधायक भैरो सिंह परिहार बापू ने अपनी सादगी और जन-नजदीकी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। मेला ग्राउंड पर पारंपरिक गुल्ली-डंडा खेलते युवाओं को देखकर विधायक स्वयं को रोक नहीं सके और मैदान में उतरकर युवाओं के साथ पूरे जोश और उत्साह से खेल में शामिल हो गए। विधायक बापू का यह देसी और आत्मीय अंदाज युवाओं के लिए प्रेरणादायी रहा। खेल के दौरान विधायक ने युवाओं से आत्मीय संवाद किया और उन्हें खेलों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहने का संदेश दिया। विधायक को आम युवाओं की तरह खेलते देख मौजूद लोग आश्चर्यचकित भी हुए और गर्व का अनुभव भी किया। नगरवासियों ने कहा कि ऐसे क्षण जनप्रतिनिधि और जनता के बीच की दूरी को समाप्त करते हैं। विधायक के इस व्यवहार की नगरभर में सराहना की गई। मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को दान-पुण्य की संक्रांति मनाई गई, वहीं गुरुवार को भी दान-पुण्य का पर्व मनाया जाएगा। नगर में सुबह से ही गोमाता की सेवा का सिलसिला शुरू हो गया था। त्रिमूर्ति चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, हाथी दरवाजा, स्टेट बैंक चौराहा, इतवारिया बाजार और मैना रोड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर गोमाता को चारा खिलाया गया।

### तिल गुड़ का दान कर बाटी मिठास

शास्त्रों के अनुसार मकर संक्रांति पर तिल खाना, तिल से स्नान करना और तिल का दान करने से व्यक्ति को काफी पुण्य मिलता है। गरीब व्यक्ति को कपड़ा दान करने से मानसिक शांति मिलती है। तिल दान से ग्रहों का प्रकोप भी मिटता है। ठंड के दिनों में तिल-गुड़ खाना स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी लाभदायक है। इसी को लेकर मकर संक्रांति पर्व पर घर-घर में महिलाओं द्वारा परंपरागत तिल और गुड़ के लड्डू बनाए गए। महिलाओं द्वारा तिल के लड्डू व गजक से परिवार के लोगों व रिश्तेदारों का मुंह मीठा कर संक्रांति पर्व मनाया गया। साथ ही लोगो द्वारा तिल व कपड़े का दान कर पुण्य लाभ कमाया।

### विद्यार्थियों को प्रकृति दर्शन कराया

# शुजालपुर वन परिक्षेत्र ने अनुभूति शिविर का आयोजन किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**




वनमण्डल अधिकारी शाजापुर के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र शुजालपुर की बीट शुजालपुर के जटाशंकर नर्सरी वनक्षेत्र में मध्यप्रदेश शासन वन विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सौजन्य से ईको अनुभूति कैंप सहजागरुकता शिविर लगाया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया जिन्हे अनुभूति कीट प्रदान की गई। इन स्कूली बच्चों को वनक्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जटाशंकर मंदिर के पास स्थित नदी किनारे पक्षी दर्शन कराते हुए विस्तार से पेड़ पौधों और वन्य पशु पक्षियों की जानकारी दी गई। सेवानिवृत्त वन रक्षक हरिश सक्सेना ने वन विभाग एवं वन्यप्राणीयो से संबंधित रोचक जानकारियां प्रदान की। डिप्टी रेंजर के एल भिलाला ने जटाशंकर नर्सरी से वृक्षारोपण स्थल के मध्य पड़ने वाले पेड़ पौधों और औषधीय पौधों के बारे में बताया। जिसमें पलास, करंज, अपामार्ग, जलजमनि इत्यादि वृक्षों के महत्व सामाजिक दृष्टि से धार्मिक दृष्टि से व्यावसायिक दृष्टि से उनका हमारे जीवन में महत्व बताया। शुजालपुर निवासी वन्यप्राणी रेस्क्यू एक्सपर्ट सर्पमित्र हसीब पठान ने सांपों के बारे में बहुत ही विस्तार से लाभप्रद जानकारियां दी, सांप एवं गोयरे के बारे में फैली भ्रांतियों एवं अंधविश्वासों को स्पष्ट किया, जिससे बच्चे काफी प्रफु ल्लित हुए। वन परिक्षेत्र अधिकारी शुजालपुर रतन सिंह सिंगोड़ ने अनुभूति शिविर की थीम हम है बदलाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि पेड़ हमारे मित्र हैं हमें प्राण वायु देते हैं इनका संरक्षण करना आप हम सबका नैतिक दायित्व है। स्कूली बच्चों को वन्य जीवों के पग मार्क के बारे में भी बताया गया। साथ ही चीता, कृष्णमृग के कैप्चरिंग रेस्क्यू ऑपरेशन बोमा के बारे में जानकारी दी गई, जिससे बच्चे बहुत रोमांचित हुए।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

वन भ्रमण उपरांत स्कूली बच्चों के बीच एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 20 मिनट के समय 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का जवाब टिक करना था, उक्त परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थानों पर आनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया गया। अनुभव शिविर सहजागरुकता शिविर कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को ट्राफ ी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त वनरक्षक हरीश सक्सेना एवं आभार परिक्षेत्र स्टॉफ राजेश जावरिया, प्रदीप विश्वकर्मा, देवेंद्र मगोरिया ने माना। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाए, वनकर्मी योगेश जावरिया, अजय देशमुख, करण सिंह, अंतर सिंह, दीपक, रुस्तम आदि उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान अभियान 4 चरणों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक किया जायेगा संचालित

**गुना।** संकल्प से समाधान अभियान के 4 चरणों में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चलाया जायेगा। जिसमें शहरी क्षेत्र हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर अखिलेश जैन एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे को बनाया गया है। अभियान के 4 चरणों में विभिन्न विभागों की 106 सेवाएं को सम्मलित किया गया है। जिसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग की 14 सेवाएँ भी शामिल हैं। प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक चलेगा प्रथम चरण में वार्ड स्तरीय दल विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्रत्येक वार्ड से एकत्रित करेंगे, एवं दल के नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को पोर्टल पर ऑनलाइन करायेंगे। पोर्टल के द्वारा आवेदनों को संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाएगा। द्वितीय चरण का अभियान दिनांक 16 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक चलाया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण के आवेदन के निराकरण के लिये कलस्टर स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। तृतीय चरण का अभियान 16 मार्च से 26 मार्च 2026 तक चलाया जायेगा। इस चरण में विकासखंड स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। चतुर्थ चरण का अभियान 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक चलाया जायेगा। इस चरण में जिला स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे एवं इसकी अध्यक्षता प्रभारी मंत्री द्वारा की जाएगी। निराकरण के साथ जिला स्तरीय समारोहों में सम्मान पूर्वक हितलाभ वितरण भी किया जाएगा। अभियान की संपूर्ण कार्यवाही पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

## जहरीले पदार्थ के सेवन से तबीयत बिगड़ी

**सुसनेर।** बुधवार को समीप ग्राम सारसी में अज्ञात कारणों के चलते 35 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सुसनेर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी डॉक्टर बी.बी. पाटीदार द्वारा गुमान पिता भेरू सिंह, जाति सोंधिया, निवासी ग्राम सारसी का प्राथमिक उपचार किया गया। युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे आगे के उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना संबंधित विभाग को दी गई है।

## डा. बीके बंगाली का आकस्मिक निधन

**सारंगपुर।** उदनखेडी में मंगलवार को प्रभातफेरी के लिए सुबह 6 बजे घर से निकले डा. बीके बंगाली (40वर्ष) का अचानक पेर फिसला और वह जमीन पर गिर गए जिससें वह घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डा. बंगाली प्रतिदिन गांव में प्रातः प्रभात फेरी मे जाते थे। काफी मिलनसार, धार्मिक प्रवृत्ति के सरल व्यक्ति थे और लोगों को बेहतर उपचार भी देते थे। इसके लिए उनके निधन से उदनखेडी एवं आस पास क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। मंगलवार दोपहर 12 बजे उनके शवयात्रा उनके स्वनिवास से स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची जहां उनके एक मात्र पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। शवयात्रा में बड़ी संख्या में व्यापारियो, वरिष्ठजन एवं आमजन ने शामिल होकर उन्हें श्रंद्धाजलि दी। दिवंगत बंगाली अपने पिछे एक पुत्र एक पुत्री छोड गये।

### हिसाब कर लौट रहे थे घर, रास्ते में घेरकर की घटना

# जमीनी विवाद में ठेकेदार पर हाईवे स्थित होटल के पास चली गोली

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना**

जिले में जमीनी रंजिश के चलते खूनी खेल सामने आया है। मंगलवार रात धमनार गांव के समीप नेशनल हाईवे पर स्थित के-2 होटल के पीछे एक ठेकेदार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में ठेकेदार के हाथ में गोली लगी है, जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, धमनार निवासी दीवान सिंह जाटव पेशे से ठेकेदार हैं। मंगलवार रात करीब 9 बजे वह अपनी साइट पर मजदूरों का भुगतान और हिसाब-किताब पूरा करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान होटल के पास घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। चश्मदीदों और परिजनों के अनुसार, हमलावरों ने पहले दीवान सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की और फिर उन पर पिस्टल से फायर कर दिया। गोली उनके हाथ को चीरते हुए निकल गई, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

### 5 बीघा जमीन बनी रंजिश की वजह

विवाद की मुख्य जड़ नेशनल हाईवे के पास स्थित करीब 5 बीघा पट्टे की जमीन बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि इस बेशकीमती जमीन पर गांव के ही कुछ रसूखदार लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। दीवान सिंह लगातार अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने का प्रयास कर रहे थे, जिससे आरोपी पक्ष उनसे रंजिश रख रहा था।

### पुलिस और प्रशासन पर उठ रहे सवाल

घायल ठेकेदार की पत्नी ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जमीन विवाद को लेकर पूर्व में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी लापरवाही का नतीजा है कि आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया।इस मामले में फिलहाल पुलिस ने अज्ञात और चिन्हित हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है अस्पताल में पीड़ित का उपचार जारी है, मामले में पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।



## सिविल हॉस्पिटल में रोगी कल्याण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

महिदपुर। शासकीय चिकित्सालय में रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा रोगी कल्याण समिति अध्यक्ष विधायक दिनेश जैन बोस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था।अधिकारियों की उपस्थितिः बैठक में एसडीएम अजय हिंगे, जनपद सीईओ मीना झा, बीएमओ डॉ. शोभना भामोर और डॉ. महेश रामपुरे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा शिवनारायण सूर्यवंशी उपस्थित रहे। अस्पताल के विकास और सुविधाओं से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को समिति के समक्ष रखा गया और उन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विधायक दिनेश जैन बोस ने अस्पताल में आने वाले रोगियों को उचित और समय पर इलाज सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था में आ रही समस्याओं पर भी गहन चर्चा की। बैठक के माध्यम से महिदपुर सिविल हॉस्पिटल में आने वाले समय में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की उम्मीद है। अंत में आभार डॉ महेश रामपुरे ने माना।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स: विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा आयोजित



**सुसनेर।** मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निदेशानुसार आगर-मालवा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शक्ति राऊत के निर्देशन में खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन सुसनेर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड खेल युवा समन्वयक सोनू पाटीदार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुसनेर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद युगल किशोर परमार, भाजपा युवा मीडिया प्रभारी दीपक जैन, भाजपा युवा मंत्री लखन सेन तथा पूर्व प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र डेहरिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम बताया। खेलेंगे हम, जीतेगा एमपी की भावना के साथ आयोजित इस चयन स्पर्धा में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, शूटिंग, रस्साकशी, कुश्ती और शतरंज सहित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## पंजाबी समाज में हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी पर्व संपन्न



**तराना।** पंजाबी समाज द्वारा लोहड़ी पर्व का आयोजन स्थानीय पंजाबी समाज धर्मशाला में अत्यंत उत्साह, उमंग एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने अपने-अपने घरों सहित शहर की विभिन्न कॉलोनियों में लोहड़ी जलाकर पर्व की परंपरा का निर्वहन किया।सायंकाल सभी समाजजन पंजाबी समाज भवन में एकत्रित हुए, जहाँ ढोल-नगाड़ों की गूंज और लोकगीतों के मधुर स्वरों से वातावरण पूर्णतः उत्सवमय हो गया। लोहड़ी की पावन अग्नि के चारों ओर परिक्रमा करते हुए तिल, मूंगफली एवं फुल्ली अर्पित की गई तथा परंपरा के अनुसार सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं आपसी भाईचारे की कामना की गई।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा गाए गए लोकगीतों ने आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ा, वहीं बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। डीजे की धुन पर युवाओं ने भांगड़ा एवं गिद्दा नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दी तथा सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस आयोजन में पंजाबी समाज संगठन के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ समाजजन, मातृशक्ति एवं युवा साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके सहयोग से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं यादगार बना।

## मकर संक्रांति पर पोहे जलेबी का वितरण किया

**तराना।** मकर संक्रांति के पर्व पर बाजारों में पतंग की रौनक आई है नगर की दुकानों पर रंग बिरंगी पतंगे और डोर की सजी हुई है नागरिकों द्वारा छत पर पतंग बाजी की गई हुई नगर के विभिन्न स्थानों पर प्रसाद वितरण किया गया। नदी मार्ग स्थित खनखने भैरव भक्त मण्डल द्वारा संक्रांति महापर्व पर जलेबी पोहा वितरण का भव्य आयोजन किया गया। वहीं गुरुवार को भी संक्रांति बनाई गई।

फैंस का इंतजार खत्म हुआ और फिल्म के रिलीज से एक हफ्ते पहले बॉर्डर 2 का ट्रेलर जारी हो गया है।

# 'जंग हथियारों से नहीं जुर्रत से जीती जाती है', 'बॉर्डर 2' का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज




साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर इस वॉर ड्रामा का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब रिलीज से एक हफ्ते पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है।

### निर्देशक अनुराग सिंह ने शेयर किया इमोशनल नोट

'बॉर्डर 2' के निर्देशक अनुराग सिंह ने फिल्म की रिलीज से पहले सोशल मीडिया हैंडल पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए अनुराग ने भारत देश के प्रति सैनिकों की सेवा और साहस की कहानी बताई है।

### अनुराग सिंह का पोस्ट

अनुराग सिंह ने इंस्टाग्राम पर 'बॉर्डर 2' से एक खास तस्वीर शेयर की हैं। इस तस्वीर में दो सैनिक तिरंगे को निहारते नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ अनुराग ने कैप्शन में सैनिकों के साहस और देश के प्रति उनकी सेवा को लेकर लिखा, 'हर वर्दी के पीछे देश की सेवा, साहस और स्वार्थ से कहीं ऊपर देश के फैसलों की कहानी छिपी होती है।' आगे अनुराग ने लिखा, 'यह दिन उस महत्व को याद करने और सम्मान देने का दिन है।'

### 'बॉर्डर 2' रिलीज

'बॉर्डर 2' 1997 की फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की कहानी पर आधारित एक एपिक वॉर फिल्म है। इस फिल्म के सह-लेखक और निर्देशक अनुराग सिंह हैं। फिल्म 'बॉर्डर 2', 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, और अहान शेट्टी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म भारतीय सेना के शौर्य और देशभक्ति को दशार्ती है।

### अनुराग सिंह की फिल्में

अनुराग सिंह को देशभक्ति और भावनात्मक कहानियों को परदे पर उतारने के लिए जाना जाता है। 'बॉर्डर 2' के निर्देशक अनुराग सिंह ने 'केसरी' और 'जुग जुग जियो' जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। इसके अलावा अनुराग ने पंजाबी सिनेमा में 'पंजाब 1984' और 'जट्ट एंड जूलियट' सीरीज जैसी हिट फिल्में दी हैं।

# रजनीकांत की 'जेलर 2' में होगा विजय सेतुपति का कैमियो



अभिनेता विजय सेतुपति की गिनती उन दिग्गज कलाकारों में होती है, जिनकी फिल्मों का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। विजय सेतुपति को एक्टिंग का लीजेंड माना जाता है। पिछले कई दिनों से ऐसी चचाएं चल रही हैं कि विजय 'थलाइवा' रजनीकांत की आगामी फिल्म 'जेलर 2' में भी नजर आएंगे। अब विजय सेतुपति ने खुद इन चचाओं पर प्रतिक्रिया दी है। जानिए एक्टर ने इस पर क्या कहा...

### विजय ने कंफर्म किया कैमियो

द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत के दौरान विजय सेतुपति ने 'जेलर 2' में अपने कैमियो की चचाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए ये कंफर्म किया कि वो फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने कहा कि मैंने 'जेलर 2' में कैमियो इसलिए किया है, क्योंकि मैं रजनीकांत सर का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उनके साथ काम करके मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन जैसे सुपरस्टार ने इस इंडस्ट्री में इतने दशकों तक अपनी जगह बनाई है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

अपने करियर के विकल्पों पर विचार करते हुए सेतुपति ने कहा कि अब मैं सिर्फ स्क्रिप्ट के लिए खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं, जो मुझे उत्साहित करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे खलनायक की भूमिका तभी स्वीकार करेंगे जब स्क्रिप्ट में कुछ अलग और दिलचस्प हो। एक्टर ने कहा कि अभी तक मुझे मिलने वाले अधिकाश विलेन के रोल हीरो को महिमामंडित करने के लिए बनाए गए सामान्य विलेन के जैसे होते हैं। ये मुझे बिल्कुल भी पसंद नहीं है। इसीलिए अब मैंने इस तरह के विलेन के रोल करने से साफ इनकार कर दिया है।

नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित 'जेलर 2' 2023 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म 'जेलर' का सीक्वल है। फिल्म में रजनीकांत के अलावा विद्या बालन, मिथुन चक्रवर्ती, एस. जे. सूर्या, राम्या कृष्णन और योगी बाबू सहित कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## 'द बोन टेम्पल' रिव्यू

# डर, सत्ता और आस्था के बीच फंसी इंसानियत की कहानी




साल 2002 में रिलीज हुई किलियन मर्फी स्टारर '28 डेज लेटर' से शुरू हुई यह फिल्म श्रृंखला अब केवल जॉम्बी या वायरस की कहानी नहीं रही। '28 इयर्स लेटरः द बोन टेम्पल' यह दिखाती है कि समय के साथ डर, सत्ता और आस्था मिलकर इंसान को किस हद तक बदल सकते हैं। यह फिल्म डराने से ज्यादा बेचैन करती है। शुरूआत से ही माहौल भारी रहता है और फिल्म साफ कर देती है कि यहां राहत की उम्मीद न रखें तो बेहतर होगा।

### कहानी

कहानी वहीं से आगे बढती है जहां पिछली फिल्म खत्म हुई थी। स्पाइक (आल्फी विलियम्स) अब उस छोटे द्वीप से दूर है जहां वह पला बढा था, लेकिन हालात उसे एक खतरनाक पंथ में धकेल देते हैं। इस पंथ का नेता है सर लॉर्ड जिमी क्रिस्टल (जैक ओकोनेल), जो खुद को शैतान का बेटा मानता है और अपने अनुयायियों से बेरहमी की हद तक हत्याएं करवाता है। उसके लिए जो उनका नहीं है, उसे खत्म कर देना ही सही है।

दूसरी ओर डॉक्टर इयान केल्सन (राल्फ फाइन्स) हैं, जो इस उजड़ी हुई दुनिया में मरे लोगों को याद रखने और उन्हें सम्मान देने की कोशिश करते हैं। इसी दौरान वह एक बेहद ताकतवर और खतरनाक संक्रमित इंसान अल्फा पर भरोसा करने का जोखिम उठाते हैं, इस उम्मीद में कि वायरस के असर को किसी तरह कम किया जा सके।

इसी दुनिया में जिम (किलियन मर्फी) की मौजूदगी कहानी को उसकी शुरूआत से जोड़ती है और यह याद दिलाती है कि यह तबाही कहां से शुरू हुई थी। बोन टेम्पल- यहां सिर्फ एक जगह नहीं, बल्कि इंसानी पागलपन, अंधविश्वास और हिंसा का प्रतीक बन जाता है।

### अभिनय

फिल्म का अभिनय इसका सबसे मजबूत पक्ष है। राल्फ फाइन्स, डॉक्टर केल्सन के रूप में गहराई और इंसानियत लेकर आते हैं। उनका शांत और सधा हुआ अभिनय कई दृश्यों में फिल्म की आत्मा बन जाता है। जिमी क्रिस्टल के किरदार में जैक ओकोनेल डरावने और असहज करते हैं। उनका अभिनय दिखाता है कि सत्ता और आस्था मिलकर इंसान को कितना खतरनाक बना सकती है। आल्फी विलियम्स का स्पाइक इस बार थोड़ा पीछे रहता है, लेकिन उसकी मौजूदगी कहानी को भावनात्मक आधार देती है। किलियन मर्फी की मौजूदगी पुराने दर्शकों के लिए खास है और फिल्म को भावनात्मक गहराई देती है।

निर्देशन निया डाकोस्टा का है और उनका तरीका पहले की फिल्मों से अलग है। यहां शोर कम है और खामोशी ज्यादा। कैमरा धीरे-धीरे माहौल बनाता है और डर को पनपने का समय देता है। हिंसा मौजूद है, लेकिन उसे बेवजह नहीं दिखाया गया। फिल्म साबित करती है कि स्टाइल और मतलब दोनों साथ चल सकते हैं।

### देखें या नहीं

अगर आप सिर्फ तेज रफ्तार जॉम्बी एक्शन देखना चाहते हैं तो यह फिल्म आपको भारी लग सकती है। लेकिन अगर आपको स्लो और साइलेंट हॉरर फिल्में पसंद हैं तो इसे जरूर देखें। यह आसान फिल्म नहीं है, लेकिन यह इस श्रृंखला की सबसे गहरी और असरदार कड़ी बनकर सामने आती है।

# Sport

## इंग्लैंड के रशीद-रेहान को अब तक भारत का वीजा नहीं?



**लंदन।** लंदन से आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार ने अभी तक इंग्लैंड के स्पिनरों आदिल रशीद और रेहान अहमद के वीजा जारी नहीं किए हैं, जिससे इंग्लैंड की टी20 वर्ल्ड कप तैयारियों पर असर पड़ा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों खिलाड़ी बाकी स्क्वॉड के साथ इस सप्ताहांत श्रीलंका के दौरे पर नहीं जा पाएंगे।

### पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी रशीद-रेहान

रिपोर्ट के मुताबिक, देरी का असर इसलिए भी अहम है क्योंकि दोनों खिलाड़ियों की पृष्ठभूमि पाकिस्तानी मूल की है। फिलहाल आदिल रशीद दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग में खेल रहे हैं, जबकि रेहान अहमद बिग बैश लीग के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं। योजना यह है कि वीजा क्लीयरेंस मिलते ही दोनों वहीं से सीधे रवाना हो सकें।

**ईसीबी की प्रतिक्रिया और आश्वासनः** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को आश्वासन दिया गया है कि वीजा आवेदन पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जारी होने के समय पर स्पष्टता नहीं है।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की तैयारियों में जुट गए हैं। इससे पहले उन्हें ट्रेनिंग में नया पार्टनर मिला जिसकी जानकारी उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर दी।

# जसप्रीत बुमराह को ट्रेनिंग के लिए मिला नया पार्टनर, तैयारी में जुटे



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप की तैयारियों में जुट गए हैं। बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन वह 21 जनवरी से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से मैदान पर वापसी करेंगे। बुमराह ने टी20 सीरीज से पहले नेट्स पर अभ्यास शुरू कर दिया है। बुमराह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह अपने बेटे अंगद के साथ अभ्यास कर रहे हैं।

**न्यूजीलैंड सीरीज से तैयारियों को परखेंगे बुमराहः** बुमराह को व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से आराम दिया गया था। लेकिन वह टी20 टीम का हिस्सा हैं। अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए भारत के लिए न्यूजीलैंड सीरीज काफी अहम है। बुमराह भारत के अहम खिलाड़ी हैं और कीवी टीम के खिलाफ सीरीज से विश्व कप की तैयारियों को परखेंगे।

**बुमराह बोले- नए साथी ने किया प्रेरितः** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बुमराह फुल मोड में गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं। इसके दौरान उनके साथ बेटे अंगद भी मौजूद हैं। बुमराह ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'ट्रेनिंग में नए साथी ने मुझे प्रेरित किया।' वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह जब बुमराह गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं तो अंगद उनके आसपास घूम रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को काफी शेयर किया जा रहा है और यूजर्स इसे काफी पसंद कर रहे हैं।

**सीरीज से पहले चोट की समस्या से जूझ रहा भारतः** न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले भारतीय टीम खिलाड़ियों की चोट की समस्या से जूझ रही है। तिलक वर्मा पहले ही चोट के कारण शुरूआती तीन मैचों से बाहर हो चुके हैं और अब ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी वनडे के बाद टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। तिलक और वाशिंगटन दोनों टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं और यह देखना होगा कि दोनों खिलाड़ी इस वैश्विक टूनामेंट से पहले फिट हो पाते हैं या नहीं।

# झुका बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड, नजमुल इस्लाम को पद से हटाया



**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अपने खिलाड़ियों की मांग के आगे झुक गया और उसने नजमुल इस्लाम को बोर्ड के वित्तीय समिति के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। नजमुल को लेकर बांग्लादेश के खिलाड़ियों में काफी रोष था और क्रिकेट वेलफेयर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (उहअइ) ने नजमुल के इस्तीफे तक देश में क्रिकेट का बहिष्कार करने की मांग कर दी थी। विवाद बढ़ता देख बीसीबी ने नजमुल को हटा दिया है।

### क्यों हुआ इतना विवाद?

नजमुल पर आरोप हैं कि उन्होंने ने खिलाड़ियों के योगदान और पारिश्रमिक को लेकर अपमानजनक बयान दिए।

नजमुल ने अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 को लेकर बांग्लादेश की यात्रा पर सवाल उठाए।

नजमुल ने पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को भारत का एजेंट कहा था जिस पर विवाद शुरू हुआ था।

उन्होंने देश के संभावित वापस हटने की स्थिति में खिलाड़ियों के पारिश्रमिक संबंधित चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, 'खिलाड़ियों को मुआवजा नहीं दिया जाएगा क्योंकि उन्होंने अब तक अपने समर्थन को सही नहीं ठहराया है।' इस बयान ने खिलाड़ियों और क्रिकेट समुदाय को भड़का दिया।

### खिलाड़ियों ने किया था बीपीएल मैच का बहिष्कार

विवाद का असर तुरंत दिखाई दिया। नोआखली एक्सप्रेस ५२ चटगांव रॉयल्स के मैच में टॉस तक नहीं हो सका क्योंकि कोई भी टीम मैदान पर नहीं पहुंची। खिलाड़ियों ने साफ कहा कि जब तक नजमुल इस्तीफा नहीं देते, वे सभी तरह के क्रिकेट का बहिष्कार करेंगे। खिलाड़ियों का आक्रामक रवैया देखकर बीसीबी ने नजमुल को पद से हटाना ही उचित समझा।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### तेजाजी नगर में कार डिवाइडर से टकराई, राजस्थान के 11 लोग घायल



**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे एक सड़क हादसा हो गया। यहां राजस्थान के लोगों से भरी एक बोलेरो कंट्रोल खोकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे 11 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार को बचाने में यह हादसा हुआ। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक यह घटना ब्रिज के पास हुई। देर रात राजस्थान से आ रही बोलेरो तेज रफ्तार में थी और अचानक नियंत्रण खोकर डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में तेजसिंह पुत्र थारवा निवासी ग्राम मुन्ना डोगर, बांसवाड़ा, धर्मेंद्र पुत्र वालसिंह, सबूर पुत्र जितरा, मनसुख पुत्र हार्डिया, मानसिंह पुत्र जितरा, लालू पुत्र गजिया, पिंटू पुत्र मांगीलाल, कालू सिंह डोगर और सादिया घायल हो गए। सभी का एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### शराब पीने जा रहे युवक को पिता ने रोका तो चौथे माले से छलांग लगा दी

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने अपने घर के चौथे माले से छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि युवक शराब पीने जा रहा था, जिसे उसके पिता ने रोक दिया। इसके बाद वह घर की छत पर पहुंचा और वहां से कूद गया। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना गोल्डन पाम टाउनशिप की है। यहां बुधवार रात वैभव (28) पिता राकेश गायकवाड़ ने अपने घर के चौथे माले से कूदकर जान दे दी। घायल अवस्था में पिता और अन्य परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पिता ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि शाम को वैभव ने शराब पी थी। इसके बाद रात में वह दोबारा शराब पीने की जिद कर रहा था। इसी कारण उसे नीचे के गेट पर ताला लगाकर रोक दिया गया। इससे नाराज होकर वैभव ऊपर चला गया और उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। वैभव अमेरिका की एक निजी कंपनी के लिए सॉफ्टवेयर का काम करता था और घर से ही वर्क फ्रॉम होम कर रहा था। परिवार में उसका एक बड़ा भाई भी है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल की मचुर्री में रखवाया है।

### आधार व वोटर आईडी किसी व्यक्ति की जन्मतिथि का निर्णायक प्रमाण नहीं माने जा सकते

**इंदौर।** हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड और वोटर आईडी किसी व्यक्ति की जन्मतिथि का अंतिम और निर्णायक प्रमाण नहीं माने जा सकते। ये दस्तावेज स्व-घोषणा के आधार पर बनाए जाते हैं और केवल पहचान के उद्देश्य से होते हैं। यह टिप्पणी जस्टिस जय कुमार पिल्लई की एकलपीठ ने की है। अतिरिक्त कलेक्टर (धार) के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गई थी। अतिरिक्त कलेक्टर ने आंगनवाड़ी सहायिका हिलीबाई की सेवानिवृत्ति को गलत मानते हुए उन्हें पुनः बहाल कर दिया था। चूंकि पद एक ही स्वीकृत था, इसलिए वर्तमान पदस्थ सहायिका को सेवा से हटा दिया गया था। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की नीति के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी कर जून 2018 में उनकी नियुक्ति की गई थी। इससे पहले वही पद हिलीबाई के पास था, जिन्हें सेवा अभिलेख में दर्ज जन्मतिथि के आधार पर 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 5 मार्च 2017 को सेवानिवृत्त कर दिया गया था। इस आदेश को उस समय कभी चुनौती नहीं दी गई। करीब दो साल बाद हिलीबाई ने अपील दायर कर दावा किया कि उनकी जन्मतिथि 5 मार्च 1955 नहीं, बल्कि 1 जनवरी 1964 है, जिसका आधार उन्होंने आधार कार्ड और वोटर आईडी को बताया।

### लोकेशन बदलें: वायु प्रदूषण गलत जांच रहा निगम, 4 स्टेशनों पर रोक

**इंदौर।** शहर में साफ हवा की मॉनिटरिंग की भी पोल खुलने लगी है। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीपीसीबी) ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत नगर निगम के चार वायु प्रदूषण मापन केंद्रों की लोकेशन पर सवाल उठाए हैं। इनके डाटा को ऑनलाइन पोर्टल से हटाते हुए उपयोग पर भी रोक लगा दी है। रिपोर्ट में लिखा है कि इन केंद्रों से भ्रामक और नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करने वाला डाटा जनरेट हो रहा है। वायु प्रदूषण मापन केंद्रों की जगह तुरंत बदली जाए। पोर्टल पर पिछले आठ दिनों 8 में से 7 केंद्र बंद दिख रहे हैं। इनमें से चार नगर निगम के हैं। शहर में 2019-20 से इन केंद्रों पर मापन चल रहा है। केंद्र के सामने हमारी वायु गुणवत्ता अच्छे मानक पर खरी उतरी और शहर को सबसे प्रदूषित शहर की श्रेणी से राहत भी दी गई। सीएस की समीक्षा के लिए तैयार नोट में भी इंदौर की आबोहवा बेहतर है। हालांकि इस संबंध में क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड और निगम अफसर सीधे तौर पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं, लेकिन पत्र जारी होने के बाद 7 जनवरी से सभी चार केंद्रों का डाटा ऑनलाइन नहीं दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के मुताबिक बीते सप्ताह एक्यूआई 120 से 220 तक दर्ज किया जा रहा है।

### कोचिंग के लिए निकले दो छात्र लापता दोनों देर रात तक घर नही पहुंचे

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर क्षेत्र में कोचिंग जाने के लिए घर से निकले दो छात्र लापता हो गए। देर रात तक दोनों के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने एक-दूसरे से संपर्क किया। इसके बाद कोचिंग संस्थान से जानकारी ली गई, जहां पता चला कि बुधवार को दोनों छात्र कोचिंग भी नहीं पहुंचे थे। इस पर रात में थाने पहुंचकर परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई। हीरानगर पुलिस के अनुसार, आयुष (15) और उसके दोस्त मोहित (12) के अपहरण के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। परिजनों ने बताया कि आयुष और मोहित बुधवार शाम करीब 5 बजे ईश्वर नगर स्थित कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन दोनों न तो कोचिंग पहुंचे और न ही रात तक घर लौटे। जब मोहित के परिजनों से संपर्क किया गया तो उन्होंने भी उसके घर नहीं पहुंचने की पुष्टि की। इसके बाद परिजनों की शंका के आधार पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज किया। आयुष और मोहित दोनों स्कूल के दोस्त हैं और 10वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। पुलिस ने आसपास के जिलों में भी दोनों बच्चों की सूचना साझा कर तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुशील पटेल के अनुसार, दोनों की अंतिम मोबाइल लोकेशन इंदौर शहर की ही सामने आई है, जबकि फिलहाल उनके मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहे हैं। बच्चों की तलाश के लिए एक टीम गठित कर दी गई है।

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

वाराणसी के विश्वप्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को तोड़ा जा रहा जानकारी लगने पर खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटीज ट्रस्ट के प्रेसीडेंट

# प्रिंस यशवंतराव होलकर मणिकर्णिका घाट पहुंचे

## मूर्तियों की पूजा की, प्रणाम कर प्रशासन से बोले- इन्हें हमें सौंप दें, हम दोबारा स्थापित करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

वाराणसी के विश्वप्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को तोड़ा जा रहा है। यहां रखी मूर्तियों में भी टूट-फूट हुई है। यह जानकारी लगने के बाद खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटीज ट्रस्ट के प्रेसीडेंट यशवंतराव होलकर तृतीय आज घाट पर पहुंचे। उन्होंने प्रतिमाओं की पूजा कर सफेद कपड़े से ढंक दिया ताकि उन्हें नुकसान न पहुंचे।

उन्होंने वाराणसी के निगमायुक्त, संभागायुक्त और अन्य अफसरों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति बताई। यशवंतराव होलकर ने कहा कि क्षतिग्रस्त मूर्तियां हमें सौंप दी जाए, ताकि हम उन्हें यहां फिर से स्थापित कर सकें, जिससे लोगों की श्रद्धा बनी रहे। वाराणसी के कलेक्टर सत्येंद्र ने कहा कि घाट की मूर्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। उन्हें सुरक्षित रखा गया है। कुछ लोग एआई से घाट के गलत वीडियो बनाकर जारी कर रहे हैं। ऐसे लोगों को ट्रेस किया जा रहा है।

### ताई से वाराणसी कलेक्टर ने कहा- अंत्येष्टी के लिए आ रहे ज्यादा शव, इसलिए घाट चौड़ा कर रहे

वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर निर्माण कार्यों के दौरान प्रतिमाओं को क्षति पहुंचने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इंदौर में बढ़ते विरोध के बीच पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने वाराणसी कलेक्टर से चर्चा कर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। वाराणसी में मणिकर्णिका घाट तोड़े जाने को लेकर इंदौर में हो रहे विरोध के बीच पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने वाराणसी कलेक्टर से फोन पर चर्चा की। कलेक्टर ने ताई को लिखित में घाट को लेकर स्पष्टीकरण भी दिया है। उन्होंने कहा कि घाट पर पहले की तुलना में अंत्येष्टि के लिए ज्यादा शव आने



लगे हैं। इस कारण अब घाट पर व्यवस्थाएं जुटाना पड़ रही हैं। इसी वजह से घाट चौड़े किए जा रहे हैं। उधर होलकर राज परिवार के यशवंतराव होलकर वाराणसी पहुंचे और उन्होंने देवी अहिल्या व अन्य प्रतिमाएं सुरक्षित रखवा कर दोष निवारण अभिषेक किया।

वाराणसी में घाट तोड़े जाने की घटना के बाद पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने वाराणसी कलेक्टर सत्येंद्र कुमार से बातचीत की। कलेक्टर ने उनसे कहा कि प्रतिमाएं सुरक्षित कर ली गई हैं। उन्हें फिर घाट पर स्थापित किया जाएगा। घाट पर अंत्येष्टि के लिए ज्यादा शव आने लगे हैं। इस कारण घाट पर प्लेटफार्म, लकड़ी स्टोरेज, पूजा स्टोर, मुंडन स्थल बनाया जा रहा है। घाट पर मढ़ी को भी बनाया जाएगा। कलेक्टर ने यह भी स्वीकार किया कि मशीनों से तोड़े जाने के कारण जो प्रतिमाएं प्रभावित हुई हैं, उन्हें सुरक्षित रखा गया है।



मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार के लिए हर साल लाखों लोग आते हैं। जगह की कमी रहती है और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाई आती है। उन समस्याओं को देखते हुए परियोजनाओं को विकसित किया गया है। प्रशासन ने इस मामले में स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मूर्तियों को उसी स्थान पर लगाया जाएगा। मणिकर्णिका का घाट पर कलाकृतियां को संरक्षित कराया गया है। जो इसे लेकर भ्रम फैला रहे हैं उन्हें चिह्नित किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर उन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### यशवंतराव बोले- घाट की हालत खराब, हमने मांगी प्रतिमाएं

- इधर, यशवंतराव होलकर ने वाराणसी से वीडियो जारी कर घटनाक्रम के बारे में बताया और कहा कि स्थानीय प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है। वीडियो में उन्होंने आगे कहा कि 'मणिकर्णिका घाट पर मां अहिल्या देवी द्वारा विकसित घाट की तोड़फोड़ के बाद आज मैं यहां काशी आया हूं।
- आज उसकी हालत क्या हो गई है, मेरे पीछे देख सकते हैं। स्थानीय प्रशासन संभागायुक्त और निगमायुक्त से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी दी है। मैंने उनसे मांग की है कि इस घटना की जांच की जाए। जो जिम्मेदार लोग हैं, उन पर कार्रवाई की जाए।
- ये सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मां साब की चार प्राचीन प्रतिमा जो मां साब ने खुद स्थापित की थी, अब दो बची है। तोड़फोड़ के बाद सरकार ने उन प्रतिमाओं को सुरक्षित कर लिया है।
- हमने प्रशासन से मांग की है कि इन प्रतिमाओं को खासगी ट्रस्ट को सौंप दिया जाए। ताकि हम सही ढंग से उन्हें मंदिर में रख सकें।

# 23 मौतों के बाद भागीरथपुरा में हर तरफ काम

## नर्मदा की डाली जा रही पाइप लाइन, रास्ते उबड़-खाबड़, आज हाईकोर्ट में सुनवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित जल ने 23 लोगों की जिंदगी छिन ली। कई लोग आज भी इस दूषित पानी के कारण अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि 3 लोग अभी भी वेंटिलेटर पर हैं। सैकड़ों लोग अस्पताल में अपना इलाज करा चुके हैं। अब भागीरथपुरा में नर्मदा और ड्रेनेज का काम तेजी से किया जा रहा है। हालांकि इस काम के चलते रास्ते उबड़-खाबड़ जरूर हो गए हैं, लेकिन लोगों को उम्मीद है कि इस काम से उनके यहां हुई त्रासदी से मुक्ति मिल जाएगी। इधर, गुरुवार को इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होना है।

### चौकी के सामने भी शुरू हुआ काम, अंदर भी ऐसे ही हालत



- भागीरथपुरा टंकी के पास बने गार्डन और भागीरथपुरा चौकी के सामने वाली रोड पर नर्मदा की लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। नर्मदा के पाइप डालने के लिए यहां पर जेसीबी से सड़क खोदी जा रही थी। साथ ही यहां पर लाइन डालने के लिए पाइप रखे हुए थे। यहां काम करने वालों का कहना था कि नर्मदा की लाइन डालने का काम किया जा रहा है।
- यहीं से थोड़ा आगे बढ़ने पर भागीरथपुरा के अंदर जाने पर भी ड्रेनेज और नर्मदा लाइन का काम किया जा रहा था। यहां एक चाय की दुकान के सामने से जा रही रोड पर जेसीबी से जो खुदाई कर लाइन डाली गई, उसे भरने का काम चल रहा था। जिसके कारण यहां से लोगों की आवाजाही लगभग ना के बराबर ही थी। रास्ता बंद होने के कारण लोग गलियों से आना-जाना करते नजर आए।
- इससे आगे बढ़ने पर अंदर जहां आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना है। उसके सामने भी लाइन डालने का काम किया गया। उससे थोड़ा आगे बढ़ने के बाद स्थिति ऐसी थी कि रोड़ पर कीचड़ फैला हुआ था। जगह-जगह रोड उबड़-खाबड़ हो रही थी। जिससे दो पहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

## लसूड़िया में टाउनशिप निर्माण के दौरान गिरा ट्रांसफार्मर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी टाउनशिप का निर्माण कर रही है और इसके लिए लापरवाही से खुदाई की जा रही है, जिससे न्यू रेसकोर्स बिल्डिंग को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बिल्डिंग की ड्रेनेज व पानी की लाइनें टूट गईं, तो सड़क और ट्रांसफार्मर धंस गए। इस कारण पानी की सप्लाई, ड्रेनेज और बिजली की समस्या खड़ी हो गई है।

घटना के बाद आक्रोशित रहवासी थाने पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लसूड़िया पुलिस ने बुधवार को पंकज दुबे निवासी न्यू रेसकोर्स बिल्डिंग महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर ठेकेदार जगदीश दांगी और शाहिद चौहान के खिलाफ तोड़फोड़ करने और 113 परिवारों की जान खतरे में डालने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

रहवासियों ने बताया कि उनकी टाउनशिप के पास सिंगापुर मरीना नाम से कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है, जिसे सार्थक विनायक रियल बिल्ट द्वारा कराया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में खुदाई का कार्य जगदीश दांगी और कांक्रीट का काम शाहिद चौहान को सौंपा गया था।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com